संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 30 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बलिया में चुनाव प्रचार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 148 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता सामने आई: बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की 1962 में चीनी आक्रमण के लिए 'कथित' शब्द का इस्तेमाल करने वाली टिप्पणी ने मंगलवार देर रात राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार निशाना साध रही है। भगवा पार्टी ने दावा किया कि अय्यर द्वारा 1962 में भारत पर हुए चीनी हमले को ह्यकथितह्व आक्रमण बताया जाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। यह दुश्मन देशों को यहां की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का संकेत है क्योंकि विपक्ष इस लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हार का सामना करने जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि अय्यर राहुल गांधी की सहमति के बिना इस तरह का बयान नहीं दे सकते। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चुप्पी को लेकर उन पर भी निशाना साधा। गौरतलब है, अय्यर ने मंगलवार को एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में टिप्पणी की थी। कार्यक्रम के दौरान अय्यर ने 1962 में भारत और चीन के बीच हुए युद्ध पर कहा था कि अक्तूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया। हालांकि बयान में कथित लगाने पर विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद उन्होंने माफी भी मांग ली थी। अय्यर ने कहा था कि फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब में 'चीनी आक्रमण' से पहले गलती से 'कथित' शब्द का इस्तेमाल करने के लिए वह माफी मांगते हैं। इसके बाद भी यह विवाद थम नहीं रहा है। कांग्रेस ने अय्यर के बयान से पल्ला झाड़ लिया था।

**विपक्षी पार्टी को चीन से दूरी बना लेनी चाहिए :** इस पर भाटिया ने कहा कि कांग्रेस अक्सर अपने नेताओं की इस तरह की विवादास्पद टिप्पणियों से खुद को दूर कर लेती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी को चीन जैसे देशों से दूरी बना लेनी चाहिए। कांग्रेस ने चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर उस समय हस्ताक्षर किए थे जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सत्ता में था। भाटिया ने आगे कहा कि विपक्षी पार्टी ने अभी तक इसके विवरण का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत को धोखा दे सकते हैं लेकिन चीन के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास द्वारा दिए गए दान को रिश्वत बताया।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

## दिल्ली में 52.3 डिग्री पहुंचा तापमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गर्मी ने लोगों को झुलसाकर रख दिया है। बुधवार को पारा 52 डिग्री को भी पार कर गया है। यह तापमान दोपहर ढाई बजे रिकॉर्ड किया गया। यह पहली बार है जब पारा 50 डिग्री पार पहुंचा है। दिल्ली में मंगलवार को भी पारा 50 के करीब पहुंचा था। दिल्ली में पिछले कई दिनों से लू और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है। दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण ऐसा लग रहा है, जैसे भट्टी के पास तप रहे हैं। मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा तापमान 52.3 डिग्री और नरेला में 47.9 डिग्री पारा पहुंचा है। नजफगढ़ में 48.6 डिग्री, जाफरपुर में 48 डिग्री, पूसा में 48.3 डिग्री, आयानगर में 45.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**मंगलवार को इतना रहा तापमान:** मुंगेशपुर और नरेला में तापमान मंगलवार को 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचा।

**लोगों को घरों में रहने की सलाह:** मौसम विभाग और डॉक्टरों ने जरूरी काम न हो तो घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। लोग घरों में ही रहें तो लू की चपेट में आने से बच सकते हैं।

# खत्म हो जाएगी टीएमसी: मोदी

● बंगाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने भरी हुंकार, राज्य सरकार पर लगाए आरोप

**तंज कसा**

▶▶ बंगाल की संस्कृति की रक्षा न करने और राज्य की पहचान खत्म करने का आरोप लगाया है




**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** सातवें चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुंकार भरी। उन्होंने मथुरापुर में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने रैली में राज्य सरकार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और इंडी गठबंधन की जमकर आलोचना की। टीएमसी पर उन्होंने केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक नहीं पहुंचाने, बंगाल की संस्कृति की रक्षा न करने और राज्य की पहचान खत्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि चार जून को देश में एक बड़ा मोड़ आएगा, जिसमें वे और उनकी सरकार अगले पांच साल स्वर्णिम भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने वाले हैं।

**चार जून को आएगा बड़ा मोड़:** पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के नतीजे के दिन (चार जून) को देश का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट बताया। उन्होंने कहा, "आने वाले पांच साल स्वर्णिम भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। ये एक बहुत बड़ा टर्निंग प्वाइंट है। और इसकी शुरूआत चार जून को होने जा रही है। विकसित भारत के लिए विकसित बंगाल का निर्माण जरूरी है। ये तभी होगा जब आप ऐसे सांसद चुने, जो इस विजन को लेकर चलें। इसलिए मुझे बंगाल से ज्यादा से ज्यादा आप कमल जीताकर भेजेंगे, इसका आशीर्वाद चाहिए।" पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज आपके साथ ही कोलकाता के भी लोगों का आभार व्यक्त करूंगा। शाम कोलकाता के लोगों ने रोड शो में, उसके पहले भी और बाद भी जो प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद दिए, वो मैं कभी भूल नहीं सकता। आपका ये स्नेह साफ-साफ संदेश दे रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "2024 का ये लोकसभा चुनाव कई मायनों में अलग है, अद्भुत है।

### राज्य सरकार और विपक्ष पर साधा निशाना

इस रैली में पीएम मोदी ने राज्य सरकार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर बंगाल को विपरित दिशा में ले जाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, "टीएमसी और इंडी जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं। भाजपा से बंगाल के लोगों का प्यार टीएमसी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसलिए टीएमसी बुरी तरह से बौखलाई हुई है।" प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी ने टीएमसी सरकार पर केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया है।

### 'नवीन की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या?

**टीम एक्शन इंडिया**

**मयूरभंज:** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में चुनाव प्रचार किया। मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की जमकर आलोचना की। उन्होंने बीजद पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया। इस रैली के जरिए उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत को लेकर भी सवाल किया। इस रैली में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत पर जमकर कटाक्ष किया।

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे बिताएंगे पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्याकुमारी:** पांच साल पहले 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ गुफा में ध्यान करने गए थे। अब 2024 के चुनावी मौसम के आखिरी चरण यानी सातवें चरण के बीच पीएम मोदी रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। यह रॉक मेमोरियल स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि स्वरूप बनाया गया स्मारक है। गुरुवार यानी 30 जून को पीएम मोदी यहां 45 घंटे तक ध्यान में लीन रहेंगे। इसको देखते हुए भारी सुरक्षा सहित सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं।

**2 हजार पुलिसकर्मी और सुरक्षा एजेंसी होगी तैनात:** इस दौरान 2,000 पुलिसकर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक मजबूत दल कड़ी निगरानी रखेगा। दरअसल, भाजपा नेताओं ने बताया कि 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद पीएम मोदी यहां आएंगे।

पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। तिरुनेलवेली रेंज के डीआईजी प्रवेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम के साथ कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल, बोट जेटी, हेलीपैड और राज्य अतिथि गृह में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**सुरक्षा प्रबंध**

▶▶ 2,000 पुलिसकर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक मजबूत दल कड़ी निगरानी रखेगा

## पीएम मोदी के ध्यान को टीवी पर नहीं होने देंगे टेलीकास्ट: ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरुईपुर:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कन्याकुमारी दौरे को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी का कन्याकुमारी में ध्यान को टेलीविजन पर टेलीकास्ट किया जाता है तो उनकी पार्टी इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ध्यान कर सकते हैं, लेकिन इसको टेलीविजन इसे नहीं दिखा सकते। सीएम ने आरोप लगाया



कि पीएम मोदी के ध्यान को टीवी पर दिखाना आचार संहिता का उल्लंघन होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या ध्यान करने के लिए किसी को कैमरे की जरूरत होती है? सीएम ममता ने दावा किया कि यह प्रचार समाप्त होने और मतदान की तारीख के बीच मौन अवधि के दौरान प्रचार करने का एक तरीका है। इसी बीच, भाजपा नेताओं के हवाले से जानकारी सामने आ रही है कि पीएम मोदी 30 मई से एक जून तक कन्याकुमारी का दौरा करेंगे।

**चेतावनी**

▶▶ ध्यान को टेलीविजन पर टेलीकास्ट किया जाता है तो उनकी पार्टी इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी

## मोदी ने की तुष्टीकरण की संस्कृति खत्म: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति या धर्म की परवाह किए बिना समान सार्वजनिक सेवा वितरण सुनिश्चित किया। इसके अलावा पिछली सरकार की तुष्टीकरण की संस्कृति को समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र ने यह सुनिश्चित किया कि सभी पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की बात आती है तो किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ जयंत चौधरी ने नई दिल्ली के किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## मणिशंकर के बयान को भाजपा ने बताया देश विरोधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए उसे देश विरोधी मानसिकता वाला बताया। भाजपा ने कहा कि मणिशंकर के बयान पर कांग्रेस भी चुप्पी साधे हुए है।



बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा देने के बाद अब कांग्रेस के चाटुकार 1962 के चीनी आक्रमण को भी "कथित" बता रहे हैं। इन्हें शर्म करनी चाहिए। क्या डोकलाम के दौरान हक्का नूडल्स खाने वाले राहुल गांधी कुछ बोलेंगे या चीन के साथ गुप्त करार का पालन करते हुए मुंह में दही जमी रहेगी। यह कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी मानसिकता को साफ दर्शार्ता है।

## मुस्लिमों को आरक्षण देती रही कांग्रेस: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बना दी है। इस बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया में नंबर वन और यूपी देश में नंबर वन बनेगा। उक्त बातें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने शहर से सटे माल्देपुर मोड़ के पास हैबतपुर गांव में बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में बुधवार को आयोजित चुनावी जनसभा में कही। अमित शाह ने तय समय से आधे घंटे पूर्व मंच पर आते ही बिना किसी औपचारिकता



के माइक संभाल ली। संबोधन के बाद सपा छोड़ने वाले पूर्व मंत्री नारद राय व पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अमित शाह ने इससे पहले कहा कि आज बलिया वालों को एक बात कहने आया हूं। गुजराती हिसाब-किताब में पक्के होते हैं। एक बार में कई काम करते हैं। एक ही बार में यदि तीन काम हों तो वह करना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट की इमारत को 'ध्वस्त' न करें'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर केंद्र सरकार और शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को सुप्रीम कोर्ट की इमारत को 'ध्वस्त' नहीं किए जाने का निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट भवन भारत की आजादी के बाद निर्मित महत्वपूर्ण स्मारक भवनों में से एक है।



**याचिकाकर्ता की मांग:** याचिकाकर्ता के-के रमेश ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट भवन को ध्वस्त करने के बजाय किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग करने की आवश्यकता है। रमेश ने जनहित याचिका में कहा है कि वर्तमान में शीर्ष अदालत में 17 कोर्ट रूम और दो रजिस्ट्रार कोर्ट रूम हैं और केंद्र पूरी इमारत को ध्वस्त करने जा रहा है।

**केंद्र को घेरा**

भाजपा रुकवाने की कितनी भी कोशिश करें, महिलाओं को देंगे 1500 रुपए पेंशन: प्रियंका गांधी

## केंद्र ने हिमाचल को नहीं दी आपदा में मदद: प्रियंका गांधी

**श्याम कुल्वी/खेमचंद शास्त्री**

**कुल्लू/मंडी:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मंडी में पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में जनसभाएं की और ताबड़तोड़ प्रचार किया। उन्होंने रोड शो भी निकलाए जिसमें लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना घर बताते हैं, लेकिन जब राज्य में आपदा आई तो वह एक बार भी हिमाचल प्रदेश नहीं आए और केंद्र की ओर से आपदा प्रभावितों के लिए एक पैसा तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वहीं मदद प्रदान करती है, जहां भाजपा की सरकारें होती हैं और



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार होने के कारण केंद्र सरकार ने एक रूपए की मदद भी नहीं भेजी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि पूरी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आपदा में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े रहे और प्रभावितों की मदद की। उन्होंने कहा कि सेवा ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है और हिमाचल प्रदेश की जनता जानती है कि संकट के समय उनके साथ कौन खड़ा रहा। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने एक साजिश के तहत विधायकों को ख?ीद कर राज्य के ईमानदार लोगों की चुनी हुई ईमानदार सरकार को गिराने का प्रयास किया हैए लेकिन लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में भाजपा विश्व की सबसे अमीर पार्टी बन गई क्योंकि छापे मारकर चंदा वसूल किया गया। जिस कंपनी के वैक्सीन के कारण मौतें हो रही हैं, भाजपा ने उसी कंपनी से 52 करोड़ का चंदा लिया। गुजरात में जिस कंपनी का पुल गिराए भाजपा ने उसी से चंदा लिया और जिन-जिन पर छापे मारे, उनसे चंदा लेकर छापे बंद कर दी। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह कभी भी पार्टी के सेवा के लिए पीछे नहीं हटे, जबकि भाजपा की उम्मीदवार अपने ही पार्टी के कार्यकताओं के बारे में क्या कह रही हैं। उन्होंने सभी से विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कहा कि सांसद बनकर वह पूरी निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएँगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे छोटे-छोटे कारोबार फ ले-फू ले। लेकिन मोदी सरकार की नीतियाँ छोटे और मध्यम उद्योगों को कुचलने की हैं। पहले नोट बंदी की और कोविड के बाद पर्यटन उद्योग को राहत देने की बजाय मोदी सरकार ने जीएसटी थोप दिया।

**साधा निशाना**

▶▶ प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मंडी जिला में विक्रमादित्य के लिए मांगे वोट, रोड शो भी किया

## बिहार: सरकारी विद्यालयों में बच्चो और शिक्षक समेत 95 की तबीयत बिगड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेगूसराय:** बिहार के बेगूसराय, मुंगेर, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, गोपालगंज और बांका सरकारी स्कूलों में भीषण गर्मी के कारण छात्र, छात्राएं, शिक्षक, प्रधानाध्यापिका और रसोइया समेत 95 लोग बेहोश हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सबसे अधिक बेगूसराय में 41 और जमुई में बच्चे और शिक्षक बीमार पड़ें हैं। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी में भी बच्चों को छुट्टी नहीं दी गई है। शिकायत करने पर कहा जाता है कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक



ने स्कूल को बंद करने का आदेश नहीं दिया है। अभिभावकों का कहना है कि 42 से 45 डिग्री तापमान के कारण बच्चे स्कूल में ही बीमार पड़ रहे हैं।

**अस्पताल में चल रहा है बच्चों का इलाज:** बेगूसराय में बढ़ते गर्मी के बीच अलग-अलग स्कूलों में पढ़ रहे 41 से अधिक बच्चे बेहोश हो गए। बेहोशी के हालात में छात्र और छात्राओं को उसे जगह से उठाकर इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

शेखपुरा के एक स्कूल में लू के कारण कई छात्र बेहोश हो गए। सभी छात्रों के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# वीसी के पद से हटाने के मामले में जामिया विवि को नोटिस




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने प्रोफेसर इकबाल हुसैन को जामिया यूनिवर्सिटी के कार्यकारी कुलपति के पद से हटाने के सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जामिया यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस विभू बाखरु की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को करने का आदेश दिया। 22 मई को हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने प्रोफेसर इकबाल हुसैन को जामिया यूनिवर्सिटी के कार्यकारी कुलपति के पद पर नियुक्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया था। जस्टिस तुषार राव गडेला की सिंगल बेंच ने जामिया यूनिवर्सिटी के कुलपति के पद पर एक हफ्ते में नियुक्ति करने का आदेश दिया था। सिंगल बेंच ने कहा था कि प्रोफेसर इकबाल हुसैन की प्रो वाइस चांसलर के पद पर नियुक्ति अवैध थी, इसलिए उनकी कार्यकारी कुलपति के पद पर भी नियुक्ति गैरकानूनी है। सिंगल बेंच ने कहा था कि प्रोफेसर इकबाल को 14 सितंबर 2023 को प्रो वीसी के पद पर नियुक्ति का आदेश अवैध था। प्रोफेसर इकबाल की जब प्रो वीसी के पद पर नियुक्ति अवैध थी तो 12 नवंबर 2023 को जामिया यूनिवर्सिटी के कार्यकारी कुलपति के पद पर नियुक्ति भी अवैध है। याचिका मोहम्मद शमी अहमद अंसारी और अन्य लोगों ने दायर की थी। 14 सितंबर 2023 को जामिया यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलपति नजमा अख्तर ने प्रोफेसर हुसैन को प्रो वीसी नियुक्त किया था। नजमा अख्तर के सेवानिवृत्ति के बाद 12 नवंबर 2023 को रजिस्ट्रार ने नोटिफिकेशन जारी कर इकबाल हुसैन को जामिया यूनिवर्सिटी का कार्यकारी कुलपति नियुक्त किया था। याचिका में कहा गया था कि प्रोफेसर हुसैन को प्रो वीसी और फिर बाद में कार्यकारी कुलपति नियुक्त करने का फैसला जामिया मिलिया एक्ट और यूजीसी के प्रावधानों का उल्लंघन कर किया गया था। हाई कोर्ट ने कहा कि तत्कालीन कुलपति नजमा अख्तर को प्रो वीसी के पद पर नियुक्ति के पहले उम्मीदवार का नाम कार्यकारी परिषद के समक्ष स्वीकृति के लिए रखना था।

अगर उस नाम पर कोई असहमति होती तो उसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाता लेकिन प्रोफेसर हुसैन की नियुक्ति के मामले में ऐसा कुछ नहीं किया गया।

# पंजाब के विधायक जसवंत सिंह को चुनाव प्रचार के लिए नहीं मिली अंतरिम जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब से आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने जसवंत सिंह की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बिना ईडी का पक्ष सुने अंतरिम जमानत नहीं दे सकते हैं। जसवंत सिंह को ईडी ने 40 करोड़ रुपये के बैंक फजीर्वाड़ा के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। सुनवाई के दौरान जसवंत सिंह की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें चुनाव में प्रचार के लिए 4 जून तक अंतरिम जमानत दी जाए। इसके पहले जसवंत सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।


## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा रद्द करना

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या यू.टी.वी -02-24-25 को रद्द कर दिया गया है। जिसे 07.06.2024 को खोला जाना है।
काम के नाम और डिटेल्स निचे दिये गए है :–
1. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच।
2. काम की अनुमानित लागत (रुपये) : 23890909.88
No. 1-W/Dy.CE/TMC/L/NDLS/Tender Corresp. Dated : 29.05.2024 1602/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे
G20

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:

**निविदा संख्याः** AGCTRDT 202404 | **अनुमानित लागत :** रू. 3,69,26,944.08/-

**कार्य का नाम :** 24 महीने की अवधि के लिए आगरा मंडल के 25 के0वी0 के 13 ट्रैक्शन सबस्टेशनों में मानिटरिंग एवं ऑपरेशन का कार्य।

**धरोहर राशि :** रू. 3,34,600.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 माह** | 1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 18.06.2024 को 15:00 बजे तक भरा जा सकता है। 922/24 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### उत्पाद/ब्रांड को सूचीबद्ध करने के लिए
### अनुस्मारक नोटिस–1

इस कार्यालय के नोटिस सं. 23-Ac-Ctg-57-Shortlisting-2019, दिनांक: 05.01.2023 (प्रकाशित दिनांक 06.01.2023) एवं 17.01.2024 (प्रकाशित दिनांक 18.01.2024) अम्बाला मंडल में खानपान इकाइयों में उपयोग/बिक्री/सेवा के लिए प्रसिद्ध ब्रांडेड/मदों के विनिर्माताओं से PAD/Non PAD वस्तुओं की शोर्ट लिस्टिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं विस्तृत जानकारी एवं खाद्य वस्तुओं की सूची उत्तर रेलवे की वेबसाइट, www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। लोकप्रिय/प्रसिद्ध खाद्य वस्तुओं PAD/ Non PAD वस्तुओं को सूचीबद्ध करना एक निरंतर प्रक्रिया है इसलिए आइटम/ब्रांड के प्रारंभिक सूचीबद्ध के बाद भी सूचीबद्ध के लिए आवेदन समीक्षा के लिए प्राप्त होते रहेंगे। इस अनुस्मारक नोटिस–1 के तहत सभी आवेदकों/उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि वे आवेदन पत्र, सभी दस्तावेजों के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय, मंडल कार्यालय, रेल विहार, अम्बाला छावनी में किसी भी कार्य दिवस से जमा करवा सकते हैं। परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाईट को देखते रहें। **नोटिस सं.- 23-Ac-Ctg-57 Shortlisting-2024 दिनांक : 28.05.2024** 1603/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना (रूचि की अभिव्यक्ति)

| | |
|---|---|
| 1 | **एन.आई.टी. संख्या :** एन.आई.टी./मेड/01/अंबाला/2024 |
| 2 | **टेंडर संख्या :** मेड/टेंडर/01/2024 |
| 3 | **कार्य का नाम :** प्रख्यात निजी नैदानिक प्रयोगशालाएं, इमेजिंग केन्द्र { जहां सादे एवं केन्ट्रास्ट एक्सरे, सी.टी.स्केन, अल्ट्रासाउंड, की सुविधा है } जिनका वर्तमान में कानूनी अस्तित्व हो, से, वर्तमान सी.जी.एच.एस. रेट पर, सहारनपुर, बठिंडा, कालका, चंडीगढ़, शिमला, धुरी के लिए रेलवे लाभर्थियों को विभिन्न जांचो की कैशलेस सुविधाएं देने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय अंबाला ने रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की है। विस्तार के लिए www.nr.indianrailways.gov.in पर जाएं। प्रार्थना पत्र एवं नियम एवं शर्तें भी इसी वेबसाईट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। |
| 4 | **कार्य अवधि :** 24 महीने |
| 5 | **निविदा डालने व खोलने की अंतिम तिथि व समय :** निविदा/प्रार्थना पत्र डालने का समय दिनांक 20.06.24 को 15.00 बजे तक तथा टेंडर खोलने का समय दिनांक 20.06.24 को 15.10 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी के कार्यालय में |
| 6 | **कार्यालय का पता जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे :** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी के कार्यालय में कार्यावधि दिनांक 28.05.24 से 20.06.24 को 11.00 बजे तक। |
| 7 | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** www.nr.indianrailways.gov.in निविदादाता दिनांक 28.05.2024 से 20.06.2024 को 11.00 बजे तक अपने रिस्क पर निविदा कागजात डाउनलोड कर सकते हैं। |
| 8 | **स्टेशनरी फार्म की कीमत :** 500/- रुपये केवल |
| 9 | जिन डायग्नोस्टिक सेंटरों को पहले से ही अंबाला डिवीजन के साथ सूचीबद्ध किया गया है और उनके पास वैध अनुबंध है, उन्हें नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। |

सं.: एन.आई.टी./मेड/01/अंबाला/2024 दिनांक: 28.05.2024 1608/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–टेंडरिंग
### खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–10/2024–25 दिनांक 28.05.2024

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत–21/2024-25 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन में बठिंडा–श्री गंगानगर सेक्शन पर एबीएस (अबोहर) स्टेशन पर रिलीफ और ढोल साइडिंग में सर्कुलेटिंग एरिया, एप्रोच रोड और ड्रेनेज सिस्टम के विकास, डीआरएम कॉम्प्लेक्स अंबाला कैंट में वाणिज्यिक शाखा का विस्तार, राजपुरा–बठिंडा खंड में प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटे मार्ग पर 20000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेटों की इंटरलॉकिंग, एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के अनुभाग में रेल विहार कोलोनी अंबाला कैंट में एडीईएन/यूएमबी के तहत टाइप–V क्वार्टर में अतिरिक्त कमरे का प्रावधान, रनिंग रूम चंडीगढ़ में अतिरिक्त बेड रूम का प्रावधान और 140 टन बीडी क्रेन को स्थिर करने के लिए अंबाला में लोको लाइन नंबर 2 पर कवर शेड का प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य | Rs. 5087941.31 | Rs. 101800.00 | 04 महीने | 19.06.2024 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 1605/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा
### खुली निविदा संख्या 08–अम्बाला/2024–25 दिनांक 28.05.2024

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–IV/अंबाला के अधीन सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अनुभाग में सिंगल शॉट क्रूसिबल और ऑटो थिम्बल के साथ 52 किग्रा/60 किग्रा रेल की एटी वेल्डिंग। | 1,41,29,198 | 2,20,700 | 08 महीने | 21.06.2024 |
| 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–IV/अंबाला के अधीन सहायक मंडल अभियंता/राजपुरा के अनुभाग में सिंगल शॉट क्रूसिबल और ऑटो थिम्बल के साथ 52 किग्रा/60 किग्रा रेल की एटी वेल्डिंग। | 1,23,71,597 | 2,11,900 | 08 महीने | 21.06.2024 |
| 3 | सीनियर डीईएन/ I/यूएमबी के अनुभाग में (I) टीटीआर(टीएसआर) – 46 सेट (1:12–20 सेट और 1:8.5–26 सेट) अंबाला डिवीजन के संबंध में–टीटीआर(टीएसआर) – 111 सेट (1:12 – 60 सेट और 1:8.5– 51 सेट)। (II) अंबाला कैंट जं. के संबंध में 15 सेटों का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) (1 in 12=7and 1 in 8½=8) चंडीगढ़–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) – 15 सेट (1:8.5 –8 सेट और 1:12 –7 सेट) और सहारनपुर जंक्शन–अम्बाला कैंट जं. –लुधियाना जं. –टीटीआर(टीडब्ल्यूएस) –10 सेट (1:8.5–5 सेट और 1:12 – 5 सेट) (पीबी#827/2022–23/एनआर), (III) अंबाला डिवीजन के संबंध में टीटीआर(टीडब्ल्यूएस) – 10 सेट (1:12–7 सेट और 1:8.5–3 सेट) – टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) – 15 सेट (1:12–10 सेट और 1:8.5–5 सेट), टीटीआर (टीडब्ल्यूएस+सीएमएससी)–1 सेट (1:8.5) और टीटीआर(सीएमएससी)–4 सेट (1:12–2 सेट और 1:8.5–2 सेट)। और (IV) सहारनपुर – अंबाला के संबंध में – 27 सेट (1 in 12=16 and 1 in 8½=11) का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–56 सेट (1:12) और 43 सेट (1:8.5) (पीबी#783/2020-21/ एनआर)। | 1,64,26,333 | 2,32,100 | 12 महीने | 21.06.2024 |
| 4 | (1) Pway सामान की स्थानांतरण एवं आपातकाल में प्रभावित रेल ट्रैफिक की शीघ्र आवागमन के लिए हाइड्रा ट्रैक्टर JCB, ट्रॉली ट्रैक्टर और अन्य Heavy मशीनरी की नियुक्ति। (2) सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के सेक्सन में यार्डो की व्यवस्थित सुधार के लिए कलानौर और हिन्डन केबिन के लिए यार्ड की पुनः निर्माण योजना की डिजाइन बनाना। (3) सहायक मण्डल अभियन्ता/सहारनपुर के अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग पर बिटुमिनस सड़क की सतह की मरम्मत। | 32,35,939 | 64,700 | 12 महीने | 21.06.2024 |
| 5 | (1) सीनियर सेक्सन इंजीनियर/रेलपथ यमुनानगर जगाधरी एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/रेलपथ/सहारनपुर के सेक्शन में घास, वनस्पति की सफाई, छोटे ऊँचाई के पौधों को उखाड़ना, shallow स्क्रीनिंग सहित cess को समतल करना। (2) सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के सेक्शन में निर्माणाधीन रेल सीट की संक्षारण को रोकने के लिए यार्ड लाइन और ब्लॉक सेक्सन की ERC ग्रिसिंग। | 80,13,623 | 1,60,300 | 12 महीने | 21.06.2024 |
| 6 | सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के सेक्शन में यमुनानगर जगाधरी यार्ड, मुस्तफाबाद यार्ड, दराजपुर यार्ड, खानालाम्पुरा पश्चिम और खानालाम्पुरा यार्ड में लिफ्टिंग, गहरी स्क्रीनिंग, यार्ड लाइनों की ballasting सहित लेवलिंग और aligning, casual sleeper की नवीकरण और SEJ's के नीचे लकड़ी के ब्लॉक का प्रावधान। | 64,07,187 | 1,28,200 | 12 महीने | 21.06.2024 |
| 7 | सहायक मंडल अभियंता/सहारनपुर के सेक्शन में सहारनपुर–बराडा सेक्शन पर 130 kmph, सहारनपुर–बराड़ा सेक्शन पर Design mode tamping, सहारनपुर–बराडा सेक्शन पर LWR प्लान। | 47,43,641 | 94,900 | 12 महीने | 21.06.2024 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल अभियंता–द्वितीय/यूएमबी के तहत अंबाला मंडल पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर शेष विश्राम सुविधा कार्यो का प्रावधान। | 84,66,403 | 1,69,300 | 06 महीने | 21.06.2024 |
| 9 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अनुभाग में स्वीकृत कार्यों के संबंध में Through Fitting Renewal (टीएफआर) और अन्य ट्रैक कार्य टीआरआर (पी)– 40.575 टीकेएम, सीटीआर (पी) – 3.917 टीकेएम, टीआरआर (पी)– 10.254 और टीएसआर (पी)– 0.689 टीकेएम, सीटीआर (पी)– 22.939 टीकेएम, टीआरआर (पी)–82.179 टीकेएम, सीटीआर (पी)– 2.910 टीकेएम और टीएसआर (पी)– 14.054 टीकेएम। | 1,60,72,585 | 2,30,400 | 09 महीने | 21.06.2024 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोगऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1598/24**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दो हाई कोर्ट के तीन जजों के ट्रांसफर का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो हाई कोर्ट के तीन जजों का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाई कोर्ट के दो जजों और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के एक जज का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाई कोर्ट के दो जज जस्टिस वी. कामेश्वर राव को कर्नाटक हाई कोर्ट के जज के रूप में और जस्टिस संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के जज जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल को पटना हाई कोर्ट में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ईश्वर सिंह, पुत्रः** हरनाम सिंह, **पताः** WZ-1/1, D7 और 8 ब्लॉक संतगढ़ तिलक नगर, दिल्ली ने **FIR No. 383/2023 U/s 420/120B/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ईश्वर सिंह** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ईश्वर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 383/2023 U/s 420/120B/34 IPC, थानाः बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ईश्वर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मयंक अग्रवाल,
एलडी. एमएम, कमराः 286
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6402/N/2024-
(Court Matter)

## पहचान की अपील


अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग 35-40 वर्ष थी, उक्त पुरुष बस स्टैंड के जी मार्ग, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सिल सिले में **डीडी नं: 06ए दिनांक 19.05.2024 को पुलिस थाना बाराखंभा रोड, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:
**लिंग:** पुरुष, **उम्र** 40-45 वर्ष, **ऊंचाई:** 5'7", **रंग:** गेहुँआ, **पहनावा:** ग्रे शर्ट और ग्रे पैंट, **पहचान :** गर्दन के बायीं ओर नीला हरा टैटू।
इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी बाराखंभा रोड, दिल्ली मे दर्ज को सूचित करे।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/6353/NDD/2024

थाना प्रभारी
थाना बाराखंभा रोड, दिल्ली
फ़ोन नं 011-23413999,8750870527

# कविता के खिलाफ चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने के. कविता के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी कर 03 जून को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने के. कविता के अलावा चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार और अरविंद सिंह को भी कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है।

# पुराने शिव मंदिर को हटाने के रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना के डूब क्षेत्र में गीता कॉलोनी के पास बने पुराने शिव मंदिर को हटाने के डीडीए के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस धर्मेश शर्मा की बेंच ने कहा कि भगवान शिव की हमें रक्षा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे खुद हमारी रक्षा करते हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि अगर यमुना का किनारा और डूब क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त हो जाए तो भगवान शिव ज्यादा खुश होंगे।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## नाम परिर्वतन

**मैं, तरुण पुत्र अशोक आहूजा निवासी–आरजेड 4ए, पार्ट 3 उत्तम नगर पश्चिम, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 3 डी के मोहन गार्डन दिल्ली पश्चिम दिल्ली, दिल्ली – 110059 ने सभी भविष्य के प्रयोजनों के लिए अपना नाम बदलकर तरुण आहूजा रख लिया है।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# टंकी से पानी बहा या पाइप से धोई गाड़ी तो कटेगा चालान

## जल बोर्ड अब पाइप या टैंक के पानी से कार धोने वालों से 2000 रुपये का चालान वसूलेगी, पानी का दुरुपयोग करने वालों पर नजर रखने के लिए बोर्ड ने 200 लोगों की टीमें तैनात की






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में जल संकट से निपटने के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने एक बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि अब कोई भी व्यक्ति पानी का दुरुपयोग करते हुए पकड़ा जाता है तो उससे 2000 हजार रुपये का चालान वसूला जाएगा। बता दें दिल्ली में अभी तक दिन में दो बार पानी की आपूर्ति की जाती थी, जो अब एक बार ही की जाएगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिलने की वजह से यह फैसला लिया गया है।

**दिल्ली के इन इलाकों में है पेयजल संकट:** रोहिणी, बेगमपुर, इंद्र एन्क्लेव, रोहिणी सेक्टर-24 स्थित पाकेट-8,16,12,11 व 18, बेगम विहार, बेगमपुर, बेगमपुर गांव, राजीव नगर व कैलाश विहार में पानी की दिक्कत है। सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी व जहांगीरपुरी के कुछ हिस्से में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। यमुनापार के न्यू माडर्न शाहदरा, न्यू अशोक नगर, चिल्ला गांव, मध्य दिल्ली के सराय रोहिल्ला, मानकपुरा, डोलीवालान, प्रभात रोड, रैगरपुरा, बीडनपुरा, देव नगर, बापा नगर, नाइवालान, बलजीत नगर, रणजीत नगर, दक्षिणी पटेल नगर, ईस्ट पटेल नगर में जल आपूर्ति प्रभावित है। दक्षिणी दिल्ली के ओखला के फेज-2 में संजय कालोनी, संगम विहार, देवली में पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है।

**इस वर्ष कितना गिरा जल स्तर?:** साल 2023 के अप्रैल, मई और जून में वजीराबाद में जल स्तर 674.5 फीट पर था। अगर इस साल की बात करें तो एक मई से ही हरियाणा ने दिल्ली के हिस्से का पानी देना कम कर दिया। जिस कारण से यमुना का जल स्तर लगातार गिर रहा है। एक मई को वजीराबाद का जल स्तर 674.5 फीट था। जो मात्र एक सप्ताह के भीतर यह गिरकर 672 फीट पर आ गया था। 20 मई को 671, 24 मई को 670.2 और 28 मई को गिरकर 669.8 फीट पर पहुंच गया है।

**लोग पानी को न करें बर्बाद, की गई अपील:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि समस्या कम करने के लिए 14 घंटे तक बोरवेल चल रहे हैं। जबकि पहले छह से सात घंटे ही चलाया जाता था। वाटर टैंकर की संख्या बढ़ाई गई है।

### इन चीजों पर कटेगा चालान

- पाइप के जरिये गाड़ी धोना
- पानी के टैंक का ओवरफ्लो होना
- घरेलू पानी के कनेक्शंस के जरिये कॉमर्शियल प्रयोग करना या फिर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर इस्तेमाल करना
- दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने जल बोर्ड के सीईओ को जारी किए निर्देश
- 200 टीमें गठित करने के दिए आदेश

### गाइडलाईंस

अभी तक दिन में दो बार पानी की आपूर्ति की जाती थी, जो अब एक बार ही की जाएगी

# मंडावली थाने के पास पार्किंग में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के मंडावली थाने के पास पार्किंग में बीती रात आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक पार्किंग में खड़ी 17 कारें राख हो चुकी थीं। दमकल विभाग के मुताबिक, मंगलवार देरात 1:17 बजे मंडावली थाना के पास पार्किंग में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की टीम को मौके पर भेजा गया। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल की 9 गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकल अधिकारी का कहना है कि इस आग में पार्किंग में खड़ी 17 कार जल गईं। फिलहाल आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है। जांच के बाद ही आग लगने की वजह का पता चल पाएगा।

# भीषण गर्मी के बीच मजदूरों को राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भीषण गर्मी से कामगारों और श्रमिकों को राहत देने के लिए दोपहर में तीन घंटे के आराम की घोषणा की है। इस अवधि के दौरान श्रमिकों के वेतन में कटौती नहीं होगी । दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने यह आदेश आज (बुधवार) जारी किए हैं। दिल्ली के उप-राज्यपाल का भयंकर गर्मी को देखते हुये कामगारों और श्रमिकों के लिये दोपहर 12-3 बजे सवेतन छुट्टी रखने के आदेश दिए हैं। उप-राज्यपाल ने "समर हीट ऐक्शन प्लान" मुख्य सचिव को तत्काल बैठक करने के निर्देश जारी करते हुए निर्माण स्थलों पर श्रमिकों के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी, नारियल पानी उपलब्ध कराने और बस स्टैंड पर घड़ों में पानी रखने का निर्देश भी दिया है। दिल्ली के उप-



राज्यपाल वीके सक्सेना ने "समर हीट ऐक्शन प्लान" को लेकर दिल्ली सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जाने पर मुख्यमंत्री केजरीवाल या उनके मंत्रियों की कड़ी आलोचना भी की है। उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) 20 मई से ही "समर हीट ऐक्शन प्लान" पर कार्य करना शुरू कर चुका है लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार के तहत आने वाली दिल्ली जल बोर्ड, लोकनिर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम जैसी एजेंसियां अब तक ऐसा नहीं कर रहीं हैं। आपको बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गर्मी ने लोगों को झुलसाकर रख दिया है। बुधवार को पारा 52 डिग्री को भी पार कर गया है। यह तापमान दोपहर ढाई बजे रिकॉर्ड किया गया। यह पहली बार है जब पारा 50 डिग्री पार पहुंचा है। दिल्ली में मंगलवार को भी पारा 50 के करीब पहुंचा था। दिल्ली में पिछले कई दिनों से लू और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है।

### घोषणा

दोपहर में तीन घंटे श्रमिक करेंगे आराम, निर्माण स्थलों व बस स्टैंड पर पानी का होगा इंतजाम: उपराज्यपाल

# केजरीवाल को दो जून को करना होगा सरेंडर

## सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने की याचिका को स्वीकार करने से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत एक हफ्ते और बढ़ाने की मांग वाली याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अब केजरीवाल को दो जून को सरेंडर करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने इनकार करते हुए कहा कि चूंकि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है। इसलिए अंतरिम जमानत बढ़ाने की उनकी



याचिका का मुख्य याचिका से कोई संबंध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की अनुमति भी दी है। इसलिए यह अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है।

केजरीवाल ने कहा था कि उन्हें गंभीर बीमारी है और उनका पीईटी-सीटी स्कैन किया जाना है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को अरविंद केजरीवाल को एक जून तक की अंतरिम जमानत देते हुए दो जून को सरेंडर करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और 50 हजार रुपये के जमानती के आधार पर जमानत दी थी। उल्लेखनीय है कि 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने उसी दिन देरशाम उनसे पूछताछ की। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

### झटका

रजिस्ट्री ने कहा कि चूंकि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है

# अलीपुर वेयर हाउस डकैती में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर इलाके में दो साल पहले हुई डकैती के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मनोज उर्फ शेरा के रूप में हुई है, यह स्वरूप नगर दिल्ली का रहने वाला है। मूलतः उप्र के प्रतापगढ़ का निवासी है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह आरोपित पहले से डकैती, लूट, सेंधमारी के 15 मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली के अलग-अलग थानों में इसके ऊपर एफआईआर दर्ज हैं। लगभग दो साल पुराने अलीपुर थाना इलाके में हुई डकैती के मामले में यह फरार चल रहा था। बाद में इसे कोर्ट ने भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। इसके अलावा कीर्ति नगर और हरियाणा के सोनीपत के अलग-अलग मामलों में भी दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस को इसकी तलाश थी। इस वांछित आरोपित के बारे में क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल नरेंद्र और विकास डबास को सूचना मिली। उस सूचना पर पुलिस टीम ने पूरी जानकारी इकट्ठा की और एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक, सब इंस्पेक्टर हितेश भारद्वाज की टीम ने छापा मारकर इस आरोपित को गिरफ्तार किया।

### काबू किया

आरोपित की पहचान मनोज उर्फ शेरा के रूप में हुई है, यह स्वरूप नगर दिल्ली का रहने वाला है

# तपिशः दिल्ली में 52.3 डिग्री पहुंचा तापमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गर्मी ने लोगों को झुलसाकर रख दिया है। बुधवार को पारा 52 डिग्री को भी पार कर गया है। यह तापमान दोपहर ढाई बजे रिकॉर्ड किया गया। यह पहली बार है जब पारा 50 डिग्री पार पहुंचा है। दिल्ली में मंगलवार को भी पारा 50 के करीब पहुंचा था। दिल्ली में पिछले कई दिनों से लू और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है। दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण ऐसा लग रहा है, जैसे भट्टी के पास तप रहे हैं। मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा तापमान 52.3 डिग्री और नरेला में 47.9 डिग्री पारा पहुंचा है। नजफगढ़ में 48.6 डिग्री, जाफरपुर में 48 डिग्री, पूसा में 48.3 डिग्री, आयानगर में 45.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**मंगलवार को इतना रहा तापमान:** मुंगेशपुर और नरेला में तापमान मंगलवार को 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचा।



**लोगों को घरों में रहने की सलाह:** मौसम विभाग और डॉक्टरों ने जरूरी काम न हो तो घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। लोग घरों में ही रहें तो लू की चपेट में आने से बच सकते हैं। साथ ही खुद को ठंडा रखने के लिए पानी, नींबू पानी पीते रहें। अगर दोपहर में घर से बार जाना है तो खुद को ढककर निकलें, ताकि लू से बचा जा सके।

**क्यों दर्ज हुआ सबसे ज्यादा तापमान:** मौसम विभाग के क्षेत्रीय प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि नजफगढ़ और मुंगेशपुर में इतना अधिक तापमान दर्ज किया गया, क्योंकि ये शहर के बाहरी इलाके थे। उन्होंने कहा, "दूसरा कारण हवा की दिशा है। जब हवा पश्चिम से चलती है तो उन क्षेत्रों को सबसे पहले प्रभावित करती है।

चूंकि वे बाहरी इलाके में हैं, तापमान तेजी से बढ़ता है।" श्रीवास्तव ने कहा कि शहर में लू का प्रकोप अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। आयानगर में 28 मई 1988 को 47.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया और 11 जून 2019 को 47 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। (1967-2024)

### भीषण गर्मी

यह तापमान दोपहर ढाई बजे रिकॉर्ड किया गया। यह पहली बार है जब पारा 50 डिग्री पार पहुंचा है

# गोली मारकर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में स्कूटी सवार बदमाशों ने सूरज (32) नामक एक युवक के सिर में गोली मार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूरज बुधवार सुबह तकरीबन 8:40 बजे अपने कारखाने में था। इस दौरान बिना नंबर की स्कूटी पर आए दो लोगों ने उसके कारखाने के बाहर स्कूटी खड़ी कर उसको आवाज लगाई। सूरज बाहर निकलकर उनसे बात करने लगा। इसी दौरान स्कूटी सवार में से एक ने पिस्टल निकाली और उसके सिर पर गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही वेलकम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। खून से लथपथ हालत में सूरज को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। उत्तर पूर्वी जिला के डीसीपी जॉय टिर्की ने कहा कि हत्या के इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्राइम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल की छानबीन कराई गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि हत्यारे की पहचान हो सके। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज हत्या से क्षेत्र के लोगों में रोष है। उनका कहना कि क्षेत्र में आपराधिक वारदात बढ़ती जा रही हैं।

### गोली मार दी

सूरज बात करने लगा। स्कूटी सवार में से एक ने पिस्टल निकाली और उसके सिर पर गोली मार दी

# पीएम बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को बताया गैरकानूनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपित बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। बिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए मुआवजे की मांग की है। तीस हजारी कोर्ट ने 28 मई को बिभव कुमार को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। 27 मई को कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अतुल श्रीवास्तव



ने कहा था कि एफआईआर में स्वाति ने खुद साफ किया कि उसने पुलिस को अप्रोच करने में देरी क्यों की। वो इस घटना के बाद ट्रॉमा में थी, इस वजह से देरी हुई। बिभव के वकील ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज में कहीं भी स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की पुष्टि नहीं होती है। उन्होंने कहा था कि अगर पुलिस को शिकायत देने में भी तीन दिन लग रहे है तो यह साफ है कि इस दौरान स्वाति साजिश रच रही थी।

# पहली बार टूटा बिजली की मांग का रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की अधिकतम बिजली की मांग 8302 मेगावाट है, जो दिल्ली के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक है। इस रिकॉर्ड ने कुछ ही दिन पहले बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा दिया। डिस्कॉम अधिकारी के मुताबिक, 22 मई को दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई थी। लगातार 12 दिनों में दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 2024 में 7000 मेगावाट को पार कर गई है। इससे पहले 23 मई की दोपहर करीब 3:42 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 8000 मेगावाट तक पहुंच गई थी।

# वीओ से पेशी की ऑडियो लीक होने पर कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान ट्रायल कोर्ट की वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीओ) के जरिये सुनवाई के ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका वकील विभव कुमार ने दायर की है। याचिका में केजरीवाल की राऊज एवेन्यू कोर्ट में 28 मार्च की पेशी के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हुई सुनवाई को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि आबकारी घोटाला मामले की सुनवाई कर रही जज कावेरी बावेजा की अदालती कार्यवाही की




आडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता, राजस्थान कांग्रेस के उपाध्यक्ष विनीता जैन, प्रमिला गुप्ता और दूसरे लोगों ने पोस्ट किया था। याचिका में सुनीता केजरीवाल, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अदालत की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग को जानबूझ कर पोस्ट और री पोस्ट करना कोर्ट के वीडियो कांफ्रेंसिंग के नियमों का उल्लंघन है। ऐसे में जिन लोगों ने ये पोस्ट किया था उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान 28 मार्च को केजरीवाल ने खुद कोर्ट में अपनी बात रखी थी।

केजरीवाल ने कहा था कि असली घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। केजरीवाल ने कहा था कि इस मामले में शरद रेड्डी ने गिरफ्तारी के बाद भाजपा को 55 करोड़ रुपया दिया। भाजपा को इलेक्टोरल बांड के रूप में पैसा देने के बाद शरद रेड्डी को जमानत मिल गई।

### सुनवाई का मांग

अदालती कार्यवाही की आडियो रिकॉर्डिंग को सोशल मीडिया पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने पोस्ट किया था

# दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में शरजील को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में आरोपित शरजील इमाम को वैधानिक जमानत दे दी है। हाई कोर्ट ने शरजील इमाम को जामिया विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भड़काऊ भाषण देने के मामले में जमानत दी है। जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने शरजील को वैधानिक जमानत देने का आदेश दिया। हालांकि हाई कोर्ट के इस आदेश के बावजूद वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा, क्योंकि दिल्ली दंगे की बड़ी साजिश के मामले में भी वो जेल में बंद है। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली दंगा मामले में आरोपित शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि दिल्ली में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध के नाम पर हिंसा की साजिश रची गई। दिल्ली पुलिस की ओर से स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा था कि शरजील इमाम का भाषण लोगों को उकसाने के लिए था। शरजील ने अपने भाषण में कहा था कि अगर आप सड़कों पर नहीं उतरोगे तो वे लोग समाप्त कर देंगे। शरजील इमाम के सभी भाषण एक समान थे, जिसमें चक्का जाम,



बाबरी, ट्रिपल तलाक और अनुच्छेद 370 की चर्चा थी। उन्होंने कहा था कि शरजील इमाम ने चिकन नेक कॉरिडोर जाम कर उत्तर-पूर्व के हिस्से को देश के बाकी हिस्सों के काटने की बात की थी। हाई कोर्ट ने 11 मार्च को शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। शरजील इमाम की ओर से पेश वकील ने कहा था कि शरजील ने अधिकतम 7 साल की सजा की आधी सजा काट ली है। ऐसे में उसको तत्काल जेल से रिहा किया जाए। याचिका में कहा गया है कि शरजील इमाम 28 जनवरी 2020 से हिरासत में है। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने 17 फरवरी को शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, 30 जनवरी को हाई कोर्ट ने कड़कड़डूमा कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर 17 फरवरी तक सुनवाई पूरी करे। कड़कड़डूमा कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा था कि प्रावधानों में कुछ भ्रम है। सवाल ये है कि क्या यूएपीए के तहत कोई आरोपित आधी सजा पूरी करने के बाद अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए के तहत जमानत पाने का हकदार है। शरजील की वैधानिक जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा था कि अपराध की गंभीरता को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

### वैधानिक जमानत

वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा, क्योंकि दिल्ली दंगे की बड़ी साजिश के मामले में भी वो जेल में बंद है

# टेली-मानस हेल्पलाइन पर आई 10 लाख से अधिक कॉल, 2022 में हुआ था लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय टेली-मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। टेली-मानस टोल-फ्री नंबर पर अब तक 10 लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। यानि औसतन प्रति दिन 3,500 कॉल प्राप्त हुई हैं। देश भर में मानसिक स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने अक्टूबर 2022 में लॉन्च किया था। इस कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 51 टेली-मानस सेल संचालित किये जा रहे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ती जागरूकता



के कारण टेली-मानस हेल्पलाइन पर कॉल करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। इस नंबर पर दिसंबर 2022 में लगभग 12,000 कॉल आईं थीं, जो बढ़कर मई 2024 में 10 लाख से अधिक हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार टेली-मानस प्लेटफार्म आज एक आवश्यक मंच बन गया है, जिसमें डिजिटल नेटवर्क स्थापित करके, पेशेवरों के माध्यम से सहायता पहुंचाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि टेली मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1-800-891-4416 पर कई भाषाओं में सहायता प्रदान की जाती है। इ

# बड़े मार्जिन से 10 की 10 सीटें जीत रही है भाजपा : सुभाष बराला

## लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जी जान से मेहनत की, 4 जून के बाद कांग्रेस ईवीएम पर फोड़ेगी अपनी हार का ठीकरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रोहतक में दावा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर भाजपा 10 की 10 लोकसभाओं के साथ-साथ करनाल विधानसभा उपचुनाव को बड़े मार्जिन से जीत रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले चुनावों की अपेक्षा इस बार मतदान कम हुआ है यह सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए समीक्षा का विषय है। श्री बराला बुधवार को रोहतक स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां श्री बराला ने कांग्रेस पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में झूठ बोलकर मतदाताओं और समाज को गुमराह



करने का खूब प्रयास किया, लेकिन ना तो मतदाता इनके झांसे में आया और ना ही वोटरों ने कांग्रेस की बातों पर विश्वास किया। प्रेसवार्ता के दौरान श्री बराला ने तपती गर्मी में 25 मई को हुए मतदान के लिए जनता का आभार जताया। वहीं उन्होंने मीडियाकर्मियों का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने ईमानदारी से काम करते हुए सही बातें लोगों तक पहुंचाई।

सुभाष बराला ने भाजपा के कार्यकर्ताओं की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में पूरी जी जान से मेहनत की है, इसके लिए सभी कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। चुनाव प्रबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं की प्रशंसा

**कल्याण**

**मोदी सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी सभी के कल्याण के लिए काम किया है**

करते हुए श्री बराला ने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री मोदी की रैली हो या फिर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों व मुख्यमंत्री की रैलियों व संगठन से जुड़े कार्यक्रमों को कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक संपन्न कराया है।

कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार किया और घर-घर जाकर मतदान की पर्ची बांटने तक का काम किया है। चुनाव के दौरान हर बूथ पर लगभग 14 हजार 500 बैठकें हुई इसके अलावा लगभग 16 हजार बूथों पर डोर टू डोर कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यकर्ताओं के कारण जनता का झुकाव भाजपा की तरफ रहा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी सभी के कल्याण के लिए काम किया है। श्री बराला ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगाई, लेकिन पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। हमारा आधारभूत ढांचा लगातार मोदी सरकार मजबूत करती रही।

# कांगड़ाः आनन्द शर्मा के लिए प्रचार करने पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा

**समर्थन मांगा**


**अग्निवीर योजना के विरोध और ओपीएस के समर्थन में वोट देगें हिमाचल के मतदाता**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार आनन्द शर्मा के लिए प्रचार करने पहुंचे। हुड्डा ने कहा कि हिमाचल की जनता अग्निवीर योजना के विरुद्ध और ओल्ड पेंशन स्कीम के समर्थन में वोट करने जा रही है.

आनंद शर्मा की तारीफ करते हुए हुड्डा ने कहा कि शर्मा जनता की आवाज को लोकसभा में उठाने और जनता की लड़ाई लड़ने वाले नेता है । भारत सरकार में आपकी ताकत बनेंगे। इस मौके पर नगरोटा, बगवाँ और चंबा में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की जीत का दावा किया. हुड्डा ने कहा कि भाजपा संविधान को बदलना और जनता को मिले संवैधानिक अधिकारों को छीनना चाहती है. यह वह अधिकार हैं जिन्हें कांग्रेस की सरकारों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान के जरिए नागरिकों के लिए बनाए थे. जैसे कि आरक्षण का अधिकार, सूचना का अधिकार, मनरेगा, भोजन और शिक्षा का अधिकार।

# मोदी सरकार के दस साल पर लिखने के लिए कुछ नहीः सिब्बल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** यूपीए सरकार में मंत्री रहे कपिल सिब्बल ने बुधवार को यहां केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दस साल पर लिखने के इच्छुक लोगो के लिए कुछ नहीं है। सिब्बल ने कहा कि सत्ता में आने के लिए जो वायदे किए गए थे उन्हें भी पूरा नहीं किया गया। यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में सिब्बल ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी क्षेत्रों और संवैधानिक संस्थाओं को कब्जे में ले लिया है सिर्फ न्यायपालिका को ही काबू में नहीं किया जा सका। हर मंत्रालय में आरएसएस के लोग बैठे है।राज्यपाल राज्य सरकारों को काम नही करने देते।कानून का दुरुपयोग किया जाता है।चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है। संसद में बोलने नही दिया जा रहा। संसद के 146सदस्य निलंबित कर दिए गए थे।आलोचकों को यूएपीए के तहत बंद कर दिया जाता

**साधा निशाना**

**मोदी सरकार के दस साल पर लिखने के इच्छुक लोगो के लिए कुछ नही है : कपिल सिब्बल**

है। उन्होंने कहा कि संसद में ऐसे सदस्य भी पहुंच गए जिनके दोष सिद्ध हो गए और आरोप पत्र दाखिल कर दिए गए।चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो निवेश होना चाहिए था वो नहीं किया गया। देश की अर्थव्यवस्था को पांचवे नंबर पर लाने के मोदी सरकार के दावे पर सिब्बल ने कहा कि लोगो की आय बढ़ने के साथ ही अर्थव्यवस्था बढ़ती है।उन्होंने कहा कि देश आज भी चीन से अरबो डॉलर के आयात पर निर्भर है।

# स्ट्रांग रूम में ईवीएम से हो सकती है छेड़छाड़ः डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र:** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने मुख्य चुनाव अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी कुरुक्षेत्र से मतपेटी नियंत्रण कक्ष की लाइव निगरानी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिहोवा विधानसभा में आधे घंटे तक लाइव एक्सेस बंद कर दिया गया था। मौजूदा अधिकारियों को कई बार बोलने पर ठीक नहीं करवाया गया। ऐसे में चुनाव नतीजों से पहले कुछ भी गड़बड़ी हो सकती है और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। पूरे दिन और रात में बिजली के कटों के कारण घंटों सीसीटीवी कैमरे बंद रहते हैं। इसलिए, स्ट्रांग रूम में वैकल्पिक बिजली की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कैथल में भी आम



आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सीसीटीवी कैमरे की स्क्रीन के सामने बैठे हैं, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो। लेकिन प्रशासन उनके साथ जबरदस्ती कर रहा है और उन्हें बार बार अंदर जाने से रोका जा रहा है। वहीं लाइट के कटों के कारण लगातार कैमरे बंद हो रहे हैं। दिन में घंटों लाइव कवरेज में बाधा आ रही है। वहीं इस दौरान ईवीएम से भी छेड़छाड़ हो सकती है। इसलिए उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी से स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चलाने

**शिकायत**

**डीजी सेट नहीं होने के कारण 24 घंटे निगरानी में आ रही है बाधा, पिहोवा और कुरुक्षेत्र में लाइट के कटों से लगातार बंद हो रहा है लाइव**

की मांग की।
उन्होंने कहा कि बिजली के कटों के कारण लगातार लाइव प्रसारण में बाधा आ रही है। इसलिए, बाहर बैठे कार्यकर्ताओं के लिए लगातार लाइव कैमरों की निगरानी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और निष्पक्षता के कारण ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लागातार मत पेटियों की निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए प्रशासन से डीजी सेट लगवाकर लगातार 24 घंटे कैमरों से निगरानी की मांग की। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी उनकी मांग पर सुनवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम के नियंत्रण कक्ष तक लाइव पहुंच में व्यवधान ना किया जाए। ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी के लिए आवश्यक है और यह सुनिश्चित करना हमारा अधिकार भी है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया किसी भी तरह से बाधित न हो। इसलिए, हमें नियंत्रण कक्ष तक लाइव पहुंच का एक्सेस दिया जाए। उन्होंने कहा है कि बीजेपी की तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का मौका जनता को मिला है। सरकार संस्थाओं को अपने इशारे पर चला रही है। देश में किसान, युवा, व्यापारी और महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

# एडवांस सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इंटर्नशिप करेंगे जीयू के छात्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़/दीपिका शर्मा**
शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में सहयोग के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय,गुरुग्राम ने देश के प्रतिष्ठित एडवांस सुपर मल्टी स्पेशलिटी पार्क हॉस्पिटल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच प्रगति के नए द्वार खोलेगा। इसके तहत गुरुग्राम यूनिवर्सिटी (जीयू) में

**एमओयू**

**शुरू होने वाले कोर्स एमएससी मेडिकल फिजिक्स में दाखिला लेने वाले छात्रों को मिलेगा इसका लाभ**

नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से शुरू होने वाले कोर्स एमएससी मेडिकल फिजिक्स में दाखिला लेने वाले छात्र पार्क हॉस्पिटल में एक वर्ष की इंटर्नशिप कर पाएंगे। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ शिक्षक छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के लिए छात्रों का चयन तय मानकों पर किया जाएगा। जीयू द्वारा संचालित होने वाले एमएससी मेडिकल फिजिक्स पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार चलाया जाएगा। अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अनुभवी चिकित्सा भौतिक विज्ञानी के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित रेडियो थेरेपी केंद्र प्रदान करेगा।

# हीटवेव से पशुधन के बचाव के लिए विभाग उठा रहा कदम



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/अंकुश जैन**
प्रदेश में चल रही हीट वेव के प्रभाव से पशुधन के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी सभी अधीनस्थ कार्यालयों को भेजकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी जिला स्तरीय उपनिदेशकों को अपने जिले के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग द्वारा प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त पशु चिकित्सालय एवं औषधालयों पर कार्यरत अमले के माध्यम से पशुपालकों को पशुधन को लू से बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के महानिदेशक, डॉ एल.सी. रंगा ने बताया कि सभी

**निर्देश**

**पशु संस्थाओं में बनी हुई पानी की खालों की मरम्मत करवा कर उनमें पानी भरवाने के भी निर्देश दिए गए**

उपनिदेशकों को अपने जिले की पशु संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए है जिसके लिए उन्हें आवश्यक बजट जारी कर दिया गया है। इसके अलावा, विभाग के अमले को पशु संस्थाओं में बनी हुई पानी की खालों की मरम्मत करवा कर उनमें पानी भरवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग ने पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू आदि रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण समय पर पूरा कर लिया है। डॉ. एल.सी. रंगा ने बताया कि पशुधन को लू के प्रकोप से बचाने के लिए पशुपालकों द्वारा विभिन्न उपाय किए जाने चाहिएं। पशुओं को छाया वाले स्थान जैसे पेड़, शेड या छत वाली संरचनाओं में रखें ताकि वे धूप से बच सकें। पशु आवास की छतों को पुआल या टाट आदि से ढक दें या इंसुलिन लगाएं ताकि बाड़े में गर्मी कम हो। पशु आवास में पंखे, स्प्रिंकलर या फगर का उपयोग करें ताकि हवा का संचार और ठंडक बनी रहे। खिड़कियाँ और दरवाजे खोलकर रखें और उन पर गीले बोरे लटकाएं ताकि प्राकृतिक ठंडक मिल सके। इसके अलावा, पशुओं को ताजा और साफ पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं। धातु के बर्तन की बजाय प्लास्टिक या मिट्टी के बर्तन का उपयोग करें ताकि पानी ठंडा रहे।

# भोड़ा होशनाक गौशाला में रोजाना दम तोड़ रही हैं गायें

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** एक तरफ जहां भीषण गर्मी में आमजन त्राहि-त्राहि कर रहा है, वहीं पशु-पक्षियों के लिए भी यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। जिले के गांव भोड़ा होशनाक में स्थित गौशाला में गौवंश की सही देखभाल न होने के चलते पिछले कई दिनों से लगातार गायों की मौत हो रही है। अब तक दर्जन से अधिक गायों की मौत होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने इस मामले में गौशाला प्रबंधक कमेटी पर गायों की सही से देखभाल न करने का आरोप लगाया है। गांव के सरपंच रमेश कुमार ने इस बारे जिला प्रशासन व हरियाणा गौशाला संघ से तुरंत सुध लेने और गायों की मदद के लिए तुरंत कदम



उठाए जाने की मांग की है। इस मामले को लेकर सरपंच व ग्रामीण आज डीसी से मिलने फतेहाबाद भी पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। सरपंच रमेश कुमार व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नेशनल हाइवे 9 पर श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला है। इस गौशाला में इस समय करीब 250 से अधिक गौवंश है। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशाला प्रबंधक कमेटी की लापरवाही के कारण गौशाला में रह रही गायों को न तो समय पर भोजन

**लोगों में रोष**

**सरकार, प्रशासन, पशु रक्षक संगठनों व हरियाणा गौशाला आयोग से की तुरंत गायों की सुध लेने की मांग**

मिल रहा है और न ही उनके पीने के पानी की कोई व्यवस्था है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय गायों को बाहर खुले में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने भीषण गर्मी में उचित भोजन व पानी न मिल पाने के कारण पिछले कई दिनों से हर रोज दो-तीन गायों की मौत हो रही है, जिससे गांव के लोगों में काफी रोष है। सरपंच रमेश कुमार ने कहा कि गौशाला में गायों को ही हो दुर्गति को देखकर पूरे गांव के लोग दुःखी है और गायों की मौत के लिए गौशाला प्रबंधक कमेटी पूर्ण रूप से जिम्मेवार है।

?सरपंच व अन्य ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन के अलावा पशु रक्षक संगठनों व हरियाणा गौशाला आयोग के सदस्यों से मांग की है कि वह तुरंत इस मामले को गंभीरता से लें और गौशालों में गायों की होने वाली दुर्गति को देखते हुए उनके भोजन, पानी की व्यवस्था की जाए ताकि रोजाना दम तोड़ कर गौमाता को बचाया जा सके। इसके अलावा गौशाला का सही ढंग से संचालन न कर पाने पर गौशाला प्रबंधक कमेटी को भी बदला जाए।

# फरीदाबादः शेयर मार्किट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 1.10 करोड की ठगी, छह गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** शेयर मार्किट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर करीब एक करोड़ 10 लाख ठगी की वारदात में शामिल छह आरोपियों को थाना सेंट्रल प्रभारी अमित की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश प्रवीन (35), विशाल रमेश (26), अंशुल नंदा(19), प्रशांत बब्लू (20),थोगाटी बद्रीनाथ (24) तथा शिवा प्रसाद (25) का नाम शामिल है। आरोपी आकाश प्रवीन और विशाल रमेश सूरत गुजरात का, आरोपी अंशुल नंदा और प्रशांत बब्लू, मंडला मध्य प्रदेश का, आरोपी थोगाटी और शिवा प्रसाद




गुंटूर आन्ध्र प्रदेश के रहने वाला है। आरोपियों को साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यम से आरोपी आकाश प्रवीन माडनका, विशाल रमेश भाई गेलानी को सूरत गुजरात से, आरोपी अंशुल नंदा व प्रशांत बब्लू विश्वकर्मा उनके गांव नैनपुर मंडला मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश प्रवीन से 1200 रुपये नगद व आरोपी विशाल रमेश से 1500/रु नगद बरामद किए गए । आरोपी थोगटी बद्रीनाथ को बैंगलोर से व आरोपी शिवा प्रसाद को गुंटूर आन्ध्र प्रदेश से काबू किया है।

# योग दिवस को लेकर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में जिला जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रितु भाटिया के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिले के विभिन्न 5 स्कूलों में डीपीई, पीटीआई व अन्य अध्यापकों को आयुष विभाग के योग स्पेशियलिस्ट, आयुष योग सहायकों व पतंजलि योग समिति के शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रोटोकॉल करवाया गया। जिला योग समन्वय डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जिला स्तर के अलावा खंड स्तर पर भी इन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया।



जिला स्तर का आयोजन पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किया गया जिसमें आयुष योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा, पतंजलि योग शिक्षक चंद्र प्रकाश आयुष योग सहायक ज्योति रानी, जन्नत, सोनू रानी, शारदा, मनोज द्वारा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण करवाते हुए सावधानियां व पूर्व में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में बताया। इस शिविर में योग साधकों ने भाग लिया। आयुष योग सहायक प्रोटोकॉल नोडल अधिकारी अंबिका पांटा ने कहा कि लोग हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल तो बढ़ता ही है, साथ ही साथ योग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है। योग प्रोटोकॉल के तहत बुधवार को सूक्ष्म क्रियाएं ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, कपालभाति अनुलोम विलोम आदि

**योगाभ्यास**

**योग स्पेशियलिस्ट, आयुष योग सहायकों व पतंजलि योग समिति के शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रोटोकॉल करवाया गया**

क्रियाएं विस्तार पूर्वक करवाई गई। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयुष विभाग की ओर से भट्टूकलां के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पवन, पूनम, पूनम सूलीखेड़ा, राजेंद्र, सुखदेव सतबीर द्वारा योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें योग साधकों द्वारा भाग लिया गया।

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए: अनिल विज

## पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री विज ने अम्बाला डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी से विधायक अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी में सिविल एन्कलेव (डोमेस्टिक एयरपोर्ट) निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को अम्बाला से जल्द उड़ान सेवा का लाभ मिल सके। विज अंबाला में अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के निकट सिविल एन्कलेव (डोमेस्टिक एयरपोर्ट) के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गत दिनों अम्बाला रैली में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से घोषणा की थी कि अम्बाला से उड़ान सेवा को जल्द प्रारंभ किया जाएगा, इसलिए अधिकारी निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें। उन्होंने डोमेस्टिक एयरपोर्ट में हार्टिकल्चर (बागवानी) कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंट्रेस एवं आसपास क्षेत्र खूबसूरत दिखे इसलिए यहां हार्टिकल्चर के कार्य को शुरू किया जाए। पूर्व मंत्री अनिल विज ने एयरपोर्ट में यात्रियों के आने-जाने के मार्गों की जानकारी ली, साथ ही यात्रियों के चेक-इन करने के दौरान बैठने एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वाहनों की पार्किंग सुविधा, एयरपोर्ट में बिजली की आपूर्ति के लिए क्या-क्या प्रबंध है इसकी जानकारी ली। यात्रियों को एयरपोर्ट से अंदर किस स्थान से ले जाया जाएगा उन्होंने इस बारे भी जानकारी ली। एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल, यहां पर स्ट्रीट लाइट एवं अन्य क्या-क्या व्यवस्थाएं होगी इसको लेकर उन्होंने चर्चा की। उन्होंने एंट्रेंस एरिया, पार्किंग, कैंटीन, मुख्य टर्मिनल सहित अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि टर्मिनल में काफी कार्य कर लिया गया है और जून के अंत तक निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से अम्बाला में भारत सरकार की आरसीएस (रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम) उड़ान योजना के तहत अम्बाला छावनी में सिविल एन्कलेव डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है जिसका नागरिकों को लाभ मिलेगा। अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के ठीक साथ 20 एकड़ भूमि निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय से सिविल एविएशन विभाग को दी गई थी।

# हीटवेव से पशुधन के बचाव के लिए आगे आया विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश में चल रही हीट वेव के प्रभाव से पशुधन के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी सभी अधीनस्थ कार्यालयों को भेजकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला उपनिदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग द्वारा प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त पशु चिकित्सालय एवं औषधालयों पर कार्यरत अमले के माध्यम से पशुपालकों को पशुधन को लू से बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की पशु संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अलावा, विभाग के अमले को पशु संस्थाओं में बनी हुई पानी की खालों की मरम्मत करवा कर उनमें पानी भरवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग ने पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू आदि रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण समय पर पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि पशुधन को लू के प्रकोप से बचाने के लिए पशुपालकों द्वारा विभिन्न उपाय किए जाने चाहिएं। पशुओं को छाया वाले स्थान जैसे पेड़, शेड या छत वाली संरचनाओं में रखें ताकि वे धूप से बच सकें। पशु आवास की छतों को पुआल या टाट आदि से ढक दें या इंसुलिन लगाएं ताकि बाड़े में गर्मी कम हो। पशु आवास में पंखे, स्प्रिंकलर या फगर का उपयोग करें ताकि हवा का संचार और ठंडक बनी रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चुनाव के नतीजों पर चर्चा की



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** चुनाव के बाद देवेंद्र कादियान ने समालखा और ग्रामीण हल्का के पदाधिकारियों के साथ बैठक की करनाल लोकसभा चुनाव होने के बाद करनाल लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का व ग्रामीण हल्का के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके विचार विमर्श कर चुनाव के नतीजों पर चर्चा की।
देवेंद्र कादियान ने कहा की जनता का जो भी फैसला होगा वो सर्वपीर्य होगा जनता जो भी आशीर्वाद देगी वो सिर माथे पर होगा और हमारे कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का जोश और हिम्मत काबिले तारीफ है उन्होंने अभी से ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है उन्होंने कहा की जनता के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं लोकसभा चुनाव में करनाल की जनता ने जो प्यार,आशीर्वाद,सम्मान दिया सभी का हाथ जोड़कर तह दिल से धन्यवाद करता हूं उन्होंने कहा की आपका बेटा आपका भाई सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर हल्का प्रधान रामनिवास पटवारी,बलराज मछरोली,कृष्ण चंदौली,लेखराज खटर,सुभाष धीमान,विपिन छाबड़ा,सुभाष शर्मा,कवरभान डिकाडला,विनोद वाल्मीकि,बुबा खान,राजेश खन्ना,लालचंद बिंझोल,सतबीर भगत,ईश्वर एक्स सरपंच,रियासत खान,विनोद वाल्मीकि,महाबीर कश्यप,मिनाक्षी चावला,सुशीला त्यागी,सुमन नरवाल,पुष्पा त्यागी मौजूद रहे।

### थेलिसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर 2 जून को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** श्री सनातन धर्म सभा, जेसीआई करनाल गोल्ड, इक्विटस स्माल फाइनेंस बैंक, करनाल केमिस्ट एसोसिएशन और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थेलिसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 2 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड़, करनाल में किया जाएगा।
यह जानकारी शिविर के संयोजक कपिल किशोर, शाखा प्रबंधक सारिका मालिक, जेसी रवि नंदन गर्ग, जेसी नवीन गुप्ता, जेसी कपिल गुप्ता, जेसी प्रमोद बंसल, जेसी सुनील मलिक, जेसी डॉ. राजीव पंवार, जेसी रजत गुप्ता और जेसी आशीष जिंदल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि 18 साल से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

### बैंक से लोन नहीं मिलने पर खेड़ी गुज्जर में उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव की सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा में लोन के लिए आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं ने बुधवार को बैंक के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक द्वारा उनका लोन कागजों में तो पास कर दिया गया और बैंक में गिरवी रखे उनकी जमीन के कागजों में भी लोन चढ़वा दिया, लेकिन आज तक उनके खातों में रुपये नहीं पहुंचे। उन्होंने बैंक की शाखा प्रबंधक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बैंक प्रबंधन निजी व्यक्ति के माध्यम से लोन फाइल तैयार करवाने वाले लोगों को ही लोन देता है। उन्होंने एसडीएम गन्नौर को शिकायत दे कर कार्रवाई की मांग भी की है। बैंक में उपभोक्ता सुनील, प्रदीप, विकास, विरेंद्र, पूनम, सुमन, सुरजीत व बालिस्टर ने बताया कि उन्होंने बैंक में कई महीने पहले लोन के लिए आवेदन किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह के दिशा निर्देशानुसार तथा आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के मार्गदर्शन में जिला में 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रथम कड़ी में 29 मई से 31 मई तक जिला के 6 ब्लॉक असन्ध, घरौण्डा, निसिंग, इन्द्री, नीलोखेड़ी तथा करनाल में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के कुल 226 पीटीआई तथा डीपीई, आयुष योग सहायकों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण में प्रथम दिन भाग लिया। आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.सतपाल ने बताया कि करनाल ब्लॉक में अटल पार्क सेक्टर 8 के योग शेड, जेपीएस अकादमी असंध, पीएमएस जीएसएसएस घरौंडा, जीजीएसएसएस इंद्री, पीएमएस जीएसएसएस नीलोखेड़ी, जीएसएसएस निसिंग में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करनाल ब्लॉक में योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने प्रथम दिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया, अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया।

# कर्मचारी प्रॉपर्टी आई.डी. को करेंगे स्व-प्रमाणित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र की प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने के लिए निगम की ओर से 20 टीमों का गठन किया गया है, जो निर्धारित वार्ड अनुसार घर-घर जाकर सभी सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित करने का काम करेंगी। इसे लेकर बुधवार को उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने नगर निगम के सभागार में सम्पत्ति कर शाखा के अधिकारियों तथा गठित टीमों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में उप निगमायुक्त ने प्रत्येक टीम को रोजाना कम से कम 50 सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्रत्येक कर्मचारी प्राथमिकता पर लेकर करें। उन्होंने शहर वासियों से भी अपील करते कहा है कि नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए निगम कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अब तक 27 हजार 989 प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्पत्ति धारकों की सम्पत्ति का स्व-प्रमाणित होना आवश्यक है और यह उन्हीं के हित में भी है। प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित होने के बाद केवल सम्पत्ति मालिक ही उस डाटा को देख सकता है, कोई अन्य नहीं। क्योंकि ऐसा करने से प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इस कारण कोई अन्य व्यक्ति न तो उस डाटा को देख पाएगा और न ही उसमें किसी प्रकार की छेडखानी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य नागरिकों की भागीदारी से ही पूर्ण होगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए नगर निगम का सहयोग करें।
प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उप निगमायुक्त ने बताया कि अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को नागरिक स्वयं भी स्व-प्रमाणित कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साईट पर जाना होगा। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें।
प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनों विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढने के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी।

# तदर्थ कमेटी का कार्यकाल न बढ़ाएं : जगदीश सिंह झिंडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**मांग**

**31 मई को कार्यकाल समाप्त होने के बाद भंग कर बिठाएं रिसीवर, प्रधान ने गौलक का पैसा राजनीति दल के प्रचार पर किया खर्च**

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा ने प्रदेश के राज्यपाल और सिख गुरुद्वारा निर्वाचन आयोग से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद कमेटी को भंग कर इस पर रिसीवर बिठाने की मांग की है। इसके बाद कमेटी के चुनाव जल्द करवाकर इस कमेटी का कार्यभार सिख संगत द्वारा निर्वाचित कमेटी को सौंपने की मांग की है।
आज डेरा कार सेवा में पत्रकारों से बातचीत में सरदार जगदीश सिंह झिंडा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख पंथ की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है। इसमें शामिल प्रधान तथा अन्य बड़े पदाधिकारियों ने गोलक के पैसे को अपने हितों के लिए प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए अलग कमेटी की मांग को लेकर उन्होंने अपने साथियों के साथ 22 साल तक संघर्ष किया। जब कमेटी तदर्थ बनी तो इस पर वह लोग काबिज हो गए, जो इस कमेटी का विरोध करते थे।
उन्होंने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ कमेटी का अठारह माह का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो रहा है। उसके बाद इसका कार्यकाल नहीं बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कमेटी के प्रधान तथा अन्य पदाधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने गुरुद्वारों की गौलक का पैसा राजनीतिक हितों के लिए प्रयोग किया। गौलक का पैसा एक राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार के लिए खर्च किया। झिंडा ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्राचीन और ऐतिहासिक गुरुद्वारों की मयार्दा की रक्षा नहीं कर पाई। इसलिए कार्यकाल समाप्त होने के बाद इसका कार्यकाल किसी भी कीमत पर नहीं बढ़ाना चाहिए। यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह कुरुक्षेत्र में सिख संगत का बड़ा सम्मेलन कर आंदोलन का ऐलान करेंगे।
उन्होंने सिरसा पर पलटवार करते हुए कहा कि वह जिन लोगों की गोद में बैठे हैं, वह आठ सौ किसानों की शहादत के दोषी हैं। इनमें बड़ी संख्या में सिख पंथ के लोग भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी बात उनके सामने रखेंगे। इस अवसर पर जोगिंदर सिंह झिंडा, अमरजीत सिंह बस्सी भी मौजूद रहे।

# फायरिंग कर जान से मारने की धमकी भी दी, सात के खिलाफ केस दर्ज

**विवाद**

**शिकायत में सनपेडा गांव के राजबीर ने बताया कि उसने व उसके भाई ताहर सिंह ने अपनी खेत की जमीन से प्लाट बेचे हुए हैं**

**गन्नौर:** सनपेड़ा गांव में प्लाट की दीवार तोड़ने से मना करने पर सात लोगों ने गांव के एक व्यक्ति व उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने फायर भी किए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सनपेडा गांव के राजबीर ने बताया कि उसने व उसके भाई ताहर सिंह ने अपनी खेत की जमीन से प्लाट बेचे हुए हैं। जिसमें से गांव के चतर सिंह ने 10 मरले का प्लाट उसके भाई ताहर सिंह से खरीदा था। रास्ता न होने के कारण चतर सिंह ने रास्ते के लिए उस पर अदालत मे केस किया था, जिसमें चतर सिंह हार गया। जिसके बाद उसने दो महीने पहले अपने प्लाट कि दीवार बना कर उस पर गेट लगा लिया था।
आरोप है कि 28 मई को गांव के सजंय, रोहतास, राजकुमार, पप्पी व राजकुमार, रोहतास और राजेंद्र बेटे उसके प्लाट की दीवार तोड़ने लगे। जब राजबीर ने उन्हें दीवार तोड़ने से रोका तो आरोपितों ने उसके व उसके बेटे रविंद्र के साथ मारपीट की। पप्पी ने उन्हें डराने के लिए 2 फायर भी किए। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। पुलिस ने राजबीर की शिकायत पर उक्त सातों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया का संकल्प हर बच्चा हो आत्मनिर्भर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल।** विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष सतीश चावला व सतीश पूरी मौजूद रहे, जो विद्या भारती जैसे स्कूल में बच्चों का भविष्य और बेहतर बनाने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष राकेश सचदेवा ने बताया कि मीटिंग में विस्तार रूप से युवा पीढ़ी और स्कूली बच्चों के स्किल डेवलोपमेन्ट को और ज्यादा बेहतर बनाने और उन्हें आगे चलकर रोजगार जैसे अवसर पाए जाने के लिए सिखाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि 1 जून से उन बच्चों के लिए कंप्यूटर क्लास, इंग्लिश बोलने और स्किल डेवलोपमेन्ट से जुड़े प्रोग्रामों की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# 4 को होगी मतगणना, तैयारियां जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध करवा रहे हैं। मतगणना के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
**इन स्थानों पर होगी मतगणना:** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नीलोखेड़ी-19 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, इंद्री-20 की मतगणना एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, करनाल-21 की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के हॉल नम्बर 1, करनाल-21 उप चुनाव की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा-22 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद हॉल में तथा असंध-23 के मतों की गणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद ब्लॉक में की जाएगी।
उन्होंने बताया कि प्रत्येक काउंटिंग सैंटर पर 14 काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक टेबल पर 3 काउंटिंग स्टाफ उपलब्ध रहेगा, जिसमें माईक्रो ऑब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाईजर तथा काउंटिंग असिस्टेंट शामिल है। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाफ को रिजर्व में रखा जा रहा है।
**सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की 24 घंटे की जा रही मॉनिटरिंग:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम मशीन को वीवीपैट सहित पूर्ण सुरक्षात्मक तरीके से स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ईवीएम व वीवीपैट की निगरानी के लिए जहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं वहीं सीसीटीवी से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है।

# यू.जी. कोर्स में दाखिला प्रक्रिया को लेकर शैड्यूल जारी

**टीम एक्शन इंडिया**




**आमंत्रण**

**लड़के व लड़कियों ने कालेज में प्रवेश को लेकर जानकारी के लिए आना शुरू कर दिया है**

**गन्नौर:** उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा यू.जी. कोर्स में दाखिला प्रक्रिया को लेकर शैड्यूल जारी होने के बाद गन्नौर के राजकीय कालेज गन्नौर में तैयारियां शुरू कर दी। कालेज को एजुकेशन होने के कारण प्रवेश लेने वाले लड़के व लड़कियों ने कालेज में प्रवेश को लेकर जानकारी के लिए आना शुरू कर दिया है। कालेज की तरफ से कालेज में आने वाले लड़के व लड़कियों को प्रवेश संबधित जानकारी के लिए पूरी व्यवस्था कर दी ताकि प्रवेश संबधित जानकारी के लिए छात्रों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कालेज के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व सीबीएसई द्वारा बाहरवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। अब छात्र कालेज में एडमिशन को लेकर तैयारी में लग गए है। आनलाईन की प्रक्रिया 3 से 25 जून तक होगी, दस्तावेज सत्यापन 5 से 28 जून तक होगा। पहली प्रोविजनल मेरिट सूचि 2 जुलाई, फाइनल लिस्ट 3 जुलाई व फीस जमा 4 से 8 जुलाई तक होगी। दूसरे चरण में काऊसलिंग 9,10 जुलाई , फीस जमा 10 से 12 जुलाई को होगी। पहले व दूसरे चरण में काऊसलिंग से वंचित आवेदकों की फिजिकल तीसरे चरण की काऊसलिंग 15 जुलाई को होगी।
**कालेज में सभी विषयों में स्नातक व बी.काम की पढ़ाई कर सकेंगे छात्र : सपरा**
- कालेज की प्रधानाचार्या संगीता सपरा ने बताया कि बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए 80 सीटें है। बी.काम में 80 सीटें है। उनमें लड़के व लड़कियां प्रवेश के लिए आवेदन कर सकती है। कालेज की तरफ से प्रवेश लेने वाले छात्रों को कोई दिक्कत नही आने दी जाएगी।
**उपायुक्त कालेज के नए भवन निर्माण को लेकर अधिकारियों को दे चुके आदेश**
गन्नौर में राजकीय महाविद्यालय की बिल्डिंग निर्माण के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि तय मानक के अनुसार जमीन की तलाश करें जहां निर्धारित मानकों की अनुपालना पूर्ण होती हो।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अपराधिक गोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय के सभागार में अपराधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा सभी प्रबंधक थाना व चौंकी प्रभारियों के कार्यों का आंकलन कर उन्हें अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के आदेश दिए गए। उन्होंनें पुलिस को आम जनता के लिए सुगम बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अपनी कार्यशैली को इस ढंग से बनाएं कि थाना में आने वाली सभी शिकायतों का निपटारा सही ढंग से हो और किसी प्रकार की कोई देरी न हो। एसपी ने कहा कि यदि किसी अधिकारी को किसी प्रकार के अपराध के संबंध में कोई सुचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए थाना के अलग-अलग क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि उस क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लें व उनको नशे से दूर रहकर स्वस्थ व अपराध मुक्त समाज का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करें।

## संपादकीय

# हिन्दी के पत्र-पत्रिकाओं का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान

**भारत-चीन लड़ाई का** उल्लेख करें अथवा भारत-पाकिस्तान युद्ध का या फिर कोरोना से जंग के कठिन दौर का, प्रेस ने प्रत्येक ऐसे विकट अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत नहीं होगा कि इसमें हिन्दी पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र ह्यउदन्त मार्तण्डह्ल के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था ह्यसमाचार सूर्यह्ल। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र ह्यउदन्त मार्तण्डह्ल 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थीं। चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उदन्त मार्तण्ड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की बात हो या, व्यवसायीकरण के आरोपों या घर बैठे दुनिया की सैर कराने की, तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है।

# आग बरसती गर्मी और मेहनतकश कामगार

निर्मल रानी

> “मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर भी अब खूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की कतारें ,ट्रैफिक जाम,असंख्य होटल,पार्किंग समस्या लगभग सभी पर्वतीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज करने का प्रयास करें वहीँ मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यकीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मजदूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी”

**लगभग पूरे विश्व** में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा इस बात की जानकारी पहले ही दी जा चुकी थी। आज जब सूर्य आग उगल रहा है और धरती पर आग बरस रही है तो मौसम वैज्ञानिकों की इस भविष्यवाणी को सही साबित होते हुये देखा भी जा रहा है। खासकर भारत सहित कई दक्षिण एशियाई देश इस समय भयंकर गर्मी व तपिश की मार झेल रहे हैं। न केवल सुबह होते ही आग बरसनी शुरू हो जाती है बल्कि गर्मियों की रात में जो मौसम थोड़ा बहुत खुशगवार हुआ करता था वह रातें भी अब पूरी तरह से गर्म होने लगी हैं। परिणाम स्वरूप बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। आम लोग सिर्फ किसी बेहद जरूरी कामों से ही बाहर निकलते हैं अन्यथा बाजार की खरीद फरोख़्त के लिये शाम को ही घरों से निकल रहे हैं। परन्तु अपनी ड्यूटी निभाने वाले और मेहनतकश रिक्शा रेहड़ी वालों की किस्मत में आराम कहाँ ? रेलवे के मेहनतकश कर्मचारी,खलासी,गैंगमैन इसी प्रचंड गर्मी में तपते हुये रेल ट्रैक पर कहीं रेल की पटरी बदल कर रहे हैं तो कहीं भारी भारी स्लीपर इधर से उधर ले जा कर हमारी सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस के जवान मोटी वर्दियां टोपियां पहन कर सड़कों पर ड्यूटी दे रहे हैं। ट्रैफिक के जवान तपते सूरज की परवाह किये बिना चौक चौराहों पर खड़े होकर हमसबको सुरक्षित यातायात देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। भारत में अब तक सौ से अधिक लोगों के इस गर्मी की चपेट में आकर मरने की खबर है। जरा सोचिये इसी गर्मी में होने वाले भीषण अग्निकांड में जो फायर फाइटर्स आग बुझाते हैं वे कितनी गर्मी का सामना करते होंगे ? भारत के जिन शहरों में 40 डिग्री तापमान में हाहाकार मच जाता था उन्हीं इलाकों में पारा 50 तक पहुँच गया है और कहीं कहीं तो 50 डिग्री से भी ऊपर चले जाने का समाचार है। जैसलमेर में बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला 173 बटालियन का अजय कुमार नामक एक बी एस एफ का जवान अपनी ड्यूटी पर गर्मी के ताप को सहन न कर पाने के कारण अपनी जान गँवा बैठा। उत्तर भारत के कई इलाके गर्म हवा और लू की चपेट में हैं। इसी



## ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वजन लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें

मौसम में कहीं कोई बुजुर्ग रिक्शा चलाते दिखाई देगा तो कोई भरी वजन सिर पर उठाये। निर्माण क्षेत्र में तो करोड़ों लोग मिस्त्री व मजदूर तपती धूप में खड़े होकर काम करते दिखाई देंगे। दूसरी तरफ ईश्वर की कृपा प्राप्त सुविधाभोगी व आराम परस्त वर्ग प्रकृति के इस प्रकोप से बचने के लिये तरह तरह की सुविधाओं का उपभोग कर गर्मी सी निजात पाने की कोशिश करता है। संपन्न वर्ग घरों में ए सी से लेकर कारों व कार्यालयों में भी ए सी का इस्तेमाल करता है। इसका परिणाम यह होता है कि जहाँ कारों से निकलने वाला जहरीला धुआं गर्मी के साथ साथ वातावरण के प्रदूषण को बढ़ता है वहीँ ए सी से निकलने वाली गर्मी भी पूरे वातावरण को और भी गर्म करती है। अत्यधिक बिजली खपत के चलते इन दिनों बिजली की कटौती भी खूब होती है। बेशक यह सुविधासंपन्न लोगों का अधिकार भी है कि वे अपनी जरुरत के अनुसार सुविधाओं का इस्तेमाल भी करें। परन्तु इस तपती घूप व आग उगलती गर्मी में हम सब की सुविधाओं के लिये अपनी ड्यूटी निभाने वालों को नजरअंदाज करना भी कतई इंसानियत नहीं। ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वजन लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें । इससे उसे सहायता भी मिलेगी साथ ही आपको यह एहसास भी होगा कि इतनी गर्मी में भारी वजन खींचने वाले हम जैसे दूसरे इंसान पर क्या गुजर रही होगी । कोई रेल कर्मी ,पुलिस कर्मी या ट्रैफिक वाला अथवा फौजी धूप में ड्यूटी करता दिखाई दे तो उसे ठंडा पानी देने का प्रयास करें, किसी को छाता देकर उसे धूप से बचाने की कोशिश करें। संभव हो तो इस गर्मी में हाथ से हिलाने वाले पंखों का वितरण करें। ककड़ी,खीरा,तरबूज व खरबूजा जैसे गर्मियों में राहत देने वाले फल जरूरतमंदों को वितरित करें। ठन्डे पानी की छबीलें लगायें। अपने घरों दुकानों के आसपास सड़क पर जल छिड़काव करें। सरकार को भी सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के लिये सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। गरीबों व आम लोगों के दान दक्षिणा से चलने वाले धर्मस्थलों को भी इस भयंकर गर्मी में अपनी दान पेटी का मुंह ऐसे रहत कार्यों के लिये खोलना चाहिये। अनावश्यक आग जलाने व धुआं फैलाने से भी परहेज करें। पेड़ काटने के बजाये वृक्ष लगाने के अभियान चलायें।

याद रखिये आज जिस भीषण गर्मी का सामना हमसबको करना पड़ रहा है उसकी जिम्मेदार प्रकृति नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। विकास के नाम पर फैलते कंक्रीट के जंगल, औद्योगीकरण के नाम पर समाप्त होती हरियाली,बढ़ता शहरीकरण,सम्पन्नता के नाम पर बढ़ते वाहन व ए सी,जंगलों की होती अंधाधुंध कटाई आदि मानव जनित है। और यही ग्लोबल वार्मिंग का भी कारण है ,इसी के चलते ग्लेशियर भी पिघलने लगे हैं। गोया आने वाले वर्ष और भी भयंकर गर्मी व तपिश लाने वाले हैं। हम भारतीय लोग जो 40 डिग्री तापमान सहन नहीं कर पाते थे अब 50 डिग्री यानी अरब देशों में पड़ने वाली सामान्य गर्मी झेलने के लिये मजबूर हैं। धनाढ्य लोग जो गर्मी के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में चले जाया करते थे उनकी बढ़ती संख्या ने वहां के मौसम को भी बदल दिया है। मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर भी अब खूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की कतारें ,ट्रैफिक जाम,असंख्य होटल,पार्किंग समस्या लगभग सभी पर्वतीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज करने का प्रयास करें वहीँ मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यकीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मजदूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी।

## कविता

### शुभकामना,मंगल कामना गीत

छूटे कुछ पल,
बीते कुछ पल,
कुछ पलों ने दिल को छुआ,
कुछ पलों ने मन को दी पीड़ा,
कुछ पल थे सादे सादे,
कुछ पलों में थी रोशनाई,
कुछ फूलों ने बगिया अपनाई,
कुछ भवरों ने कलियों को छेड़ा,
कुछ कलियां भी बहुत शरमाई, मुस्कुराई,
कुछ पुष्प साथ छोड़ गए,
कुछ फूलों ने गगन को चूमा,
कुछ पल धरा पर लेट गए,
कुछ पल कानों में मधु रस घोल गए,
कुछ पल वियोग का रस छोड़ गए,
चलो भूले कल की उदासी को,
आया तेजस्वी युवा सवेरा,
सूरज की रोशनी में,
ऊर्जा शक्ति का बसेरा है,
स्वीकारे,
नव वर्ष की स्फूर्त किरणों को,
नव संकल्प, नव उद्देश,नव आकाशों को,
स्वागत करें ईश्वर के नव वर्ष के आशीर्वचनो को,
नव वर्ष की असीम शुभकामनाएं ,
आपकी समस्त मंगल कामनाएं पूर्ण हो,
इसी अभिलाषा, आकांक्षा

संजीव

# ... ज़िंदा रहे इस देश की मनीषा

प्रसांत वीर सिंह

**देश** केवल महंगाई, रोजगार, गरीबी, भूख, पेयजल, स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण जैसे आधारभूत मुद्दों से नहीं जूझ रहा है। ये सब मुद्दे तो वस्तुतः अस्थायी प्रकृति के हैं, जिसमें कोई भी ईमानदार और दृढ़ संकल्पित सरकार आगामी कुछ वर्षों में प्रयास करके सुधार कर सकती है। असल में वास्तविक क्षति तो मानव संसाधन के रूप में लोगों के सोचने-विचारने और तर्कपूर्ण चिंतन करने की क्षमता के क्षय के रूप में हुआ है, जो हमारे आकलन से भी परे है। हाल के समय में लोग वैचारिक तौर पर इतने असहिष्णु हो चुके हैं कि किसी की, कोई भी बात बिना विचार किए खारिज कर देने / स्वीकार कर लेने की स्थिति में आ गए हैं। आपको यह टिप्पणी सामान्य तौर पर राजनीतिक लग रही होगी लेकिन इससे कहीं अधिक यह जैविकी है, हमारी-आपकी अगली पीढ़ी के बारे में है। सामान्य तौर पर मेरा विश्वास है कि हम सभी डॉर्विन के विकासवाद के सिद्धांत से परिचित हैं, आसान शब्दों में कहें तो कोई सजीव / प्रजाति जिस शारीरिक हिस्से / अंग को प्रयोग में लेना बंद कर देता हैं, अगली पीढ़ियों में धीरे-धीरे उसका विलोपन होने लगता है और जिस शारीरिक हिस्से / अंग का प्रयोग बढ़ा देता है, अगली पीढ़ियों में वह अधिक उन्नत अवस्था में प्रकट होता है। इस हिसाब से हमारे मस्तिष्क का कार्य सोचना-विचारना और तर्कपूर्ण चिंतन करना है, लेकिन हम तो वह कर ही नहीं रहें, सुनी-सुनाई बात पर भरोसा करके लकीर के फकीर बने हुए हैं। अब आप कह सकते हैं कि क्या इतनी छोटी अवधि में सोचने-समझने की क्षमता में परिवर्तन हो जाएगा? जी नहीं, बिल्कुल नहीं, पहले तो ऐसा परिवर्तन लाखों वर्षों की निरंतरता का परिणाम होता है दूसरे यह परिवर्तन उक्त सजीव / प्रजाति की पूरी आबादी की सामूहिक सहभागिता से निर्धारित होता है। लेकिन ध्यान रखिए भले ही लाखों वर्षों के सापेक्ष 10-15-20-30 वर्षों की अवधि अत्यंत अल्प है किंतु आपकी आयु के सापेक्ष, आपकी अगली पीढ़ी में, परिवर्तन के लक्षण प्रकट करने के लिए यह अवधि पर्याप्त है। इसलिए जीवन में लंबे समय तक यही प्रवृत्ति अपनाए रखना निश्चित तौर पर हमारे-आपके जीन को कमजोर करेगा और अगली पीढ़ियों तक इसका दुष्प्रभाव पहुँचेगा, जो देश और समाज की वैचारिकी तथा प्रगति को सैकड़ों साल पीछे कर सकता है, और ऐसा केवल और केवल हमारे जीन में नकारात्मक परिवर्तन के कारण होगा।

जीन में प्रतिक्षण होने वाले इस परिवर्तन की तीव्रता और उपयोगिता को हम इस बात से समझ सकते हैं कि बच्चे सुंदर और स्वस्थ मस्तिष्क के पैदा हों इसलिए चिकित्सक गर्भवती महिलाओं को गर्भ के दौरान शयनकक्ष में सुंदर बच्चों की तस्वीर लगाने और अच्छी किताबों को पढ़ने का सुझाव देते हैं ताकि सकारात्मकता से परिपूर्ण हार्मोन जीन को और अधिक समृद्ध कर सकें, बेहतर कर सकें। इसलिए आप वोट चाहे किसी को भी दीजिए किंतु आपका यह मतदान किसी भीड़ के सामूहिक स्वीकृति से प्रभावित न होकर, आपके स्वयं के स्तर पर सोच-विचार का निकष होना चाहिए, कि आप अमुक व्यक्ति / पार्टी को ही क्यों वोट देना चाहते हैं। ताकि आपकी तार्किकता ज़िंदा रहे, आपका वैचारिक वजूद ज़िंदा रहे और ज़िंदा रहे इस देश की मनीषा और भारत के पुनः विश्व गुरू बनने की उम्मीद। जय हिंद।

## विचार

# जलवायु संकट से जूझती महिलाएं

विजय गर्ग

**हाल में** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए एक आंतरिक शोध से पता चला है कि बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन संबंधी आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं। जलवायु परिवर्तन संबंधी खतरों के संपर्क में आने वाले बच्चों में बौनापन, कम वजन और जल्दी गर्भधारण की संभावना अधिक देखी जा रही है। हमारे देश में महिलाओं और बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर बहुत कम शोध हुए हैं, साथ ही नीति निर्माण में अक्सर इनकी अनदेखी की जाती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए अध्ययन के मुताबिक भारत के 70 फीसद जिलों में बाढ़, सूखा और चक्रवात का खतरा बढ़ गया है। 183 जिले चक्रवात और बाढ़ जैसी आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं, वहीं 349 जिले सूखे की मार झेल रहे हैं। इन जिलों में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण, किशोरावस्था में गर्भ धारण और घरेलू हिंसा संकेतक भी बहुत गंभीर हैं।

देश के करीब 51 फीसद बच्चे गरीबी और जलवायु संकट की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। आंकड़ों के मुताबिक भारत के करीब 35.2 करोड़ बच्चे वर्ष में एक बार प्राकृतिक आपदा का सामना जरूर करते हैं। ऐसे में हम भले विकसित बनने का दम भर लें, लेकिन कहीं न कहीं यह हकीकत से काफी परे है और वर्तमान के साथ ही भारत का भविष्य भी चिंतित करने वाला है। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर धाक जमाएं या न जमाएं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सार्थक कदम की सख्त जरूरत है। मगर हमारे देश में राजनेताओं के लिए पर्यावरण संकट कभी मुद्दा नहीं रहा और शायद यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट विकराल हो चला है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। अब तो हालात इस हद तक बदतर हो चले हैं कि मां की कोख में पल रहा बच्चा तक सुरक्षित नहीं है। आज समूचे विश्व में बढ़ते तापमान के चलते समयपूर्व बच्चों के जन्म का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि तापमान के बढ़ने से न केवल नवजात शिशुओं, बल्कि भ्रूण में पल रहे बच्चे तक के प्राण संकट में हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। बदलता मौसम संक्रामक रोगों के संचरण, पानी की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा में कमी का कारण बन रहा है। वैसे तो जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करता है, लेकिन जैविक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों से पुरुषों और महिलाओं को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करता है। बढ़ते तापमान के कारण गर्भवती स्त्रियों के लिए गंभीर जोखिम का कारण बन रहा है। समय से पहले प्रसव, गर्भ के समय उच्च रक्तचाप और 'प्री-एक्लेमप्सिया' का खतरा काफी बढ़ रहा है। गर्भवती महिलाओं का अधिक गर्मी के संपर्क में आने से गर्भपात और समय पूर्व प्रसव का खतरा कई गुना बढ़ गया है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ के एक अध्ययन की मानें, तो गर्भावस्था के पहले सात हफ्तों के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने वाली महिलाओं में जल्दी प्रसव होने की संभावना ग्यारह फीसद तक बढ़ जाती है।

. जलवायु परिवर्तन के चलते बीमारियों का प्रसार बढ़ता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए संकट पैदा करता है। भारत में गरीब समुदाय की महिलाएं स्वास्थ्य से जुड़े जोखिमों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होती हैं।

इसकी सबसे बड़ी वजह है कि वे ऐसे वातावरण में रहने को मजबूर हैं, जो स्वास्थ्य और साफ-सफाई की दृष्टि से काफी प्रदूषित है। साथ ही, ऐसी महिलाओं को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं भी मयस्सर नहीं हो पाती हैं। बढ़ती बीमारियां महिलाओं के जीवन पर सीधे असर डालती हैं। अगर स्वास्थ्य खराब है, तो दिक्कत होना स्वाभाविक है, लेकिन अगर परिवार का कोई अन्य सदस्य भी बीमार हो जाए तो इससे घर की महिलाओं की दिनचर्या सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। इस तरह महिलाएं बीमारी के चक्र में फंसी रहती हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती

**विगत दो** दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं,

जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है।

# हार का ठीकरा तैयार है फूटने के लिए

रामविलास जांगिड़

इधर हार का ठीकरा बहुत डिमांड में है। हर दल, हर पार्टी, हर नेता हार के ठीकरे को इधर-उधर ढूंढ़ रहा है। हर एक ठीकरे को तैयार किया जा रहा है। हारे नहीं कि उसे फोड़ा नहीं! हार का ठीकरा मिल जाए तो उसको फोड़-फूड़ कर काम खत्म करें। उसे भी लग रहा है कि टाइम से फूट जाए तो वह भी आराम से सांस ले। फूट जाए तो बेचारे ठीकरे की जान छूटे! दलांतर, दल-दल, दलबाज सब आएंगे और अपने-अपने ढंग से उस ठीकरे को फोड़ेंगे। कोई कुनबा, कोई पार्टी, कोई दलदल, कोई परिवार हार के ठीकरे को फोड़ने के लिए पाकिस्तान का हाथ बताना ज्यादा उचित समझेगा। पाकिस्तान पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए कहेंगे कि हम पाकिस्तान की वजह से हारे। कोई दलदल, कोई पार्टी हार का ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर फोड़ने के लिए तैयार है। वे कहते हैं कि सारा ही किया धरा इस ईवीएम मशीन का है। बोट किसको दो और बोट किसके यहां चले जाते हैं। दूसरों के सबके खटके में करंट चेप रखा है। बटन कोई दबावो फलानी पार्टी को ही वोटवा जाता है। चुनाव का मेला है। चुनाव का झमेला है। बहुत बड़ा खेला है। यही तो बड़ा रेला है। चुनाव में सर्कस सजाया हुआ है। एक जोकर चिल्ला रहा है। आओ! आओ! देखो! देखो! अंदर आ जाओ। इधर विभिन्न पार्टियों के खेल देखो। सियासी गेम देखो। सामने वह ठीकरा पड़ा है। उसे कहते हैं हार का ठीकरा! इसको हर कोई फोड़ना चाह रहा है। गली के पिछवाड़े रहने वाले नाथूलाल ने भैया जी द्वारा नामांकन भरते समय छींक दिया था, इसलिए हार गए। तीसरी गली के चौथे मोड़ पर पांचवें कोने पर जैसे ही भैया जी गुजरे एक काला कुत्ता ठीक उनके सामने आ गया, इसलिए हम लोग हार गए। असल में पार्टी कार्यालय के आगे मिर्ची के साथ नींबू बांधना था। उसे लटकाना था। विरोधी पार्टी ने ऐसा नहीं होने दिया, इसलिए हम हार गए। इन सबमें ये जीतने वाली जो पार्टी है, सब उसका षड्यंत्र है। इन सबके आदमी इनसे मिले हुए हैं। इन्हीं के आदमियों ने आगे गली में नाथूलाल को छींकने के लिए उकसाया। विरोधी पार्टी के नेताओं ने नाथूलाल को छींकने के लिए बहुत सारा रोकड़ा घर पहुंचाया।

## न्यूज फ्लैश

### लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की लॉन टेनिस खिलाड़ी आलिया दहिया ने जीता सिल्वर पदक




**सोनीपत:** 22 मई 2024 से 24 मई 2024 तक दिल्ली में आयोजित यूनिवर्सल टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की लॉन टेनिस खिलाड़ी आलिया दहिया ने फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की प्रिया बिष्ट से 4-6, 4-6 के स्कोर से खेलते हुए सिल्वर पदक जीता । इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया । आलिया दहिया लॉन टेनिस खेल के साथ-साथ सॉफ्ट टेनिस की भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है । आलिया दहिया की इस जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### आदेशों की अवहेलना कर खोला स्कूल, नोटिस देकर किया जाएगा जवाब तलब



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा:** शिक्षा विभाग की तरफ से सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों की सोमवार से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए भी स्कूल बंद रखने के आदेश जारी कर दिए गए। लेकिन इन आदेशों को धत्ता बताते हुए भी स्कूल खुले थे। जिसकी सूचना पाकर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग की एक टीम शिक्षा विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर भदाना के शिवाजी स्कूल पहुंची। जहां पर तीसरी से बारहवीं कक्षा तक संचालित की जा रही थी।
स्कूल में सीएम फ्लाइंग की टीम इंस्पेक्टर सुनील की अगुवाई में पहुंची, जिनके साथ शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी के एसए सतीश कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने स्कूल में पहुंचकर सिलसिलेवार तरीके से सभी कक्षाओं में पहुंचकर वहां पर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की गणना करने के साथ ही उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों का भी रिकार्ड तैयार किया। टीम ने कहा कि स्कूल संचालक द्वारा स्कूल को खोलकर माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा पंचकुला, निदेशक के आदेशों की अवहेलना की है। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी जाएगी, जिनके द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट को मुख्यालय भेजा जाएगा। इससे पहले स्कूल को नोटिस देकर उससे आदेश के बावजूद स्कूल खोलने को लेकर जवाब तलब किया जाएगा। इस दौरान टीम सदस्य एएसआइ राजेश कुमार भी मौजूद रहे।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**राई।** मोतीलाल नेहरु खेल स्कूल राई में चार दिवसीय अन्त: सदनीय प्रतियोगिता स्कूल के प्रथम प्रधानचार्य कर्नल मुनीन्द्र चन्द्र की याद में वरिष्ट छात्रों के बीच अंग्रेजी विषय में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस इज ब्लेस्सिंग टू ह्यूमन काइंडग विषय पर हुई। प्रतियोगिता में 11वी व 12 वी कक्षा के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रा सोनाली ने आर्टिफीसियल के महत्व एवं मानव से उसके संबंधों पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस को मानव के विकास क्रम की संजीवनी बताया, साक्षी ने आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस को मानव जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग बताया। प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल अशोक मोर ने खेल स्कूल राई के प्रथम प्रधानचार्य के भूरी -भूरी प्रसंशा करते हुए आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस और मानव संबंधो पर प्रकाश डाला।

# नर्सरी के लिए छोड़ी गई जमीन पर बनाए जा रहे हैं अवैध कमर्शियल भवन

## तहसील कार्यालय द्वारा यहां की रजिस्ट्री करना 7ए की वायलेंस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




एचएसवीपी द्वारा भूमालिक को नर्सरी के लिए कटारिया स्टेट जीटी रोड पर छोड़ी गई लगभग सवा एकड़ जमीन पर बनाए जा रहे हैं अवैध कमर्शियल भवन , निगम द्वारा आवासीय प्रॉपर्टी आईडी बनाकर सरकार के साथ किया जा रहा है करोड़ों का घोटाला यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए बताया कि उनके द्वारा पहले भी भूमाफिया, नगर निगम और तहसील कार्यालय की जुगलबंदी से हो रहे इस करोड़ों के घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया था जिसे लेकर नगर निगम द्वारा यहां पर पीला पंजा चला कर अवैध निमार्णों को गिराया था लेकिन अब फिर चुनाव में लगी आचार संहिता का फायदा उठाकर यहां हरियाली के लिए छोड़ी गई इस जमीन पर खुले रूप से निगम अधिकारियों की मिली भगत से अवैध कमर्शियल भवन बनाए जा रहे हैं नगर निगम आवासीय प्रॉपर्टी आईडी बनाकर सरकार को करोड़ों की चपत लगा रही है और तहसील कार्यालय 7 ए की वाइलेंस होने के बावजूद भी यहां पर टुकड़ों में रजिस्ट्री करवाकर खुले रूप से नियमों की धज्जियां उड़ाने का कार्य कर रहा है । उन्होंने बताया कि इस मामले में तत्कालीन महापौर अवनीत कौर द्वारा हमारी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए इस जगह की प्रॉपर्टी ऑईडियो को कैंसिल करवा दिया गया था लेकिन कुछ समय बाद फिर से भू माफियाओं और नगर निगम कि सांठ-गांठ के चलते यहां बनने वाले कमर्शियल भवनो की आवासीय प्रॉपर्टी आईडी बनाकर सरकार को करोड़ों रुपए की चपत लगाने का कार्य किया है ।
उन्होंने कहा कि इससे बड़ा घोटाला और क्या हो सकता है कि सरकार से हरियाली के लिए छूडवाई गई जगह को भू मालिक द्वार सभी नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्लाटिंग कर वहां अधिकारियों की मिली भगत सेअवैध कमर्शियल भवन बनाने का कार्य करवाया जा रहा है जो कि सीधे रूप से सरकार के साथ बहुत बड़ा घोटाला है ।
उन्होंने कहा कि लगभग 5800 गज जगह जो नर्सरी के लिए थी उसकी तहसील कार्यालय द्वारा किस प्रकार से रजिस्ट्री की गई यहां पर सीधे रूप से 7 ए की वाइलेंस बनती है इस घोटाले में भूमालिक के साथ-साथ प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाले और यहां पर अवैध कमर्शियल भवन बनवाने वाले नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ रजिस्ट्री करने वाले तहसीलदार भी दोषी है।

## पीओ घोषित आरोपी को थाना किला पुलिस ने गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पानीपत पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को थाना किला पुलिस ने माननीय न्यायालय से पीओ घोषित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शमशाद निवासी गढेरा बागपत यूपी के रूप में हुई। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि आरोपी शमशाद को सितम्बर 2007 में थाना किला पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। इसके दो महीने बाद आरोपी जेल से बेल पर बाहर आ गया था। बेल पर बाहर आने के बाद आरोपी शमशाद माननीय न्यायायल में निर्धारित तारिखों पर पेश नही हुआ। माननीय न्यायायल द्वारा आरोपी को नवम्बर 2013 में पीओ घोषित किया था। थाना किला पुलिस पीओ घोषित होने के बाद आरोपी शमशाद की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर महाबीर ने बताया कि थाना किला पुलिस ने मंगलवार देर शाम को आरोपी शमशाद को वीर भवन चुंगी के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार आरोपी शमशाद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## गौमाताओ की सेवा करने के लिए जाते हैं दिलबाग सिंह

**सोनीपत:** हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह अवकाश के दौरान सेवा के कार्यों में अपना योगदान देते रहते हैं। प्रतिदिन हिंदी प्रवक्ता अपनी दिनचर्या में प्रातः 5:30 बजे रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो पर प्याऊ की व्यवस्था बनाते हैं जैसे की गिलास धोना ,सफाई करना ,पौधों में पानी देना, पक्षियों के लिए बर्तन में पानी डालना ,यात्रियों को सवा छह बजे तक पानी पिलाना इसके उपरांत पुरखास रोड पर स्थित गौशाला की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में बीमार गौमाताओ की सेवा करने के लिए जाते हैं। वहां पर शाम का चारा निकलना ,पानी पिलाना ,गोबर उठाना, खुर्रा फेरना तथा चारा डालना आदि फिर सेक्टर 12 में अपनी झोपड़ी के सामने वाले पार्क की सफाई करना।

# बेल्ट बनाने की फैक्टरी में एक के बाद हुए धमाके


## आग में झुलसे लोगों को निजी व सरकारी अस्पताल में करवाया गया भर्ती

**टीम एक्श नइंडिया**
**राई** औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रबड़ बेल्ट बनाने की फैक्टरी में आग लगने से बॉयलर, केमिकल के ड्रम और सिलिंडर फट गए। फैक्टरी में रबड़ की बेल्ट होने के चलते भीषण आग लग गई। आग से फैक्टरी के कर्मियों, अधिकारियों, मालिक के साथ ही बचाव को आए रीमा प्रधान राकेश देवगन भी बुरी तरह से झुलस गए। अग्निशमन विभाग की 10 गाड़ियों ने ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। झुलसने वालों को नागरिक अस्पताल, निजी अस्पताल, पीजीआई रोहतक व खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला उपायुक्त ने सरकारी व निजी अस्पताल में घायलों का हालचाल जानने पहुंचे। जहां उन्होंने बचाव व राहत कार्य तेज करने के आदेश दिए है।

> **दुखद**
> ▶▶ आठ कर्मचारियों की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई किया रेफर
> दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर पाया काबू

बता दें कि हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), राई स्थित सांवरिया एक्सपोर्ट फैक्टरी में रबड़ की बेल्ट बनाई जाती है। फैक्टरी में श्रमिक काम कर रहे थे कि मंगलवार शाम करीब चार बजे बॉयलर में आग लग गई। जिससे फैक्टरी में हड़कंप मच गया। फैक्टरी कर्मी व अन्य अधिकारी आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। राई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्करिंग एसोसिएशन (रीमा) के प्रधान राकेश देवगन की फैक्टरी भी बेल्ट फैक्टरी के पास है। वह भी बचाव कार्य कराने के लिए पहुंच गए। आग पर काबू पाने के प्रयास में अचानक बॉयलर फट गया। जिससे आग भड़क गई। बताया जा रहा है कि इसी दौरान केमिकल से भरा एक ड्रम और अंदर रखे व्यवसायिक गैस सिलिंडर भी फट गए। जिससे आग भड़क गई। आग से फैक्टरी में कार्यरत कर्मियों समेत 37 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल, बहालगढ़ रोड स्थित दो निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।
नागरिक अस्पताल से आठ घायलों को पीजीआई रोहतक व खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेजा गया। 18 घायलों को उपचार बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है तो दूसरे अस्पताल में गए आठ घायलों में से पांच को नागरिक अस्पताल भेज दिया था।

## गर्मी: तरबूज तथा खरबूजे की है खूब धूम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आजकल जैसे भीषण गर्मी पड़ रही है तो हर छोटे बड़े व्यक्ति को राहत चाहिए। ऐसे में लू के थपेडे. और चिलचिलाती धूप में तरबूज और खरबूजे की बिक्री काफी बढ़ गई है। चिलचिलाती गर्मी के बीच कुरुक्षेत्र में फ्रूट विक्रेता दुकानों तथा रेहड़ियों पर खरबूजे एवं तरबूज बेचने वालों की भी खूब बिक्री हो रही है। सब्जी मण्डी के आढ़ती भी भीषण गर्मी में बिक्री बढ़ने से खुश हैं। विक्रेताओं विशंभर लाल, राज कुमार, अशोक कुमार तथा अमित का कहना है कि इस समय तापमान के 45 डिग्री तक पहुंचने से तरबूज और खरबूजे में अच्छी मिठास आ गई है। इसके साथ ही इन फलों की बिक्री बढ़ गई है। बिक्री भी तीन गुना अधिक हो गई है। माना जा रहा है कि ऐसी ही गर्मी रही तो इस बार तरबूज और खरबूजे की खेती करने वाले किसानों को काफी लाभ की उम्मीद है। इस संबंध में कृषि विशेषज्ञ डा. सी.बी. सिंह का कहना है कि लू चलने से तरबूज और खरबूजे में मिठास बढ़ गई है। बाजार में इनकी बिक्री बढ़ गई है।

# हैबिटेट क्लब में किया तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

## - प्रशिक्षण शिविर में जनसाधारण ने योगाभ्यास किया और योग के महत्व को जाना

**टीम एक्श इंडिया**
**सोनीपत:** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सोनीपत डॉ बलविन्द्र ने बताया कि दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए डॉ रजनीश कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।
जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के जारी दिशा-निर्देशानुसार आयुष विभाग सोनीपत द्वारा शारीरिक शिक्षा / पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण (सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीआई सभी) संबंधित जिले की योग समितियों के योग शिक्षक एवं आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों द्वारा आज बुधवार को हैबिटेट क्लब में प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया।




> **योगाभ्यास**
> ▶▶ आयुष विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों व इच्छुक जनसाधारण ने भी योगाभ्यास किया

उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन अधिकारियों / कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण संगीता देवी, योग विशेषज्ञ एवं योग सहायक मोहित, नीरज और रेनू द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा विभाग और खेल विभाग के सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई व डीपीआई, पतंजलि योग समिति, लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत, योग भारती संस्था के सदस्यों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया और आयुष विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों व इच्छुक जनसाधारण ने भी योगाभ्यास किया।

# किसान ने एसडीओं द्वारा समाधान न करने पर एसडीएम को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** बिजली के तार ठीक कराने के लिए बिजली विभाग को बार-बार शिकायत करने के बाद समाधान न होने से परेशान किसान ने एसडीएम को शिकायत देकर समाधान करवाने की मांग की। एसडीएम को दी शिकायत में गांव अगवानपुर के किसान रामकिशन ने बताया कि मेरी गांव अगवानपुर में खेत में बिजली का ट्यूबवैल है। हमारे ट्यूबवैल का कनैक्शन रोहताश के ट्यूबवैल पर रखे 100 पावर ट्रांसफार्मर से है। जिस पर 9 कनैक्शन है। ओवरलोड होने के कारण आखिर में लगे दो ट्यूबवैल पर पूरी बिजली आपूर्ति नही होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमारे ट्यूबवैल कनैक्शन की दो एकड़ की बिजली की लाईन की तार बिल्कुल ढीली होने से नीचे लटक रही है और हर समय दुर्घटना होने का अन्देशा रहता है।
शिकायत में आरोप है कि बिजली की समस्या के समाधान को लेकर वे बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओं से लेकर अन्य अधिकारियों को शिकायतें कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गत 28 मई को भी अपनी समस्या के समाधान को लेकर गढ़ी झंझारा रोड़ कार्यालय में दो घंटे बैठाया और मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। मांग करने पर गलत व्यवहार किया गया। किसान ने एसडीएम को दी शिकायत में खेत में आ रही बिजली की समस्या के समाधान की मांग की। इस बारे में जब बिजली विभाग के ग्रामीण एसडीओ से बात करनी चाही तो सर्म्पक नही हो सका।

**मुख्यमंत्री ने बैठक में दिए है आदेश, अधिकारी लोगों की समस्या का करे समाधान**

- गत दिनों भी मुख्यमंत्री ने बैठक में आदेश दिए है कि अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान प्रमुखता से करे। अधिकारी की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गांव पुरखास में गेंहू के करीब 14 कट्टे चोरी

**गन्नौर:** गांव पुरखास में घेर में रखे गेंहू के करीब 14 कट्टे चोरी हो गए। चोरी की शिकायत देते हुए ग्रामीण प्रेम ने गांव के युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए गन्नौर थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में पुरखास गांव के प्रेम सिंह ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। मेरे मकान के साथ लगता मेरा घेर है। घेर के अंदर कट्टो में गेहूं भर कर रखे हुए थे। आरोप है कि 22-23 मई की रात को मेरे घेर से गेहूं के करीब 14 कटे जिनमें करीब 6 किंवटल गेहूं की चोरी हो गई। आरोप है कि गेंहू के कट्टे गांव के नीरज व विजय ने चोरी किए है। उक्त दोनो के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# उद्योगों में हो रहे हादसों के लिए सरकार की नीतियां जिम्मेदार: सीटू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उक्त** बात सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, अध्यक्ष सुरेखा, उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार एवं सीटू के राज्य नेता आनंद शर्मा ने कही। उन्होंने कहा की सोनीपत में हुए हादसे के लिए जितना दोषी कंपनी प्रबंधन है, उतना ही राज्य सरकार का रवैया है। श्रम कानूनों में ढील दिए जाने, फैक्ट्रियों में सेफ्टी एण्ड हेल्थ के मामले में बिल्कुल ही निगरानी का अभाव है। पिछले तीन महीनों में बड़ी बड़ी घटनाएं हो रही हैं जिनमें दर्जनों मजदूर जिंदा जल गए। कल राई में रबड़ फैक्ट्री में बायलर फटने लगी आग के चलते 37 मजदूर आग में जल गए जिनमें 2 की मौत हो चुकी है, 10 की हालत बेहद नाजुक है।



सोनीपत में ही 7 मई, 6 फरवरी, 21 सितंबर, 22 अगस्त को इस प्रकार की बड़ी दुर्खतनाएं उद्योगों में हो चुकी है। पिछले दिनों 16 मार्च को धारूहेड़ा में एक कंपनी में बायलर फटने से 16 मजदूरों की जलने से मौत हो गई थी व 39 मजदूर घायल हो गए थे। उन्होंने कहा की हरियाणा में किसी न किसी उद्योग में इस प्रकार से दुर्घटना हो रही हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार और उसकी एजेंसियों की नींद नहीं टूटी। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध तरीके से हजारों फैक्ट्रियां चल रही हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। जिनका रजिस्ट्रेशन है, उनमें श्रम कानूनों तथा सेफ्टी और हेल्थ की धज्जियां उड़ रही है। यह सब सरकार की नाक के नीचे चल रहा है। जो मजदूर उधोगों में काम करते हैं राज्य के जीडीपी में भारी योगदान देते हैं, उनको सरकार ने मरने के लिए छोड़ रखा है। मुनाफे की हवस में कितनी जिंदगिया तबाह हो रही हैं।
सीटू हरियाणा राज्य कमेटी ने सरकार से मांग की है की सेफ्टी एंड हेल्थ के मानकों को सभी उधोगों में लागू करवाया जाए। जो फैक्ट्री मालिक उक्त मामले में विफल है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उद्योग में इन घटनाओं में मरने वाले मजदूरों के आश्रितों को 30 लाख का मुआवजा और घायलों के इलाज की व्यवस्था और 5 लाख का मुआवजा दिया जाए।

# पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल वेटेरिनरी वैन की सुविधा उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** पशुपालन विभाग के धनुष हेल्थ केयर के डॉक्टर अतुल ने बताया कि क्षेत्र के पशुपालकों को प्रदेश सरकार ने एक बहुत बड़ी सुविधा प्रदान की है। जिसके तहत सरकार ने पशुओं के इलाज के लिए मोबाइल वेटेरिनरी वैन की सुविधा उपलब्ध करवाई है। धनुष हेल्थ केयर के डॉक्टर अतुल ने बताया कि सरकार ने प्रदेश भर में कुल 70 मोबाइल वेटेरिनरी वेन अलाट की है। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल वैनों से समन्वय हेतु हिसार में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। इस वैन में पशुओं को निशुल्क पशु चिकित्सा सेवा व परामर्श प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब कोई भी



पशुपालक अपने पशु के इलाज के लिए सरकार द्वारा स्थापित कॉल सेंटर पर टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकता है। जिस पर पशु के बीमार होने या अन्य किसी मेडिकल सहायता की सूचना दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जानकारी प्राप्त होने के तुरंत बाद पशुपालक के नजदीक में तैनात मोबाइल वैन उसके घर पहुंच जाएगी और उसकी जानकारी एसएमएस के द्वारा प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस वैन में एक वेटेरिनरी सर्जन, एक वीएलडीए व एक चालक कम अटेंडेंट को मिलाकर कुल तीन कर्मचारी होंगे। इसके अलावा प्राथमिक उपचार की सभी आवश्यक दवाइयां भी मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हरियाणा के सभी पशुपालक अपने पशु के बीमार अथवा जरूरत पडने. की अवस्था में 1962 पर कॉल करने पर उपलब्ध मोबाइल वैन बताए गए स्थान पर पहुंचेगी।

> **उपचार**
> ▶▶ पशु पालक समय पडने.पर 1962 टोल फ्री नंबर डायल करके निशुल्क अपने पशु का इलाज करवा सके

डॉक्टर प्रिंगल चेची ने बताया कि उनकी टीम गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है ताकि पशु पालक समय पडने.पर 1962 टोल फ्री नंबर डायल कर- के निशुल्क अपने पशु का इलाज करवा सके।

# सोनीपत शहर में विभिन्न स्थानों पर की गई पीने के पानी की व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** नगर निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम सोनीपत द्वारा गर्मी के मौसम में चलने वाली लू के प्रभाव से बचाव के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर आमजन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में पांच स्थानों पर जिनमें कार्यालय नगर निगम सोनीपत, जानकीदास बुस्टर ओल्ड डीसी रोड सोनीपत, आईटीआई बूस्टर राठधाना रोड सोनीपत, ओल्ड वॉटर वर्कस नजदीक ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कामी रोड सोनीपत तथा कच्चे क्वार्टर नजदीक फुवारा प्वाईंट



ओल्ड डीसी रोड सोनीपत में वॉटर कूलर लगवाए गए हैं। इसी प्रकार 04 स्थानों सुभाष चौक, मुरथल चौक, बहालगढ़ चौक तथा बस स्टैंड पर पीने के पानी के लिए मिट्टी के बर्तन की व्यवस्था की गई है।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 30 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान



**समालखा (कुलदीप सिंह ):** समालखा के लाइनपार, वार्ड नंबर 16 में गंदे पानी की निकासी नही होने और पीने के पानी की व्यवस्था नही होने से परेशान कालोनी वासी महिलाएं व पुरुष पंचवटी कालोनी स्थित जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय पर पहुंचे। वहा पर लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अपना पांच सुत्रीय मांग पत्र पब्लिक हेल्थ के एसडीओ मोहित शर्मा को सौंपा। कॉलोनी वासी अनिल पांचाल ने बताया की लाइनपार में बहुत सी जगह पर आज तक पीने के पानी की सप्लाई नहीं पहुंची है और ना ही सीवरेज लाइन बिछाई गई है। आज भी लोग पीने के पानी नही होने के कारण और गंदे पानी की निकासी न होने के कारण परेशान हैं। सीवरेज व पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित यहां के लोगों को नर्क से बदतर हालातो में जीना पड़ रहा है। अनिल पांचाल ने आगे कहा कि यदि जल्द ही हमारे वार्ड में काम शुरू नहीं हुआ तो हम धरना प्रदर्शन व आंदोलन भी करेंगे। आरटीआई एक्टिविस्ट पी.पी कपूर भी जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय पहुंचकर इन लोगों की मांग का समर्थन किया और पब्लिक हेल्थ के एसडीओ मोहित शर्मा से बात की। कपूर ने लोगों की मांग को जायज बताते हुए कहा कि लाइनपार में मजदूर तबके के लोग रहते हैं जिनकी कोई सुनने वाला नहीं है और लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वहीं दूसरी ओर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मोहित शर्मा ने मांग पत्र की पांच मांगों में से दो को मान लिया है उन्होंने बताया कि वह केवल अप्रूव्ड एरिया में ही काम कर सकते हैं अन अप्रूव्ड एरिया में अभी काम नहीं होगा। एसडीओ मोहित शर्मा ने मौके पर ही जे.ई को बुलाकर अप्रूव्ड एरिया के दोनों कामों को जल्द ही करने को कहा। यह दोनों मांग निम्नलिखित है
(1.) हनुमान कॉलोनी में वेदू नाई के मकान से लेकर पागलपुरी बाबा मंदिर तक सिवरेज लाइन बिछाई जाए।
(2.) राजस्थान कॉलोनी में रेलवे स्टेशन के साथ लगती गली में सिवरेज लाइन बिछाई जाए।
अनअप्रूव्ड एरिया में काम करवाने की बात पर एसडीओ मोहित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की अमृत योजना के तहत पहले नियमित क्षेत्र में काम किया जाएगा उसके बाद अनियमित क्षेत्र में काम होगा जिसमें अभी 3 महीने का समय और लगेगा। प्रदर्शन मे सामाजिक कार्यकर्ता अनिल पांचाल, आरटीआई एक्टिविस्ट पी.पी कपूर, प्रधान, ओमप्रकाश, नरेंद्र, कुलदीप,ओमी देवी, कमला, ज्ञानो देवी, विमला, बाला, फुलपती, सोनू आदि मौजूद रहे।

### बारिशों से पहले कराई जाए नालों की सफाई : डिप्टी मेयर मेहता



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** अंबाला नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने मांग की है कि शहर के नालों की सफाई बारिशों से पहले समय पर कराई जाए ताकि मानसून में जलभराव की समस्या पैदा ना हो। मेहता अपने कार्यालय में कांग्रेसी पार्षदों के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे जहां उन्होंने ये मांग उठाई। डिप्टी मेयर राजेश मेहता, पार्षद मिथुन वर्मा, पार्षद मेघा इशू गोयल, राकेश सिंगला, जसबीर सिंह ने सांझा प्रेस कांफ्रेंस में कहा की पिछली बार समय पर नालों की सफाई नहीं हुई थी जिस कारण पूरा शहर डूब गया था और इस बार ऐसी समस्या पैदा ना हो इसके लिए अधिकारी समय रहते उचित कदम उठाए और नालों की सफाई शुरू कराएं। इसी को लेकर नगर निगम कमिश्नर संगीता तेतरवाल को डिप्टी मेयर व कांग्रेसी पार्षदों ने ज्ञापन भी सौंपा और मांग उठाई की शीघ्र से शीघ्र ही सफाई अभियान शुरू कराया जाएं। डिप्टी मेयर ने कहा की पिछली बार शहर के विधायक नारियल फोड़ते रह गए थे।

# मतगणना के दिन भी कर्मठता और निष्पक्षता से ड्यूटी का निर्वहन करें

## 4 जून को होने वाली मतगणना के कार्य को अच्छे से समझें और मतगणना के दिन इस दायित्व को बखूबी निभाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा मतदान की तरह ही मतगणना के दिन भी ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारी कर्मठता और निष्पक्षता से कार्य करें। 4 जून को होने वाली मतगणना के कार्य को अच्छे से समझें और मतगणना के दिन इस दायित्व को बखूबी निभाएं। डीसी डॉ. शालीन अम्बाला शहर के मुरलीधर डीएवी स्कूल में मतगणना के लिए कर्मचारियों को दी जा रही ट्रेनिंग में बोल रहे थे। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि इस दौरान ट्रेनिंग के लिए रखी गई 10 ईवीएम मशीनों का इस्तेमाल किया गया, जिन पर पीला स्टीकर लगा हुआ था। ट्रेनिंग में एआरओ, काउंटिंग सुपरवाइजर, असिस्टेंट तथा माईक्रो ऑब्जर्वर शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर ने ट्रेनिंग को पूरा करवाया। डीसी डॉ. शालीन ने मतगणना ड्यूटी में लगे स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों ने मतदान के दिन बहुत बेहतरीन कार्य किया। हर कर्मचारी ने अपनी ड्यूटी को अच्छे से निभाया। इसी तरह अब मतगणना के दिन भी ड्यूटी निभानी है और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अतुल्य योगदान देना है। कंट्रोल यूनिट पर डिस्पले होने वाले आंकड़े को ध्यान से करें दर्ज

डीसी डॉ. शालीन ने ट्रेनिंग के दौरान कहा कि मतगणना के दौरान ड्यूटी पर लगा स्टॉफ यह सुनिश्चित कर लें कि जो कंट्रोल यूनिट मे डिस्पले होने वाले आंकड़े को ध्यान से दर्ज करना है।
इस आंकड़े को दर्ज करने में कोई त्रूटि न हो। ट्रेनिंग के दौरान कर्मचारी अच्छे से पूरी प्रक्रिया की जानकारी लें, जहां किसी विषय पर संशय है, उसे दोबारा से पूछें। ताकि मतगणना के समय कोई बाधा न आए।

**यहां होगी मतगणना**
- अम्बाला शहर विधानसभा की मतगणना ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल, अम्बाला शहर
- अम्बाला कैंट विधानसभा की मतगणना एसडी कॉलेज, अम्बाला कैंट
- नारायणगढ़ विधानसभा की मतगणना- बीपीएस प्लेनेटोरियम, अम्बाला कैंट
- मुलाना विधानसभा की मतगणना डीएवी रिवर साईड स्कूल, अम्बाला कैंट

इस दौरान एडीसी अपराजिता, एआरओ यश जालूका, एआरओ दर्शन कुमार, एआरओ सतिंद्र सिवाच, एआरओ अश्विनी मलिक, निदेशक आईटी अरविंद्रजोत सिंह, चुनाव तहसीलदार संदीप व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## नशे पर नकेल कसने के लिए कृषि विभाग की पहल

**कमेटी का गठन**

**उपमंडल स्तर पर विभाग की तरफ से कमेटी गठित, किसानों को भी किया जाएगा जागरूक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिले** में नशे पर नकेल कसने के लिए कृषि विभाग ने नई पहल की शुरूआत की है। कृषि विभाग की तरफ से अब भांग के पौधों को नष्ट करने की आदेश जारी किए है। जिसके बाद जिला स्तर पर भांग के पौधों को नष्ट करने के लिए उपमंडल स्तर पर कमेटी का गठन करके कर्मचारियों और अधिकारियों को धरातल पर उतारा गया है। गठित टीम द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में न सिर्फ भांग के पौधों को उखाड़ा गया, बल्कि जिन स्थानों पर भांग के पौधे अधिक थे, उन्हें नष्ट करने के लिए स्प्रे भी करवाया गया। ऐसे में विभाग की तरफ से शुरू की पहल में किसानों को साथ में जागरूक करने का काम किया जा रहा है।
बता दें कि भांग के पौधों का इस्तेमाल नशा करने वाले लोग उसे नशे के रूप में इस्तेमाल करते है। नशेड़ी भांग के पौधों की पत्तियों को हाथों पर रगड़कर उसे बिड़ी या सिगरेट आदि में भरकर धुम्रपान करके नशा करते है। इसके अतिरिक्त भांग के पौधे वायु गुणवत्ता के स्तर पर भी प्रतिकूल असर डालते है। ऐसे में सरकार द्वारा भांग के पौधों को नष्ट करने का फैसला किया है। वहीं विभाग की तरफ से भांग का पौधा अधिक खेतों के किनारों, सड़कों के किनारों, नहरों और तालाबों के किनारों पर उगा दिखाई देता है। जिन स्थानों से माइनर गुजरती हैं, वहां भी भांग काफी अधिक उगी हुई दिखाई देती है। ऐसे में कृषि विभाग ने एक तरफ जहां भांग के पौधों को नष्ट करने के लिए अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को फिल्ड में उतार दिया है, वहीं दूसरी तरफ किसानों को भी जागरूक करने का फैसला किया गया है।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना पुलिस ने मारपीट कर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी जाखौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कृपाल नगर निवासी गौरव ने गत 8 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने दोस्त अनिल, अतुल, कमल के साथ गाड़ी में सवार होकर किसी काम के लिए सोनीपत से बहालगढ़ जा रहा था। रास्ते में दो मोटरसाइकिल गिरी हुई मिली।

## अग्रोहा धाम वैश्य समाज की मीटिंग हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में वैश्य समाज की समस्या व अग्रोहा धाम में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में जो कैंसर हॉस्पिटल बन रहा था उसकी तुरंत प्रभाव से सरकार को मंजूरी देनी चाहिए जबकि वैश्य समाज द्वारा अग्रोहा में 120 करोड़ रुपए की लागत से कैंसर हॉस्पिटल बनाने के लिए कार्यक्रम करके आधारशिला रख दी गई थी मगर सरकार द्वारा अग्रोहा में कैंसर अस्पताल बनवाने की मंजूरी ना देने से काम रुक गया। सरकार द्वारा कैंसर हॉस्पिटल की मंजूरी ना देने से वैश्य समाज व आम जनता में बड़ी भारी नाराजगी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा में कैंसर हॉस्पिटल बनने से हरियाणा के साथ-साथ पंजाब, राजस्थान व अन्य राज्यों के मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। इस महंगाई में गरीब आदमी प्राइवेट हॉस्पिटल में कैंसर का इलाज करवा नहीं सकता। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में हर रोज हजारों मरीज इलाज करवाने के लिए आते हैं और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज जो कि 267 एकड़ में बना हुआ है यहां मरीजों के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा मेडिकल कॉलेज व अग्रोहा धाम नेशनल हाई-वे नंबर 9 पर बना हुआ है। नेशनल हाईवे पर हर रोज एक्सीडेंट होते रहते है और मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर ना होने से मरीजों को मौके पर मेडिकल सुविधाएं ना मिलने पर काफी मरीजों की मौत तक हो चुकी है। सरकार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में तुरंत प्रभाव से ट्रॉमा सेंटर की मंजूरी देनी चाहिए ताकि एक्सीडेंट हुए मरीजों को मौके पर सही इलाज करके उनकी जान बचाई जा सके।

### ठगी करने के आठ आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: साइबर** थाना पुलिस ने वट्सअप के शेयर ट्रेडिंग में रुपये लगाने का झांसा देकर ठगी करने की वारदात में शामिल आठ आरोपितों को पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को रिमांड पर भेजा। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों के पास से एक लाख 20 हजार रुपये व 16 मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर निवासी एक महिला ने गत 23 मई को साइबर थाने में शिकायत देकर बताया था कि उसके मोबाइल पर वट्सअप के जरिए शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग सीखने का निमंत्रण मिला। उसके बाद ठगों ने अलग-अलग खातों में उसे आठ लाख 9 हजार रुपये की राशि को ट्रांसफर करवा लिया था। जब उसे ठगी का पता चला तो परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। उनके पास से एक लाख 20 हजार रुपये की राशि व 16 अलग-अलग कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपितों के पास से 6 चेक बुक, 14 एटीएम कार्ड बरामद किए है।

## नारायणाचार्य जी ने तिरुपति धाम की श्रीनिवास गोशाला का किया अवलोकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार :** दक्षिण भारतीय संस्कृति से रूबरू करवाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में वृंदावन से पधारे श्री श्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज ने तीन दिवसीय प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने तिरुपति धाम के विकास कार्यों का अवलोकन किया और धाम की श्रीनिवास गोशाला में पहुंचकर गोसवा कार्य भी किया। उन्होंने श्री तिरुपति धाम के विभिन्न मंदिरों के दर्शन करने के साथ-साथ सवारी शोभा यात्रा में भी हिस्सा लिया। श्री तिरुपति धाम में निमार्णाधीन 71 फुट ऊंचे गोपुरम के संदर्भ में भी विस्तार से चर्चा की। दरअसल दक्षिण भारत के कारीगरों द्वारा धाम पर दक्षिण भारतीय शैली में भव्य गोपुरम का निर्माण किया जा रहा है। गोपुरम के निर्माण के उपरांत तिरुपति धाम की छटा में निखार आ जाएगा। यह भव्य गोपुरम कई किलोमीटर दूर से दिखाई देगा।
श्री तिरुपति धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने श्री श्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए।
इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं ने श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम, विशाल घंटाघर, पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला का भी अवलोकन किया। श्री श्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज तीन दिन के प्रवास के उपरांत वापस वृंदावन लौट गए।

## आरयूबी-आरओबी का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**मनाना** बीएड कॉलेज रोड से गांव मनाना की तरफ जाने वाले रास्ते पर आरओबी व आरयूबी का निर्माण अधर में होने के कारण ग्रामीणों को पिछले कई वर्षों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी काफी समय से निर्माण बंद होने के कारण लोगों में रोष पनप रहा है। उल्लेखनीय है कि मनाना बीएड कॉलेज रोड पर मनाना गांव की तरफ रेलवे द्वारा आरओबी कम आरयूबी का निर्माण किया जा रहा है। करीब तीन वर्ष पहले निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन अभी तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। इस पर करीब 17 करोड़ की लागत आनी है और रेलवे के साथ ही पीडब्लयूडी द्वारा इसका निर्माण किया जाना है। ग्रामीण मुकेश, राममेहर, महावीर, संदीप, सोनू, राजेश, चांद, नवाब आदि ने बताया कि निर्माण शुरू होने के कारण रेलवे फाटक को बंद किया गया था। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द निर्माण पूरा होने पर उनको सुविधा होगी। करीब डेढ़ वर्ष से निर्माण बंद है। इसके कारण ग्रामीणों को सीएचसी जीटी रोड, बीएड कॉलेज, पानीपत आदि जाने के लिए करीब आठ किलोमीटर का चक्कर काटकर आना पड़ता है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक मिस्त्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक मिस्त्री को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके उपाचर के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस वाहन चालक की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव खांडा निवासी नीरज ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई धीरज सोनीपत में आईटीआई चौक के पास बाइक मिस्त्री का काम करते थे।

## मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को किया जागरूक



**जांच की गई**

**सभी किशोरियों को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए वह उनका एनीमिया संबंधित भी जांच की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डॉक्टर राकेश सहल सिविल सर्जन अंबाला की अध्यक्षता में संपूर्ण जिले में विश्व मासिक धर्म माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन स्कूल हेल्थ डॉक्टर बलजिंदर कौर के मार्गदर्शन में जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला किशोर परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, आईटीआई, पॉलिटेक्निकल कॉलेज, स्लम एरिया इत्यादि में किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान संस्था अपने के प्रति सजग किया गया।
इस दौरान किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता बारे बताया गया कि प्रत्येक महीने के विशेष दिनों में आवश्यकता अनुसार सैनिटरी नैपकिन का ही प्रयोग करना चाहिए। वह उपयोग उपरांत उनका निस्तारण सही तरीके से करना चाहिए। इस दौरान किशोरियों को विभिन्न भ्रांतियां को दूर कर संबंधित समस्याओं के बारे में वातालाप भी की गई व उन्हें यह भी बताया गया की मासिक धर्म के दौरान शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ पौष्टिक आहार लेना भी अनिवार्य है। विभिन्न स्थानों पर भाषण, रंगोली, पेंटिंग, स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर लघु नाटक द्वारा संदेश दिया गया एवं उपस्थित सभी किशोरियों को सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए वह उनका एनीमिया संबंधित भी जांच की गई।

## हर घर में फर्स्ट-एड-ट्रेनिंग जरूरी: प्रो. दिनेश सिंह

### कुवि में चल रहे चार दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन सम्पन्न




**टीम एक्श इंडिया**
**कुरुक्षेत्र**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चल रहे चार दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न कॉलेजों से आए छात्र-छात्राओं को फर्स्ट-एड ट्रेनिंग और भारतवर्ष के इतिहास की जानकारी दी गई।
कैम्प के प्रथम सत्र की शुरूआत योगा एवं प्रार्थना से की गई। द्वितीय सत्र में कुवि के डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के सह-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने वालंटियर्स को भारत देश की पौराणिक संस्कृति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत पहले विश्व गुरु के स्थान पर था लेकिन कुछ सामाजिक बुराइयों के कारण पतन की ओर चला गया। परन्तु अब भारत का युवा आत्मनिर्भर हो रहा है और स्वयं सेवक के रूप में कार्यरत है।
कैम्प के कार्यक्रम संयोजक प्रो. दिनेश सिंह राणा ने वालंटियर्स को बताया कि फर्स्ट-एड ट्रेनिंग जरूरी है ताकि समाज में घायल व्यक्तियों की जल्द से जल्द सहायता की जा सके। कैम्प के दूसरे सत्र में फर्स्ट-एड ट्रेनर काका राम वर्मा द्वारा वालंटियर्स को डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग में उन्होंने बताया कि आजकल मशीनी युग है। लोगों का जीवन भाग दौड़ का है तथा दुर्घटनाएं होना स्वाभाविक है। परन्तु प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी न होने के कारण दुर्घटना स्थल पर या अस्पताल पहुंचने से पहले रोगी की मृत्यु हो जाती है। यदि रोगी को समय पर प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो रोगी की जान बचाई जा सकती है।
कैम्प के अगले सत्र में हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा युवाओं को नशा मुक्त रहने पर देश प्रेम की भावना जगाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।
इस मौके पर डॉ. सीमा पांडे, डॉ. निरुपमा भट्टी, डॉ. सतीश भारद्वाज, फील्ड कोर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## चुनाव में कांग्रेस के श्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल: लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** देशभर में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सभी 4 जून के परिणाम पर नजर लगाए हुए हैं। इन चुनावों की समीक्षा करते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के श्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा दस वर्षों के दौरान अच्छे दिनों की बात करती रही है लेकिन भाजपा के सत्ता से बाहर होते ही सही मायने में देश में अच्छे दिन आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने हाल ही में रैली के दौरान स्पष्ट किया है कि भाजपा के पास चंद दिन बचे हैं और देश को भाजपा से मुक्ति मिलने वाली है।
एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने वक्तव्यों में स्पष्ट कर दिया है कि चार जून से युवाओं के जीवन में एक नई शुरूआत होगी क्योंकि केंद्र में इंडिया समूह की सरकार बनेगी और हाथ देश के हालात बदलेगा। खोवाल ने कहा कि इसी भांति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने भी कांग्रेस के विजन को स्पष्ट किया है। कुमारी सैलजा का कहना है कि हरियाणा व देशभर में कांग्रेस की लहर है और कांग्रेस जनता के न्याय की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय, युवा, नारी, किसान, श्रमिक, संवैधानिक, आर्थिक व राज्य न्याय सहित जनता के हर तरह के न्याय की पैरवी करती है। खोवाल ने कहा कि दरअसल कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर, वंचित, शोषित, किसान व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए कृतसंकल्प है। इसके विपरीत भाजपा संविधान को खत्म करके वंचितों को उनके अधिकार से बेदखल करना चाहती है और आरक्षण समाप्ति की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकारी नौकरियों को खत्म कर दिया है।

# भारत रत्न चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बा**ल भारती स्कूल के परिसर में विश्व के महान अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर आर्य वीर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गयो समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे विशिष्ट अतिथि प्रबंधक जसवीर आर्यकोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओमदत्त आर्य और डीपी जगदीश ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए` कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के



साथ और समापन शांति पाठ के साथ हुओ व्यायाम शिक्षक प्रवीण आर्य कुरुक्षेत्र से आए महावीर आर्य सोनीपत से आए व्यायाम शिक्षक रामनिवास आर्य तथा भजन उपदेशक रामनिवास आर्य ने भी अनेक भजन गीत सुनकर सभी को भाव विभोर कर दिया इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, सर छोटू राम और आचार्य बलदेव को बार-बार याद कियो समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि विश्व से शिक्षा, अज्ञानता अंधविश्वास और आडंबर को समाप्त करने के लिए ऋषि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की थी उन्होंने कहा की ऋषि दयानंद का जन्म गुजरात के टंकारा में हुआ था लेकिन आर्य समाज का प्रचार प्रसार उत्तर भारत में अधिक हुओ आज आर्य समाज की 10 हजार संस्थाएं विश्व के अनेक देशों में विश्व कल्याण के लिए दिन-रात कार्य कर रही हैं उन्होंने कहा कि वेद विश्व के सबसे प्राचीन धार्मिक ग्रंथ हैं और वेद विज्ञान पर आधारित हैं विज्ञान मानव कल्याण के लिए कार्य करता है इसलिए मानव कल्याण के लिए वेद अध्ययन अनिवार्य हो गया है। इसलिए वेदों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए` उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है लेकिन जिस रफ्तार से विश्व में अन्य वस्तुओं के मूल्य बढ़े हैं उस रफ्तार से कृषि उपज के मूल्य नहीं बढ़ पाए हैं। इसलिए कृषि अब पहले जैसा लाभकारी व्यवसाय नहीं रहा है। ऐसे दौर में चौधरी चरण सिंह के कृषि संबंधी विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है यही नहीं खेतों से पेड़ कटान का कार्य भी तेजी से हुआ है जिससे मानव अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है पेड़ों का कटान पृथ्वी, पर्यावरण, जल संरक्षण और मानवता के खिलाफ भी है।

# नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 319वां जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज डॉ अशोक कुमार पुलिस लाइन से साइकिल पर सवार होकर विभिन्न सेक्टरों से होते हुए उमरी और पीपली लाडवा सड़क पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे थे। वे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र में पहुंचे और विभागाध्यक्ष कंवल सचदेवा की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध 319 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे को भयंकर विषैले सर्प की संज्ञा देकर परिभाषित करते हुए कहा कि यद्यपि कोई भी नशा मनुष्य के लिए घातक और परिवार के लिए दुःख का कारण है तथापि प्रतिबंधित नशा जो नारकोटिक्स



ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस कि श्रेणी में आता है बहुत अधिक घातक एवं जानलेवा है। उन्होंने कहा कि यद्यपि ये नशे प्रतिबंधित हैं तो भी ये लोगों की पहुँच में हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह नशा सीमाओं के पार से भारत में प्रवेश करता है और किस प्रकार भारत के सुरक्षा तंत्र इन्हे पकड़ लेते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में ड्रग्स का प्रवेश एक षड्यंत्र है जो युवा पीढ़ी को भीतर से खोखला करना चाहते हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि यदि ये नशे किसी भी रूप में हमारे लिए अच्छे होते तो सबसे पहले हमारे माता पिता हमे सेवन के लिए देते और सरकार इनके ठेके खोल देती। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन किया और बताया कि गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त भारत अभियान को सार्थक करें। इस अवसर पर 106 शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट के साथ की साझेदारी

**नोएडा:** स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी प्रिस्टीन केयर ने ऑर्थो स्पोर्ट के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के साथ स्पोर्ट इंजरी के लिए एक अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इस सहयोग का उद्देश्य आधुनिक टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट केयर की मदद से स्पोर्ट इंजरी का सबसे बेहतरीन उपचार और रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करना है। 4,000 वर्ग फीट में फैला यह नया सेंटर स्पोर्ट थेरेपी के क्षेत्र में नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सेंटर एक विस्तृत एथलीट रिहेबिलिटेशन प्रोग्राम पेश करेगा, जो चोटों से उबरने वाले एथलीटों की खास जरूरतों को पूरा करेगा। यह सेंटर स्पोर्ट मेडिसिन के क्षेत्र की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे खिलाड़ियों की बेहतर रिकवरी हो, साथ ही उनकी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाया जा सके। इस सेंटर में एडवांस सर्जिकल टूल्स जैसे इंटरनल ब्रेस के साथ एसीएल रिपेयर, एसीएल रिकंस्ट्रक्शन क्वाडप्रोट्व हार्वेस्टर, इंटरनल ब्रेस और फाइबरटैग॰ टाइटरोप॰ इम्प्लांट्स, ऑटोकार्ट कार्टिलेज ट्रांसप्लांट का उपयोग किया जाएगा। इन टूल्स की मदद से यह सेंटर केयर और प्रिसिजन के उच्चतम मानक स्थापित करेगा। प्रिस्टीन केयर के को-फाउंडर हरसिमरबीर सिंह ने कहा, "यह साझेदारी भारत में एथलीटों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑर्थो स्पोर्ट की खेल चिकित्सा में विशेषज्ञता और प्रिस्टीन केयर की रोगी-केंद्रित देखभाल और तकनीकी इनोवेशन के साथ, हमारा लक्ष्य इस सेंटर को स्पोर्ट इंजरी मैनेजमेंट के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। एडवांस सर्जिकल उपकरणों और रिहैबिलिटेशन तकनीकों की मदद से हमारे रोगियों को बेहतरीन परिणाम देखने को मिलेंगे।" ऑर्थो स्पोर्ट के डॉ. मनु बोरा ने कहा, "यह साझेदारी स्पेशलाइज्ड स्पोर्ट मेडिसिन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम प्रत्येक रोगी को व्यक्तिगत रूप से, परिणाम केंद्रित केयर प्लान प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। हमारी कोशिश है कि खिलाड़ी एथलेटिक एक्टिविटीज और रोजमर्रा के कामकाज के लिए तेजी से और सुरक्षित रूप से रिकवर करें।हमारे प्रयास सिर्फ उपचार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम हर महीने राष्ट्रीय स्तर के तीन वंचित एथलीटों को बिना किसी खर्च के विस्तृत और आजीवन रिहैबिलिटेशन सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम प्रत्येक तिमाही में पाँच और एथलीटों के रिहैबिलिटेशन को प्रायोजित करते हैं।"

### एमेजॉन इंडिया का मशीन लर्निंग समर स्कूल का चौथा संस्करण जल्द ही शुरू

**गुरुग्राम।** आज एमेजॉन इंडिया ने मशीन लर्निंग (एमएल) समर स्कूल के चौथे संस्करण की रजिस्ट्रेशन तिथियों की घोषणा की। इस गहन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एमेजॉन के वैज्ञानिकों द्वारा मशीन लर्निंग के मुख्य कौशल और टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे मशीन लर्निंग में अपना करियर बनाने के लिए तैयार हो सकें। इस प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन 31 मई से 21 जून, 2024 तक चलेंगे। फ्री एजुकेशनल कोर्स जुलाई में 4 वीकेंड तक चलाया जाएगा, जिसमें आठ मॉड्यूल्स में विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग के मुख्य बिंदुओं की गहरी समझ और कौशल प्रदान किए जाएँगे। इनमें सैद्धांतिक विषयों एवं प्रयोगात्मक अध्ययन, दोनों का मजबूत आधार विकसित करने के लिए सुपरवाईज्ड लर्निंग, डीप न्यूरल नेटवर्क्स, डायमेंशन रिडक्शन, अनसुपरवाईज्ड लर्निंग, सीक्वेंशल मॉडल, रि-इन्फोर्समेंट लर्निंग, जनरेटिव एआई और एलएलएम तथा कैज्युअल इन्फेरेंस शामिल हैं।

इंटरनेशनल मशीन लर्निंग, एमेजॉन के वाइस प्रेसिडेंट, राजीव रस्तोगी ने कहा, "मशीन लर्निंग ग्राहकों की समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके कारण एमएल की माँग तेजी से बढ़ रही है। हालाँकि, एमएल कार्यबल की माँग इस क्षेत्र में उपलब्ध प्रतिभाओं से काफी ज्यादा है। एमेजॉन एमएल समर स्कूल द्वारा हमारा उद्देश्य इस कमी को दूर करना और विद्यार्थियों को विज्ञान में करियर बनाने के लिए इंडस्ट्री-रेडी बनाना है। हम उनमें एमएल की विशेषज्ञता और एप्लाइड साइंस स्किल का विकास करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मशीन लर्निंग के विस्तृत बिंदुओं का सर्वोच्च स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा, इस साल हम एप्लीकेशन-संचालित दृष्टिकोण पर बल दे रहे हैं, जो वास्तविक विश्व की चुनौतियों को संभालने का हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान करने के लिए आवश्यक है।"

# जिला बार एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** जिला बार एसोसिएशन द्वारा बार रूम में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 24 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर एसोसिएशन के कैशियर शिवम शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाया गया। शिविर में एसोसिएशन के प्रधान केके गुप्ता व कैशियर शिवम शर्मा ने भी रक्तदान किया। केके गुप्ता ने कहा कि इस पवित्र कार्य में सभी लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को



प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितनी रक्त की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में लोग रक्तदान नहीं कर रहे हैं। के-के गुप्ता ने आम लोगों से अपील की कि निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। शिविर में एलएनजेपी अस्पताल से ब्लड बैंक प्रभारी डा. रमा की अध्यक्षता में टीम ने रक्त संग्रहित किया। इस अवसर पर महासचिव रविंद्र सांगवान, उप प्रधान अंकित गौतम, सह सचिव तुषार सैनी, सतविंद्र सिंह, मंजू, शिवकुमार, महेंद्र सिंह, सुनील दत्त, रवि भूषण, राहुल मान, अनमोल गाबा, रवि

**महादान**

**▶▶ शिविर में एसोसिएशन के प्रधान केके गुप्ता व कैशियर शिवम शर्मा ने भी रक्तदान किया**

शर्मा, हरजीत सिंह, राहुल, प्रवास चौधरी,

राजीव भट्टी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। शिविर में साहब सिंह, संदीप, राजबीर, जसविंद्र, हेमंत पराशर, कृष्ण कुमार, राजबीर सिंह, प्रदीप, शिवम शर्मा, देवीलाल, अरूण भारद्वाज, गौरव जिंदल व कुश वधवा सहित 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# स्टेशन परिसर में महिला पुलिस कर्मी ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** स्टेशन से ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिलाओं को जीआरपी में तैनात महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा जागरूक किया गया। अभियान के तहत स्टेशन से अलग-अलग राज्यों के लिए सफर करने वाली महिलाएं शामिल थी। महिला पुलिस कर्मी सरिता ने बताया कि ट्रेनों में चोरी की वारदातें सामने आती रहती है। वहीं महिलाओ के साथ यात्रा के दौरान छेड़छाड़ की वारदातें सामने आती है। ऐसी घटनाओं को देखते हुए व यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी की तरफ से समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। अभियान के तहत ही महिलाओं को

**जागरूक किया**

**▶▶ अभियान के तहत स्टेशन से अलग-अलग राज्यों के लिए सफर करने वाली महिलाएं शामिल थी**

उनके अधिकारों व सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया है। सोनीपत स्टेशन से हजारों की संख्या में हर रोज यात्री ट्रेनों में सफर करते है।

उनकी सुरक्षा व सफर में आने वाली परेशानियों से निपटने के लिए यात्रियों के लिए जागरूक अभियान चलाया गया।

# मारुति सुजुकी ने अपने 5,000वें सर्विस टचपॉइंट का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने देश में अपना 5,000वां सर्विस टचपॉइंट का उद्घाटन किया। हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित इस टचपॉइंट का उद्घाटन मारुति सुजुकी के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री हिसाशी ताकेउचि ने किया। सर्विस नेटवर्क में यह विस्तार कंपनी के अपने ग्राहकों को लगातार सुखद कार ओनरशिप अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य को ध्यान में रखकर किया गया है। मारुति सुजुकी का सर्विस नेटवर्क देश के 2,500 शहरों में स्थित है। मारुति सुजुकी ने वर्ष 1983 में अपनी पहली सर्विस वर्कशॉप का उद्घाटन किया। 1997 तक, 14 वर्षों की अवधि के दौरान, मारुति सुजुकी सर्विस नेटवर्क की संख्या 1,000 तक पहुंच गयी। कंपनी ने 9 वर्षों में अपने नेटवर्क में 1,000 सर्विस




टचपॉइंट्स की वृद्धि की, उसके बाद के 8 वर्षों और 7 वर्षों के दौरान भी यही क्रम चलता रहा। उल्लेखनीय बात यह है कि पिछले 1,000 सर्विस टचपॉइंट की स्थापना लगभग 3 वर्षों के दौरान ही की गयी। इस उपलब्धि पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा, मारुति सुजुकी में, हमने हमेशा 'ग्राहक सर्वोपरि' के सिद्धांत में विश्वास किया है, और हमारा प्रयास रहा है कि हम अपने महत्त्वपूर्ण ग्राहकों के लिए उनके कार खरीदने के अनुभव को सुविधाजनक और सुखद बना सकें।

# सेवा ट्रस्ट यू.के. का भीषण गर्मी में राहत देने का निरंतर अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :**समस्त प्रदेश मे भीषण गर्मी पड़ रही है तो इस कड़ी मे सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) की टीम महिलाओं व बच्चों को लगातार गर्मी से कुछ राहत देने का प्रयास कर रही है सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट की टीम निरंतर स्लम एरिया में पहुंच रही है और गरीब परिवारों के बच्चों वह महिलाओं को गर्मी से बचने के लिए जागरूक कर रही है इसी कड़ी में आज बाहरी गाँव की सरस्वती कालोनी में कार्यक्रम किया गया। उन्होंने कहा की रिकॉर्ड तोड़




गर्मी का प्रकोप अपने शीर्ष पर है। आप सभी अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत की संभाल करें। जब तक बहुत जरुरी न हो धूप में जाने से परहेज करें। सेवा ट्रस्ट की महिला खंड कोआर्डिनेटर पूजा सैनी ने कहा की गर्मी के इस मौसम में सेवा ट्रस्ट लगातार महिलाओं वह बच्चों को डाबर ग्लूकोज बांट कर राहत दे रहा है। खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन्, सुमन्त सैनी, विजय पंघाल ने बताया की सेवा ट्रस्ट का ये अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल लिए बनाया ई-स्वास्थ्य धाम ऐप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उत्तराखंड सरकार ने पवित्र चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल और निगरानी प्रणालियों में सुधार के लिए ई-स्वास्थ्य धाम ऐप नामक पहल शुरू की है। यह ऐप एक विशेष ऑनलाइन टूल है, जिसे यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति को ट्रैक करने के लिए सावधानीपूर्वक बनाया गया है। ई-स्वास्थ्य धाम ऐप वर्तमान में चार धाम पंजीकरण पोर्टल से निर्बाध रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक भक्त को इस ऐप पर पंजीकरण करना और अपना मेडिकल रिकॉर्ड अपलोड करना जरूरी है।

# आरोपित इंस्पेक्टर की जमानत याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: गन्नौर** थाना क्षेत्र स्थित गन्नौर कोर्ट में पेशी के दौरान हुई विकास दुधिया की हत्या के मामले में सेक्शन-319 की अपील में तत्कालीन इंस्पेक्टर कंवल सिंह को अदालत ने सह आरोपित मानते हुए वारंट जारी किए थे। जिस पर आरोपित ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसे अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया है। मृतक के परिजनों ने कंवल सिंह पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था।

गांव सिवाह पानीपत निवासी वेदपाल ने 11 मार्च, 2016 को गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में लिखा था कि उनको सूचना मिली थी कि उनके चचेरे भाई

**दुधिया की हत्या**

**▶▶ अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया है। मृतक के परिजनों ने कंवल सिंह पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था**

विकास उर्फ दुधिया को गन्नौर कोर्ट परिसर में गोली मार दी गई है। वह अस्पताल में पहुंचे तो विकास मृत अवस्था में मिला था। पुलिस कर्मियों ने बताया था कि गोली मारने वाले आरोपित दिल्ली के मुंगेशपुर के गौरव और बरोणा के रूपेंद्र उर्फ नान्हा को पकड़ लिया है। उसके साथ घेवरा का रवि, बरोणा का अजय, दिल्ली का यशबीर, जाजी का राहुल भी थे। आरोपितों ने आपराधिक प्रवृति के संदीप बड़वासनिया के कहने पर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। भाई ने आरोप लगाया था कि वह 9 मार्च, 2016 को अपने भाई विकास से मिला था। उसने आरोप लगाया था कि गार्द इंचार्ज कंवल सिंह और और एएसआई भगत सिंह ने उसे कहा है कि वह उसके साथी रामकरण और उसे दो तीन दिन में या तो खुद मार देंगे या मरवा देंगे। जिस पर विकास के कहने पर उसकी सुरक्षा की अर्जी दाखिल की थी। गन्नौर थाना पुलिस ने 6 जून, 2016 को फाइनल रिपोर्ट दाखिल की थी। जिसमें कहा गया कि घटना वाले दिन इंस्पेक्टर कंवल सिंह और एएसआई भगत सिंह और संदीप बड़वासनिया के भाई रविंद्र से कोई संपर्क नहीं था। इसके बाद डीएसपी स्तर के अधिकारी समेत कई टीमों ने मामले की जांच की थी। फरवरी, 2018 को पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया गया था। जिसमें भी उसका रोल नहीं बताया था।

उसके बाद विकास दुधिया पक्ष की तरफ से 25 फरवरी, 2022 को सेक्शन 319 के तहत कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिस पर अदालत ने मामले में तत्कालीन इंस्पेक्टर कंवल सिंह को षड्यंत्र रचने में सह आरोपित बनाया था। उसका गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। जिसे लेकर कंवल सिंह की तरफ से सोनीपत कोर्ट में अग्रिम जमानत को याचिका लगाई थी। जिसे खारिज कर दिया था।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा में मतगणना स्टाफ को दिया मतगणना का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र लोकसभा में 4 जून को होने जा रही काउंटिंग को लेकर 29 मई को चार विधान सभा क्षेत्र लाडवा, शाहाबाद, थानेसर, पिहोवा के सभी मतगणना स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई और सभी को मतगणना का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक द्वारा सभी मतगणना स्टाफ को विभिन्न फार्म को भरने से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान की।

मंगलवार को न्यू लघु सचिवालय के सभागार में मतगणना स्टाफ के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त



शांतनु शर्मा ने निरीक्षण किया और मतगणना स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान कोई भी मतगणना स्टाफ अपने साथ अपना मोबाइल, पर्स व अन्य समान साथ लेकर नहीं आएगा और प्रत्येक स्टाफ कर्मी अपने पास प्रशासन द्वारा जारी आई कार्ड व विभागीय आई कार्ड साथ रखेगा।

# निजी अस्पताल से लेकर सरकारी अस्पतालों के आपातकालीन कक्ष में हर तरफ मची चीख-पुकार

## सरकारी अस्पताल में तैनात चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तुरंत मौके पर बुलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई औद्योगिक क्षेत्र** में स्थित फैक्टरी में हुए धमाकों में दो महिलाओं सहित 37 लोग झुलस गए। एक साथ इतने लोगों के उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में प्रबंधन के लिए चुनौती लेकर आया। आपातकालीन कक्ष हर तरफ आग में झुलसे मरीजों की चीख-पुकार मची थी। कोई दवा लगाने व इंजैक्शन लगाने की गुहार स्वास्थ्य कर्मचारियों से लगा रखा था। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर चिक्ति्सक, नर्सिंग स्टाफ को कॉल कर सूचना दी। कुछ देर पहले ही अस्पताल से डयूटी खत्म करके घर पहुंची नर्सिंग

**निजी अस्पताल में 18 के दिया गया उपचार, नागरिक अस्पताल में 16 पहुंचे**

- विकास, 48 साल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी सोनीपत
- हरकेश, 19 साल, बरेली उत्तर प्रदेश
- जितेंद्र पांडे, 35 साल, बक्सर, बिहार
- फुलचंद, 22 साल, हरदोई
- वेदप्रकाश, 35 साल, आजमगढ़, यूपी
- अमित , 36 साल, सिक्का कालोनी, सोनीपत
- महेश, , 29 साल, असदपुर नांदनौर, सोनीपत
- नूराब, 20 साल, नरेला
- नंद गोपाल अग्रवाल, 55 साल, शास्त्री नगर दिल्ली
- अंशुल अग्रवाल, 30 साल , शास्त्री नगर दिल्ली
- राकेश देवगन, सेक्टर 14, सोनीपत
- अमरनाथ, 47 साल, मऊ, यूपी
- प्रदीप, 40 साल, अगवानपुर, सोनीपत
- पवन, 34 साल, माछरी, सोनीपत
- कमल, 32 साल, खन्ना कालोनी, सोनीपत
- राजकुमार, 37 साल, वैशाली, बिहार
- हरेंद्र कुमार, 38 साल, हरसाना कलां, सोनीपत

वहीं 16 मरीज नागरिक अस्पताल में पहुंचे।

अधिकारी व चिक्ति्सक वापिस अस्पताल की तरफ दौड़ पड़े। उसके बाद अस्पताल के आपातकालीन वार्ड को आपातकालीन कक्ष में तबदील कर दिया गया।

एक के बाद एक उपचार करके घायलों को किया शिफ्ट-


आपाताकालीन कक्ष में तैनात नर्सिंग अधिकारी सरिता, सुमन, सुनीता डयूटी खत्म होने के बाद घर पर लौट चुकी थी। उन्हें प्रबंधन की तरफ से कॉल कर सूचना दी। उसके बाद कर्मचारी अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पहुंची। जहां कक्ष में घायलों को मंजर देखकर अपने कार्य में जुट गई। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों व अस्पताल के वार्ड व प्रसूति विभाग में तैनात कर्मचारियों सहित डा. राकेश फोगाट, डा. राजेश, डा. राहुल को मौके पर बुलाया गया। स्वास्थ्य कर्मचारी व अधिकारी अपने-अपने कार्य में जुट गए।

उसके बाद एक-एक घायल को प्राथमिक उपचार के देने के बाद वार्ड में शिफ्ट किया। वहीं निजी अस्पताल में भर्ती घायलों के अस्पताल में पहुंचने की सूचना मिली। जिसके बाद आपाताकालीन कक्ष में भर्ती मरीजों को अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित वार्ड में शिफ्ट किया गया।

# ईकार्ट की रीफिनिश सर्विस ने उद्योग जगत में नए मानक स्थापित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी 4 पीएल सप्लाई चेन कंपनियों में शुमार ईकार्ट ने फैशन एवं लाइफस्टाइल सेक्टर में रिटर्न्स की चुनौतियों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार अपनी व्यापक ह्यरीफिनिश सर्विसह्न की पेशकश की है। इनमें विशेष रूप से अपैरल एवं फुटवियर सेक्टर के ऐसे प्रोडक्ट होते हैं, जिन्हें ग्राहक घर पर नापने के बाद किसी असुविधा के कारण या किसी छोटे से डिफेक्ट के कारण रिटर्न कर देते हैं। ऐसे समय में ईकार्ट की रीफिनिश सर्विस एक परिवर्तनकारी



समाधान बनकर सामने आई है। रिटर्न आने वाले प्रोडक्ट्स में से 90 प्रतिशत से ज्यादा को रीफर्बिश करते हुए ईकार्ट ने ब्रांड्स को अपना नुकसान कम करने और कमाई को बढ़ाने में सक्षम बनाया है। इस सर्विस में डायरेक्ट-टु-कस्टमर (डी2सी), ई-कॉमर्स और फैशन एवं लाइफस्टाइल सेगमेंट की रिटेल कंपनियों को लक्ष्य किया गया है। फैशन एवं लाइफस्टाइल ब्रांड्स के अलावा ईकार्ट की रीफिनिश सर्विस को फुटवियर, हैंडबैग, एक्सेसरीज और होम एंड डेकोर सेगमेंट तक भी विस्तार दिया गया है।

# मॉडल टाउन में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन ने किया कार्यक्रम का आयोजन, कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने की शिरकत, कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मॉडल टाउन स्थित स्टोर वाला पार्क में ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत कॉलेज दिल्ली सरकार के निदेशक डॉ. जीत राम भट्, मोतीलाल नेहरू कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. विजेन्द्र शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन दिल्ली विश्व विद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन:** इस दौरान ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कई राज्यों के लोकनृत्य प्रस्तुत किये गये।

**संस्था पिछले 15 साल से प्रतिवर्ष कर रही है कार्यक्रम का आयोजन:** आपको बातदें कि ब्राह्मण सभा मॉडल टाउन पिछले 15 साल से हर वर्ष इस भव्य कार्यकम का आयोजन करती आ रही रही है। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। जिसके बाद आये हुए सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब आनंद उठाया।




**ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का किया स्वागत:** इस मौके पर आये हुए सभी अतिथियों का संस्था द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

**ये लोग रहे मौजूद:** मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के चेयरमैन पिंडी दास वैद्य, प्रधान योगेश शर्मा, उपप्रधान मनोज शर्मा, ललित शर्मा, महामंत्री मनीष पचौरी, सतीश चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश नाथ पाठक, मंत्री अन्नत राम शर्मा, मंत्री दयाल प्रसाद जमदग्नी, प्रचार मंत्री मुकेश ऋषि, सुमित शर्मा, कुलदीप राज भारद्वाज, राहुल शर्मा, दयाल प्रसाद जगदम्बे, राजीव शर्मा, सत्य प्रकाश वशिष्ठ, उमेश शर्मा, राकेश मोहन शर्मा, केडी शर्मा, आशिश ऋषि, विनोद चौरसिया, अशोक शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, योगेश चंद शर्मा, मनीष कुमार, नरेन्द्र शर्मा, तुषार निर्मल, अशोक शर्मा के अलावा सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।





**पिंडी दास वैद्य, चेयरमैन, ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन:** मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और सभी से कहना चाहता हूं कि सभी भगवान परशुराम जी के बताये हुए मार्ग पर चले और हमेशा ही सत्य का साथ दें, क्योंकि जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, वह एक दिन कामयाब अवश्य ही होता है।

**योगेश शर्मा, प्रधान, ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन:** आज ब्राह्मण समाज मॉडल टाउन के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। मैं कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और कहना चाहता हूं कि सभी गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की मदद अवश्य ही करें।



# जय प्रकाश ने आईपी कॉलोनी व सरूप विहार का किया दौरा

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने बुधवार को पानी की समस्याओं को लेकर बुराडी क्षेत्र की आईपी कॉलोनी और सरूप विहार का दौरा किया।

इस मौके पर जयप्रकाश यादव के साथ दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी व रिंकू वर्मा, कुलदीप, जय ठाकुर और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर जय प्रकाश यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से आई पी कॉलोनी और सरूप विहार में पानी की समस्या हो रही थी, उसको देखते हुए बुधवार को विधायक के आदेशानुसार मौके पर अधिकारियों संग पहुंचा और समस्याओं का समाधान करवाया।



उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि जल ही जीवन है, इसलिए जल को व्यर्थ न करें। उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों से कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं है, उसका समाधान किया जायेगा।

# जहांगीरपुरी वार्ड: सुरेश ने क्षेत्र मे चलाया सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आप नेता सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को जहांगीरपुरी वार्ड में विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा अभियान चलाया गया। उन्होंने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि आज राजीव नगर डी ब्लॉक में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और लोगों से बात करके सफाई के बारे में फीडबैक भी लिया गया। साथ ही भलस्वा डेरी व जहांगीरपुरी निगम पार्षद कार्यालय पर बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना गया और समाधान करवाया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई प्रकार के अभियान चलाये जा रहे है, सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# निहाल विहार: दान करने से मिलती है मुक्ति, होते हैं कष्ट दूर: पवन बंसल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हर धर्म में दान का खासा महत्व माना गया है, दान देने से जहां मोह से मुक्ति मिलती है वहीं जीवन के दोष-विकार भी दूर होते हैं। ऐसा मानना है नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-47 निहाल विहार में रहने वाले व त्रिनेत्र सेवक समिति के कोषाध्यक्ष पवन बंसल का।

उन्होंने दान करने का महत्व समझाते हुए कहा कि अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान और धनदान, यह सारे दान इंसान को पुण्य का भागी बनाते हैं। किसी भी वस्तु का दान करने से मन को सांसारिक



आसक्ति यानी मोह से छुटकारा मिलता है, हर तरह के लगाव और भाव को छोड़ने की शुरूआत दान और क्षमा से ही होती है। उन्होंने कहा कि दूसरों को कष्ट देने के समान कोई पाप नहीं है। **दान का महत्व:** दान एक ऐसा कार्य है जिसके जरिए हम न केवल धर्म का ठीक-ठीक पालन कर पाते हैं बल्कि अपने जीवन की तमाम समस्याओं से भी निकल सकते हैं। आयु रक्षा और सेहत के लिए तो दान को अचूक माना जाता है, जीवन की तमाम समस्याओं से निजात पाने के लिए भी दान का विशेष महत्व है।

**दान करने से ग्रहों की पीड़ा से मिलती है मुक्ति:** दान करने से ग्रहों की पीड़ा से भी मुक्ति पाना आसान हो जाता है। दानशील मनुष्य वही होता है जो करुणावान हो,त्यागी हो और सत्कर्मी हो, एक अच्छे मानव में ही दानशीलता का गुण होता है।

# नांगलोई: असमंजस में है निमार्णाधीन अस्पताल का नामकरण: बडगुजर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले ज्वालापुरी वार्ड नंबर-45 में दिल्ली सरकार की ओर से बन रहे सरकारी अस्पताल का निर्माण कार्य खत्म होनें से पहले ही उसके नामकरण को लेकर काफी बवाल चल रहा है, और खटीक समाज ने मामले में आप के क्षेत्रीय विधायक रधुविंदर शौकिन के खिलाफ रोष प्रकट किया।

**क्या है पूरा मामला:** उल्लेखनीए है कि निर्माणधीन अस्पताल का नाम संत दुर्बल नाथ महाराज हॉस्पिटल का नाम पूर्व दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की मौजूदगी में फरवरी 2011 को मुख्यमंत्री बोर्ड मीटिंग में पास किया गया।

मामले में खटीक समाज ई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बडगुजर ने



बताया की केजरीवाल सरकार के लोकनिर्माण विभाग के द्वारा निर्माणधीन अस्पताल के बाहर हॉस्पिटल के नाम का साइन बोर्ड अभी तक क्यों नहीं लगाया है, जो कि निर्माण नियमो का उल्लघंन है।

**सालों से मामले की फाइल पड़ी है लंबित:** विजय बडगुजर ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को इसकी लिखित शिकायत की थी बावजूद इसके केजरीवाल के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल व जन शिकायत आयोग को भी शिकायत की गई, लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वहीं शिकायत फाइल आज तक लोक निर्माण विभाग के पास लंबित पडी हुई है।



**सालों से मामले को अधर में लटका कर बैठा प्रशासन:** बडगुजर ने कहा कि स्वंय को ईमानदार कहने वाली दिल्ली सरकार द्वारा दो-तीन साल से फाइल दबा कर बैठी है। मामले में विजय बडगुजर ने बताया कि उन्होंने विधायक रघुबिंदर शौकिन से भी मुलाकात कर निमार्णाधीन हॉस्पिटल का नाम संत दुर्बलनाथ महाराज रखने के लिए अनुरोध किया था। उस समय तो आश्वासन देकर भेज दिया था, लेकिन अभी तक विधायक ने अपना स्टेंग क्लीयर ही नहीं किया। बडगुजर ने कहा कि चुनाव के समय हम सभी क्षेत्रवासियों ने उन्हे जीत दिलायी बावजूद इसके आज रघुविंदर शौकीन उन्हीं लोगों की भावनाओं को ठेस पंहुचा रहे है। दुर्बल नाथ के नाम पर उनका रवैया सकारात्मक नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद ने भी सपष्ट कर दिया की दिल्ली सरकार दलित विरोधी है। मामले में संत दुर्बल नाथ के अनुयायियों में विधायक के प्रति बड़ा रोष है। विजय बड़गुजर ने कहा की विधायक रघुविंदर शौकीन को संत दुर्बल नाथ हॉस्पीटल पर अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए।

# बांकनेर: खुला नाला दे रहा हादसे को दावत, लोग परेशान, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आमतौर पर शहरो कस्बो में नालों का निर्माण जलजमाव से निजात पाने व जल निकासी के लिए किया जाता है। लेकिन अगर इनके ऊपर स्लैब न डाला जाए तो यही खुले नाले न केवल हादसों का सबब बन जाते हैं, बल्कि बीमारियों को भी न्यौता देते है। आम जनता इनके खिलाफ आवाज तो जरूर उठा रही है लेकिन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। संभवतः प्रशासन अभी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ऐसा ही हाल नरेला विधानसभा अंतर्गत बांकनेर गांव से बवाना रोड़ को जोड़ने वाली गोंडा रोड सड़क के किनारे बने नाले का




है। जिस पर स्लैब ना रखे होने के कारण खुला नाला आए दिन हादसों की वजह बन रहा है। गोंडा रोड़ सड़क के बांकनेर मोड पर सड़क



की चौड़ाई कम है जिससे हर वक्त जाम की स्थिति रहती है। वाहन चालक दूसरे वाहन को क्रॉस करने के दौरान अनियंत्रित होकर आए दिन खुले नाले में गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं राहगीरों स्कूली बच्चों के साथ भी हर वक्त हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन के आला अधिकारियों तक कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बांकनेर रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल खत्री ने बताया कि गोंडा रोड कई दर्जन कॉलोनियों गांवो को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। वहीं आसपास कई बड़े निजी, सरकारी स्कूलों के लिए हर दिन सैकड़ो बच्चों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। इस कारण से सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक रहने की वजह से सड़क जर्जर हो चुकी है। वही बांकनेर मोड पर खुला नाला आए दिन हादसों की वजह बन रहा है। पिछले 4 महीने में कई गाड़ियां खुले नाले में गिर चुकी हैं, वहीं कई राहगीर और स्कूली बच्चे साइकिलों के गिरने से घायल हो चुके हैं।

इन घटनाओं के बाद भी प्रशासन ने नाले को ढकने का इंतजाम नहीं किया। इसकी लिखित शिकायत दिल्ली नगर निगम व लोक निर्माण विभाग से कर चुके हैं। लेकिन दोनों विभाग एक दूसरे का कार्यक्षेत्र बताकर इतिश्री कर लेते हैं। समभवतः किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। लोगों की मांग है की खुले नाले पर स्लैब रखकर ढका जाए, ताकि रोजाना होने वाले हादसों को टाला जा सके।

# हिसार: पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयान पर बिफरा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ

**मांग**

**▶▶ रोडवेज संगठन ने बैठक करके पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर से की बयान वापिस लेने की मांग**



**हिसारटीम एक्शन इंडिया/**

बुधवार को हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है, जिसमें उन्होंने चुनाव ड्यूटी में कर्मचारियों पर लापरवाही व पक्षपात का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ की है और उनको धमकी देना निंदनीय है। इस संबंध में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक बुधवार को डिपो प्रधान अजय दुहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों से हर वर्ग दुखी है। ऐसे में लोकसभा चुनाव में जब भाजपा को वोट नहीं मिला तो इसके नेता बौखला गए हैं। अब वे कर्मचारियों को कार्रवाई करने की सरेआम धमकियां देने लगे हैं जबकि ऐसा कोई आधार नहीं है। संगठन ने कहा कि कर्मचारियों ने दिन-रात एक करके लोकतंत्र के इस महापर्व को सम्पन्न करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की जगह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल उन्हें धमकियां दे रहे हैं, जो निंदनीय है।संगठन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का हल न करना, समय-समय पर कर्मचारियों द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को पुलिस की लाठियां से पिटवाना, आंसू गैस के घोड़े छोड़ना तथा आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को प्रताड़ित करने से कर्मचारियों की सरकार के प्रति तो नाराजगी स्वाभाविक है लेकिन किसी पार्टी विशेष के प्रति नहीं।रोडवेज संगठन के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के साथ भीतरघात किया है, बेहद निंदनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री के इस बयान से पूरे कर्मचारी वर्ग में बेहद नाराजगी है। यदि इसी प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री ने बदले की भावना को उजागर किया तो कर्मचारी वर्ग द्वारा वर्तमान सरकार के विरोध आंदोलन के सिवाय कोई रास्ता शेष नहीं रहेगा। संगठन ने कहा कि कर्मचारी बेहद ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहता है तथा किसी भी प्रकार की अपनी ड्यूटी के प्रति उदासीनता नहीं दशार्ता।

# झज्जर: तापमान पहुंचा 47 पर, वकीलों ने लगाया आइसक्रीम का भंडारा

**भीषण गर्मी**

**▶▶ -गर्मी से राहत लिए भंडारे में एक हजार से अधिक लोगों ने खाई आईसक्रीम**

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

जिला में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। लोग गर्मी से त्राहि त्राहि कर रहे हैं। बुधवार को झज्जर में तापमान 46 डिग्री और बहादुरगढ़ में 47 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गर्मी से बचने के लिए दिन में बहुत कम लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गलियां और सड़कें सुनसान रहती हैं। बाजारों में ग्राहकी बहुत कम रह गई है।

राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए लोग कई जगह छबील लगा रहे हैं।




बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन के सदस्य विक्रम छिल्लर व उनके साथी वकीलों ने अदालत परिसर के पास हनुमान मंदिर के पास आइसक्रीम का भंडारा लगाया। इसमें सैकड़ों वकीलों के अलावा सैकड़ों राहगीरों ने भी आइसक्रीम खाई। चिलचिलाती धूप से बनी करीब 46 डिग्री गर्मी में अनोखी पहल करते हुए बहादुरगढ़ विक्रम छिल्लर वकील ने सभी वकील साथियो व राहगीरों के लिए आईसक्रीम का विशाल भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि श्री श्री 1008 महंत सूर्यनाथ महाराज, भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा, भाजपा जिलाध्यक्ष झज्जर राजपाल शर्मा, भाजपा जिला मंत्री नरेश भारद्वाज व ऑटो मार्किट प्रधान रोहताश डागर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद: शेयर मार्किट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर 1.10 करोड की ठगी, छह गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

शेयर मार्किट में इन्वेस्टेमेंट के नाम पर करीब एक करोड़ 10 लाख ठगी की वारदात में शामिल छह आरोपियों को थाना सेंट्रल प्रभारी अमित की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश प्रवीन (35), विशाल रमेश (26), अंशुल नंदा(19), प्रशांत बब्लू (20),थोगाटी बद्रीनाथ (24) तथा शिवा प्रसाद (25) का नाम शामिल है। आरोपी आकाश प्रवीन और विशाल रमेश सूरत गुजरात का, आरोपी अंशुल नंदा और प्रशांत बब्लू मंडला मध्य प्रदेश का, आरोपी थोगाटी और शिवा प्रसाद गुंटूर आन्ध्र प्रदेश के रहने वाला है।

आरोपियों को साइबर थाना सेन्ट्रल की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यम से आरोपी आकाश प्रवीन माडनका, विशाल रमेश भाई गेलानी को सूरत गुजरात से, आरोपी अंशुल नंदा व प्रशांत बल्लू विश्वकर्मा उनके गांव नैनपुर मंडला मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी आकाश प्रवीन से 1200 रुपये नगद व आरोपी विशाल रमेश से 1500/रु नगद बरामद किए गए । आरोपी थोगटी बद्रीनाथ को बैंगलोर से व आरोपी शिवा प्रसाद को गुंटूर आन्ध्र प्रदेश से काबू किया है। आरोपी थोगाटी बद्रीनाथ को पुलिस रिमांड के बाद जेल भेजा गया। आरोपी शिवा प्रसाद को गिरफ्तार कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग 7 मोबाइल फोन, एक डोगल तथा 4394 सिम कार्ड बरामद किए गए। फरीदाबाद के सेक्टर-81 के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा साइबर थाना सेन्ट्रल में 1 करोड़ 9 लाख 87 हजार 987 रुपए की शेयर मार्किट में मुनाफा कमाने के नाम पर ठगी की शिकायत प्राप्त हुई।

शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक चला रहा था जो एक फेसबुक पर उसके पास एक लिंक आया जिसको क्लिक करने पर उसका नम्बर एक ग्रुप से जोड़ा गया। जो शेयर मार्किट के नाम से था। जिस ग्रुप नें काफी लोग जुडे हुए थे। जो सभी अपना पैसा आरोपियो द्वारा दिए गए बैंक खातों में डालकर लगा रहे थे और काफी मुनाफा कमा रहे थे। जिसको देख कर शिकायतकर्ता ने 1 करोड़ 9 लाख 87 हजार 987 रुपए आरोपियो के खाते से लगवा दिए और ठगी का शिकार हो गया।

### फतेहाबाद: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में जिला जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रितु भाटिया के निदेर्शानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

जिले के विभिन्न 5 स्कूलों में डीपीई, पीटीआई व अन्य अध्यापकों को आयुष विभाग के योग स्पेशियलिस्ट, आयुष योग सहायकों व पतंजलि योग समिति के शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रोटोकॉल करवाया गया।

जिला योग समन्वय डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जिला स्तर के अलावा खंड स्तर पर भी इन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया।

जिला स्तर का आयोजन पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किया गया जिसमें आयुष योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा, पतंजलि योग शिक्षक चंद्र प्रकाश आयुष योग सहायक ज्योति रानी, जन्नत, सोनू रानी, शारदा, मनोज द्वारा प्रोटोकॉल प्रशिक्षण करवाते हुए सावधानियां व पूर्व में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में बताया। इस शिविर में योग साधकों ने भाग लिया।

आयुष योग सहायक प्रोटोकॉल नोडल अधिकारी अंबिका पांटा ने कहा कि लोग हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल तो बढ़ता ही है, साथ ही साथ योग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है। योर प्रोटोकॉल के तहत बुधवार को सूक्ष्म क्रियाएं ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, कपालभाति अनुलोम विलोम आदि क्रियाएं विस्तार पूर्वक करवाई गई। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयुष विभाग की ओर से भट्टूकलां के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पवन, पूनम, पूनम सूलीखेड़ा, राजेंद्र, सुखदेव सतबीर द्वारा योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें योग साधकों द्वारा भाग लिया गया।

भुना के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुरेश, साहिल, सुमित, सुदेश, गुरमीत योगाभ्यास करवाया गया, जिसमें योग साधकों ने भाग लिया।

# भोड़ा होशनाक गौशाला में रोजाना दम तोड़ रही है गायें, ग्रामीणों में रोष

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

एक तरफ जहां भीषण गर्मी में आमजन त्राहि-त्राहि कर रहा है, वहीं पशु-पक्षियों के लिए भी यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। जिले के गांव भोड़ा होशनाक में स्थित गौशाला में गौवंश की सही देखभाल न होने के चलते पिछले कई दिनों से लगातार गायों की मौत हो रही है। अब तक दर्जन से अधिक गायों की मौत होने से ग्रामीणों में काफी रोष है।

ग्रामीणों ने इस मामले में गौशाला प्रबंधक कमेटी पर गायों की सही से देखभाल न करने का आरोप लगाया है। गांव के सरपंच रमेश कुमार ने इस बारे जिला प्रशासन व हरियाणा गौशाला संघ से तुरंत सुध लेने और गायों की मदद के लिए तुरंत कदम उठाए जाने की मांग की है।

# अधिकारियों ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**निरीक्षण**

**▶▶ राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में बनाया जाएगा मीडिया सेंटर, दी जाएगी राउंड वाइज रिपोर्ट**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

फतेहाबाद के सहायक रिट्रनिंग अधिकारी एवं एसडीएम राजेश कुमार और सीटीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन परमेश सिंह ने बुधवार को चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में जिला के फतेहाबाद, रतिया, टोहाना विधानसभा सेगमेंट के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को




आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज में बनाये जाने वाले मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण किया। मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों को राउंड वाइज गणना की अपडेट देने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। सीटीएम एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन परमेश सिंह ने बताया कि स्ट्रांग रूम थ्री लेयर सुरक्षा में हैं। 24 घंटे पैरा मिलट्री व हरियाणा पुलिस के जवान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के नोडल अधिकारी लगाये गये है। जो शिफ्ट के अनुसार निरीक्षण कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सभी स्ट्रांग रूम के बाहर एलईडी लगाई गई है, जहां से अनुमति प्राप्त राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के प्रतिनिधि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा बारे जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान टेबल लगाने, एजेंट के बैठने, स्ट्रांग रूम से मशीनों को लाने आदि सभी जरूरी प्रबंधों की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना चार जून को सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी।उप-जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन परमेश सिंह ने स्ट्रॉग में सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कहा कि स्ट्रांग रूम के सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से काम करने चाहिए। मतगणना केंद्र में एक अलग से कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। जिसमें तीनों विधानसभाओं के मतगणना कार्यों का निरंतर अवलोकन होगा। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में अधिकारियों की ड्यूटी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि की बारीकी से जांच की और अधिकारियों को नियमों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से स्ट्रांग रूम में आने वाले आगंतुकों के रजिस्टर को चेक किया और निर्देश दिये कि इसमें समय अनुसार एंट्री होनी चाहिए।

# गौ तस्करी व हत्या के प्रयास में भगौड़ा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

गौ तस्करी व हत्या के प्रयास के मुकदमें में भगौड़े आरोपी को पुलिस चौकी सिकरौना की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी जमशेद(45) गांव टीकरी खेड़ा का रहने वाला है।

आरोपी को पुलिस चौकी सिकरोना इंचार्ज प्रदीप मोर ने की टीम ने वर्ष 2010 से गौ तस्करी के समय हत्या के प्रयास के मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2008 में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें आरोपी को कोर्ट



के द्वारा वर्ष 2010 में पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी को पुलिस टीम लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर रेड की थी। जहां पर पता चला की आरोपी तिहाड जेल में बंद है। आरोपी के संबंध में तिहाड जेल से जानकारी लेने पर पता चला की आरोपी वर्ष 2014 के हत्या, हत्या के प्रयास, लूट के थाना पुल प्रहलादपुर दिल्ली तिहाड जेल में बंद है। जिसको पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया गया है।

# पलवल: घर्रोट निवासी ने ग्राम सचिव को दिखाया तमंचा

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल में ड्यूटी के दौरान ब्लॉक कार्यालय में ग्राम सचिव के साथ गाली-गलौच कर सरकारी कागजों को फाड़ने और विरोध करने पर सचिव को कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। हथीन थाना पुलिस ने सचिव की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हथीन खंड के ग्राम सचिव जयभगवान ने दी शिकायत में कहा है कि वह 28 मई को शाम के करीब साढ़े चार बजे अपने कार्यालय में बैठकर काम कर रहा था।

# फतेहाबाद:कबाड़ की दुकान में वेल्डिंग सिलेंडर फटा, बाप-बेटे समेत तीन झुलसे



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के शहर रतिया में बुधवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में वेल्डिंग करने में प्रयोग होने वाला सिलेंडर फट गया, जिससे कबाड़ की दुकान में भयंकर आग लग गई। सिलेंडर फटने की आवाज सुनकर हडकंप मच गया और आस पड़ोस के लोग वहां इकट्ठा हो गए। आग की चपेट में आने से दुकान संचालक, उसका बेटा व एक अन्य व्यक्ति झुलस गए। तीनों को तुरंत नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से पिता पुत्र को गंभीर हालत के चलते अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन का सिलेंडर दुकान के बाहर ही पड़ा था और गर्मी के कारण उसमें ब्लास्ट हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार रतिया के बुडलाडा रोड पर बिरजू नाम का शख्स कबाड़ की दुकान चलाता है। दुकान पर आने वाले लोहे के सामान को काटने के लिए कटर और वेल्डिंग का सामान भी है। वेल्डिंग में प्रयोग होने वाले ऑक्सीजन दुकान के बाहर रखा हुआ था। सिलेंडर में एक दम से ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। उस समय दुकान में बिरजू, उसका पुत्र व एक अन्य रविंद्र नामक शख्स मौजूद थे, तीनों आग से झुलस गए। ब्लास्ट व आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। रविंद्र ने बताया कि वह तीनों दुकान में बैठे थे और बाहर सिलेंडर पड़ा था। अचानक ही उसमें आग लगी और ब्लास्ट हो गया। आशंका जताई जा रही है कि गर्मी के चलते यह घटना हुई।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मी को लूटने के मामले में दो गिरफ्तार

**पूछताछ**

**▶▶ आरोपितों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

तीन दिन पहले फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से नकदी व मोबाइल लूटने के बाद उसे यमुना नहर में धक्का देकर फरार होने के मामले में स्पेशल सेल की टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को आरोपितों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि




पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से तेजली स्टेडियम के पास सुनसान रास्ते पर वारदात की फिराक में खड़े हैं। इस पर पुलिस ने मौके से दोनों युवकों गिरफ्तार किया। पूछताछ में जिनकी पहचान चिट्टा मंदिर रोड शांति कॉलोनी निवासी शुभम व सलाम के नाम से हुई। आरोपितों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि 25 मई की रात को गांव फतेहपुर निवासी व बजाज फाइनेंस सेक्टर-17 में रिकवरी एजेंट विनीत कुमार फतेहपुर नहर पुल के पास लिफ्ट मांगने के बाद उसे लूट लिया था। तीन बदमाशों ने विनीत से मारपीट कर उससे सोने की अंगूठी, चेन, चांदी का कड़ा, मोबाइल और 11 हजार 500 रुपये लूट लिए और उसे नहर में धक्का देकर भाग गए थे।

पुलिस के अनुसार इस घटना में तीन बदमाश शामिल थे। तीसरा आरोपित किरण अभी फरार है। किरण ने ही विनीत से लिफ्ट लेकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपित शुभम व सलाम को आज कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

# फतेहाबाद:स्पेन से दोस्त बनकर किया कॉल, मदद के नाम पर साढ़े छह लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के गांव म्योंद कलां का एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। स्पेन से उसका दोस्त बनकर साइबर ठगों ने उसे फोन किया और उससे साढ़े 6 लाख रुपये हड़प लिए। इस बारे जब उसे धोखाधड़ी का पता चला तो उसने हैल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाई। बुधवार को साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात ठगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस को दी शिकायत में गांव म्योंद कलां निवासी लखविन्द्र सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। बीती 22 अप्रैल को उसके पास एक व्हाटसअप कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि वह स्पेन से मुकेश बोल रहा है। लखविन्द्र ने कहा कि उसका दोस्त मुकेश स्पेन में रहता है। उसे लगा कि वहां से उसका दोस्त मुकेश ही बोल रहा है। फोन करने वाले ने उससे कहा कि वह उसके खाते में 18 लाख 46 हजार रुपये भेज रहा है। जब वह भारत वापस आएगा तो उससे यह रुपये ले लेगा।

इसके बाद उसने उसे रुपये भेजने की 2 स्लीप भी भेजी। लखविन्द्र सिंह ने कहा कि इस पर उसने पैसे भेजने के लिए हां कर दी। कुछ देर बाद उसके पास उसी नंबर से दोबारा कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि उसके दोस्त की पत्नी बीमार हो गई है और वह ज्यादा सीरियस है। उसे इलाज के लिए 3 लाख रुपये की जरूरत है। उसने जो रुपये भेजे हैं, उसमें से वह 3 लाख रुपये उसके दोस्त के खाते में भेज दे। इसके बाद एक अन्य युवक ने फोन कर उसे केनरा बैंक का खाता दिया और 3 लाख रुपये ट्रांसफर करने को कहा। लखविन्द्र ने बताया कि उसने विश्वास करके 3 लाख रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए।

कुछ देर बाद उसका दोबारा फोन आया और उसने कहा कि उसकी पत्नी का आप्रेशन होना है इसलिए वह साढ़े 3 लाख रुपये ओर भेज दे। इस बार उसने एसबीआई का खाता दिया, जिसमें उसने साढ़े 3 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद दोबारा फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि उसकी पत्नी का देहांत हो गया है इसलिए वह उसके बचे हुए पैसे भी वापस भेज दें। इस पर उसे कुछ शक हुआ और उसके अपना बैंक खाता चैक किया तो पाया कि उसके खाते में कोई राशि नहीं आई थी। इस पर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला और उसने तुरंत इस बारे नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। अब साइबर क्राइम थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात ठगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में फरीदाबाद के आठ वर्षीय हियान छाबड़ा ने जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में (बच्चे और कैडेट) में फरीदाबाद के हियान छाबड़ा ने एक स्वर्ण और रजत पदक जीतकर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 22 मई से 26 मई तक श्री शिवाजी छत्रपति स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बालेवाड़ी पुणे में आयोजित हुई थी।

मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 4 के छात्र और सेक्टर-9 में रहने वाले आठ वर्षीय हियान छाबड़ा ने 7 से 9 आयु




वर्ग और 36 किलोग्राम से कम वर्ग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। हियान ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ह्यकिक लाइट इवेंटह्ल में स्वर्ण पदक और ह्यटीमह्ल इवेंट में रजत पदक जीता। यह हियान की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप थी। हियान और उनके परिवार ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच संतोष थापा सर और दिव्या मैम को दिया है। अब नेशनल के बाद हियान अब विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयार कर रहा है। यह प्रतियोगिता इसी अगस्त के आसपास हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित हो सकती है।

हियान को उसके दोस्तों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उसे उसकी उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आधी कैबिनेट ने जमाया बनारस में डेरा

### विपक्ष ने झोंकी ताकत, जीत-हार का अंतर बढ़ेगा या बदलेगा नतीजा?

**समीकरण**

**▸▸ विपक्ष के तमाम नेताओं ने बनारस में डेरा डाल दिया है। कोशिश है कि बनारस में पीएम को घेरा जाए**




**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** राजनीति का बड़ा दंगल बनारस में सज गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गंगा मां ने बुलाया था, अब प्रधानमंत्री कहते हैं कि उन्हें मां ने गोद ले लिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री के समर्थक कहते हैं कि उनका वाराणसी सीट से चुनाव हारने का सवाल ही नहीं है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री को बड़े अंतर से जीत दिलाने के लिए आधे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बनारस में डेरा डाल दिया है। उत्तर प्रदेश के बड़े भाजपा नेता भी जमे हुए हैं। दूसरी तरफ विपक्ष ने प्रधानमंत्री को चुनौती देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव के रोड-शो के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 28 मई को संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। पीएल पूनिया समेत विपक्ष के तमाम नेताओं ने बनारस में डेरा डाल दिया है। विपक्ष की कोशिश है कि बनारस में प्रधानमंत्री को घेरा जाए। संजय सिंह कहते हैं कि बनारस में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस जयशंकर से लेकर तमाम नेता डटे हैं। प्रधानमंत्री के चुनाव संयोजक सुरेन्द्र नारायण ने ने पूरी ताकत लगा दी है। संजय कहते हैं कि आज प्रचार में रामायण सीरियल के राम और मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल भी प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री सुनील बंसल अपने हिसाब से प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश और देश के हर हिस्से के लोगों को ध्यान में रखकर प्रचार की योजना बनाई गई है। संजय सिंह कहते हैं कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री भी पूरा समय दे रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा सांसद मनोज तिवारी समेत तमाम नेता प्रचार में लगे हैं। संजय कहते हैं कि जीत तो प्रधानमंत्री की पक्की है, लेकिन यह नहीं कह सकते हैं कि इस बार जीत का अंतर कितना होगा? अभय शंकर तिवारी बनारस में सामाजिक संगठन चलाते हैं। अभय का कहना है कि उत्तर प्रदेश में लखनऊ और बनारस की सीट पर भाजपा की जीत पर किसी को संदेह नहीं होगा, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री को थोड़ा मन से चुनाव लड़ना पड़ सकता है। क्योंकि बनारस का जातिगत समीकरण इस बार थोड़ा पेंचीदा हो रहा है। अभय शंकर कहते हैं कि यादव, मुस्लिम समाज पूरी तरह से एकजुट है। भूमिहार क्षत्रिय, ब्राह्मण, चौरसिया, कुर्मी, कोइरी, पटेल और बनिया का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा भी छिटक रहा है। इसके कई छोटे-छोटे कारण हैं। विनोद कुमार दूबे को बनारस की राजनीति करते और देखते करीब 40 साल से अधिक हो गए। चर्चा में साफ कहते हैं कि रजऊ ई बनारस हवे। सब बाबा विश्वनाथ क खेला बा। 01 जून के देखल और 04 जून के समझल जाई।

**क्या है बनारस का जातिगत गणित?**

**बनारस** में करीब 19.62 लाख मतदाता हैं। मतदाताओं में पुरुष 10 लाख 65 हजार 485 हैं। महिलाएं 8 लाख 27 हजार 328 हैं। 52 हजार 157 युवा पहली बार वोट देंगे। वैसे बनारस की आबादी में सबसे अधिक 14.71 लाख के करीब हिन्दू, चार लाख के करीब मुसलमान और एक लाख के करीब अन्य धर्म के लोग हैं। दो लाख वोटर कुर्मी समाज के तो इतने ही वैश्य समाज के हैं। एक लाख से अधिक भूमिहार और तीन लाख के करीब ब्राह्मण हैं। तीन लाख के करीब ओबीसी के मतदाता हैं।

## सिर्फ झूठ बोलकर जनता को भ्रम में रख रही कांग्रेस : मोहन



**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबगंज (झारखंड):** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राजमहल के बालू मैदान में आयोजित जनसभा में लोगों से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलकर भारत की जनता को भ्रम में रखी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि न खाउंगा, न खाने दूंगा। वे करप्शन खत्म करने पर लगे हुए हैं। वे खुद ऐसे स्वभाव के हैं कि पूरी तनख्वाह अपने साथ के कर्मचारियों के बीच बांट देते हैं। मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पक्के मकान बनवा कर देंगे। आज इंडी

**समर्थन मांगा**

**▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि न खाउंगा, न खाने दूंगा। वे करप्शन खत्म करने पर लगे हुए हैं : सीएम**

गठबंधन में पूर्व के नेताओं के बच्चे चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी के परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ गरीब लोगों के घरों में उजाला हुआ है। वे गरीबी की दुनिया से बाहर निकाले गए हैं। नरेन्द्र मोदी देश की जनता को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### बड़े हादसे का शिकार होने से बची वंदे भारत ट्रेन

**मुरैना**

**भोपाल** के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार को मुरैना के पास बड़े हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गई। मुरैना रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। इसके बाद जोरदार धमाका हुआ। इस घटना के बाद करीब 40 मिनट तक वंदे भारत एक्सप्रेस मुरैना स्टेशन के पास खड़ी रही। इस दौरान यात्री परेशान होते रहे। हादसा बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हुआ। ट्रेन अपने तय समय से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह 5:40 बजे रवाना हुई और झांसी, ग्वालियर होते हुए ट्रेन करीब 10.10 बजे मुरैना रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी, तभी वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। उसके टकराते ही एक जोरदार धमाका हुआ और ट्रेन रुक गई। इस धमाके से ट्रेन में बैठे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुरैना स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारी, पुलिस और तकनीकी अमला मौके पर पहुंच गया। घटना के कारणों का पता लगाया गया। मौके पर पहुंचे तकनीकी स्टाफ ने पूरी ट्रेन की जांच की। उन्हें वेल्डिंग बेल्ट दिखाई दिया। उन्होंने उसे हटाया और पूरी गाड़ी की जांच की। तकनीकी स्टाफ ने हर जगह जांच की, जहां उन्हें गड़बड़ी का अंदेशा था। इस वजह से ट्रेन को उसी जगह 40 मिनट खड़ा किया गया। तकनीकी स्टाफ जब संतुष्ट हो गया कि अब आगे कोई गड़बड़ी नहीं होगी, तब जाकर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### गहलोत की सेहत बिगड़ी, अचानक सारे कार्यक्रम रद्द कर पहुंचे जयपुर

**जयपुर**

**पूर्व मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत स्लिप डिस्क से पीड़ित हो गए है। इस समस्या के कारण बुधवार को उन्होंने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता और गढ़शंकर में प्रस्तावित रैली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। वे जयपुर लौट आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज मेरी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता एवं गढ़शंकर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पब्लिक रैली प्रस्तावित थीं। इसके लिए कल शाम को चंडीगढ़ पहुंच गया था परन्तु कल रात से स्लिप डिस्क संबंधी परेशानी होने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर सारे कार्यक्रम रद्द करते हुए वापस जयपुर आना पड़ा है। मेरी पंजाब के सभी मतदाताओं से अपील है कि किसानों एवं सैनिकों के सम्मान,

## देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा: शशि थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**

धर्मशाला: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है। देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है। यह भाजपा नेताओं की मंशा से लगता है। कांग्रेस नेता शशि थरूर बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। शशि थरूर ने इलेक्ट्रोल बांड पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इससे



भाजपा की सच्चाई जनता के सामने आई है। थरूर ने कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा भी इसीलिए दे रही है कि चार सौ से अधिक सांसद यदि उनके पास होंगे तो उन्हें संविधान में बदलाव करने के लिए किसी को पूछना नहीं पड़ेगा, लेकिन भाजपा की मंशा पूरी होने वाली नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले दो तीन चरणों में जिस तरह मतदान हुआ है उससे ही स्पष्ट हो गया है कि भाजपा चार सौ क्या, दो सौ पार भी नहीं जाएगी।

**निशाने पर**

**▸▸ देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है**

### सात माह बाद जेल से रिहा हुई तजीन फात्मा

**रामपुर:** अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र के मामले में हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा की बुधवार को रिहाई हो गई। इसका परवाना दोपहर को जेल में पहुंच गया था।

## भारत को भय, आतंकवाद, भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे: गडकरी

**चमन शर्मा/राजन पुरी/ श्याम कुल्वी**

**शिमला/ऊना/आनी:** केन्द्रीय सडक, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गत दिवस को हिमाचल में ऊना व आनी दो जनसभाओं को संबोधित किया व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा यह चुनाव कांग्रेस व भाजपा का भविष्य के फैसले का चुनाव नही बल्कि सही अर्थ में देश व देश की जनता के भविष्य का चुनाव है और यह निर्णय जनता को करना है कि कौन सी पार्टी कौन सा नेता आपके भविष्य के लिए काम कर सकता है देश के 60 साल कॉंग्रेस को सरकार चलाने का मौका दिया था उन्होंने मात्र गरीबी हटाओ का नारा दिया पर धरातल पर कुछ काम नही किया। देश के दो मुख्य क्षेत्र है खेती और उद्योग जोकि बिना पानी,



**वोट की अपील**

**▸▸ 60 साल में कांग्रेस ने जो नहीं किया वह हमने 10 साल में पूरा करके दिखाया: नितिन गडकरी**

बिजली व संचार साधनों के बिना नही चल सकते है उद्योग के बिना कोई रोजगार नही हो सकता 60 सालों में कृषि क्षेत्र में कॉंग्रेस ने कुछ भी विकास नही किया भारत में 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते है और बाकी शहरों में लोगों का पलायन शहरों में इसलिए हुआ क्योंकि गाँव में बेरोजगारीए भुखमरी थी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव था इसलिए मोदी सरकार ने निर्णय किया कि देश में ग्रामीण स्तर पर उद्योगों का विकास करना होगा जिसके लिए पानी, बिजली, सडकों व संचार सुविधाओं को ठीक करना प्राथमिक कार्य होगा। हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है इसलिए यहाँ सडकें बनाना मुश्किल कार्य है, परंतु हमने हिमाचल में बड़े स्तर पर सडकें बनाने का कार्य किया है।

## मणिशंकर के 'चीन के हमले पर' दिए गए बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर एक बार फिर से अपने बयानों को लेकर चर्चा में है। उनके इस बार के बयान के बाद जब बवाल खड़ा हो गया तब कांग्रेस को उनके बयान से किनारा करना पड़ा। मणिशंकर अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए 'गलती से' 'कथित' शब्द का इस्तेमाल किया था।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है, "मणिशंकर अय्यर कौन हैं? वह कोई अधिकारी नहीं हैं, वह एक पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री हैं। वह अपनी निजी हैसियत से जो चाहते हैं, बोलते हैं। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। जयराम रमेश ने आगे कहा है कि मीडिया, भाजपा की ट्रोल आर्मी और सोशल मीडिया इसे चलाते रहते हैं। उनका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर सांसद भी नहीं हैं, पूर्व सांसद हैं। हालांकि कांग्रेस की प्रतिक्रिया आज बुधवार को आई। इसके पहले मणिशंकर अय्यर माफी भी मांग चुके थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब' में एक किस्सा सुनाते हुए कहा था कि, अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया।

पहले भी अपनी टिप्पणियों से विवादों को जन्म दे चुके अय्यर ने यह टिप्पणी एक पुस्तक ह्यह्यनेहरूज फर्स्ट रिक्रूट्स" के विमोचन के मौके पर की थी। जिसका वीडियो मंगलवार को ही वायरल हो गया था।

**अलग-थलग**

**▸▸ मणिशंकर अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए 'गलती से' 'कथित' शब्द का इस्तेमाल किया था**

## सीएम शिंदे ने संजय राउत को भेजा कानूनी नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** लोकसभा चुनाव में पैसे का उपयोग करने का आरोप लगाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को बुधवार को कानून नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सीएम शिंदे ने कहा है कि अगर संजय राऊत तीन दिन में माफी नहीं मांगते तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संजय राऊत ने शिवसेना के मुखपत्र में लिखा था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर पैसे का उपयोग किया है। मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगी दल अजीत पवार के उम्मीदवारों को पराजित करने के लिए बहुत पैसे खर्च किए हैं। इसी कारण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राऊत को नोटिस भेजकर कहा है कि तीन दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगें या कानूनी कार्रवाई का सामना करें। नोटिस में कहा गया है कि आपके और मुखपत्र के खिलाफ आपराधिक और दीवानी मामला दर्ज किया जाएगा। इसके बाद संजय राऊत ने ट्विट कर कहा कि असंवैधानिक मुख्यमंत्री शिंदे ने मुझे कानूनी नोटिस भेजा है। उनकी नोटिस उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी है, वे पीछे हटने वाले नहीं है।

## केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय : कल्पना

**टीम एक्शन इंडिया**

**जामताड़ा:** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय है। भाजपा ने जिस तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया उसी तरह जनता भी इस बार इंडी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी। कल्पना सोरेन जामताड़ा के वेना मैदान में बुधवार को दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने नलिन के लिए वोट भी मांगे।कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देंगे। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है। चुनाव का परिणाम साफ हो गया है। जनता ने इस बार इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है।

## डूंगरपुर के एक और मामले में आजम खां दोषी करार

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर:** रामपुर के डूंगरपुर बस्ती केस के एक और मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने फिर झटका दिया है। बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें इस मामले में दोषी करार दिया है। सजा कल बृहस्पतिवार को सुनाई जाएगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में अलग-अलग 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में सपा नेता को सात साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खां व ठेकेदार को दोषी करार दिया है। कोर्ट इस मामले में सपा नेता आजम खां व ठेकेदार बरकत अली को कल सजा सुनाएगा। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसमें आरोप लगाया था कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम ने छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा।



**झटका**

**▸▸ फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खां व ठेकेदार को दोषी करार दिया**

## उपराष्ट्रपति बाबा नीम करौली महाराज के करेंगे दर्शन





**देहरादून:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार (30 मई) को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति सर्वप्रथम नैनीताल स्थित नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचेंगे। कैंची धाम के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और शिक्षक वर्ग से संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। उपराष्ट्रपति तय कार्यक्रम के मुताबिक 30 मई को बरेली हवाई अड्डे से हल्द्वानी स्थित आर्मी हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां कार के जरिए सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर बाबा नीम करौली के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचेंगे। बाबा नीम करौली के दर्शन के बाद उप राष्ट्रपति पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। विश्वविद्यालय में शिक्षकों के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

**बड़े वाहन का प्रवेश रहेगा बंद:** उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है। सुबह छह बजे से वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त बड़े वाहन का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

**नीम करौली के चमत्कारों की देश-विदेश तक ख्याति:** बाबा नीम करौली के चमत्कारों की ख्याति देश-विदेश तक पहुंची है।

**बाबा के दर पर**

**▸▸ कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है**

**दावा** आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है।

## जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई स्वर्ग बन चुका है: मनोज सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मऊ:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को नागरिक अभिनंदन समारोह में कहा कि जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई में स्वर्ग बन चुका है। आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है।

मनोज सिन्हा उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के एक प्लाजा में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन मां वैष्णो देवी यात्रा समिति ने किया था। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिन इलाकों में पहले 5 से 7 प्रतिशत मतदान होते थे वहां अब 57 से 58 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे अब आप वहां महसूस करेंगे कि वाकई अब वह स्वर्ग बन चुका है। सिन्हा ने कहा कि यह बदलाव केवल जम्मू-कश्मीर नहीं बल्कि पूरे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि चार साल पूर्व उनको जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी मिली। पहले मुझे यह कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण लगा। मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे यहां जाना पड़ सकता है लेकिन बाद में जब मैंने वहां के बारे में जाना व समझा, आज समझ में आता है कि वहां का कार्य मऊ और गाजीपुर में कार्य करने से भी ज्यादा आसान है। जो जम्मू-कश्मीर पहले कुछ और कर्म से सुर्खियों में होता था, पड़ोसी देश के इशारे पर आगजनी, गोलाबारी, सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी, स्कूल बाजार हड़ताल इत्यादि हुआ करते थे, आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना पहचाना जाने लगा है। उपराज्यपाल सिन्हा ने भारत के वैभवशाली अतीत का जिक्र कर कहा कि भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। सोने की चिड़िया से तात्पर्य यह नहीं है भारत में सोने की खदान थे बल्कि यहां के उच्च कोटि के शिक्षण संस्थान, ज्ञान, संस्कृति, संस्कार व शिक्षा ही हमारे मूलभूत आधार थे।

हमारी संस्कृति विश्व में सबसे अगली कतार में खड़ी रही। हम नेतृत्वकर्ता के रूप में रहे, जिसके चलते भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। बीच में अलग-अलग विचारधाराओं की लड़ाई व आक्रांताओं के चलते हमने अपना गौरव खो दिया था। आज भारत पुनः अपनी पुरानी स्थिति की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

सिन्हा ने कहा कि आज भारत स्टार्टअप के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। दुनिया के किसी भी क्षेत्र में युद्ध में लोग आशा भरी निगाहों से हमें देखते हैं, समाधान हमसे चाहिए। इराक या सूडान में जब भारतीय संकट में थे, भारतीय विमान उतरते ही दोनों देश युद्ध विराम कर देते थे।



**जमीन पर काम**

**▸▸ शिक्षा ही हमारे मूलभूत आधार थे। हमारी संस्कृति विश्व में सबसे अगली कतार में खड़ी रही**